आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर


संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 168 | उज्जैन, शुक्रवार 03 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

काकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन, 13वें दिन जंतर-मंतर पर बवाल, पुलिस और सीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

## महापुरुषों की किताबें फेंकने और छात्रों से मारपीट का आरोप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा काकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन 13वें दिन बृहस्पतिवार को बेहद तनावपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। आंदोलन स्थल पर उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस पर छात्र के साथ मारपीट करने व देश के महापुरुषों की किताबों का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया।




कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक और आंदोलन के मुख्य आयोजक अभिजीत दीपके ने मंच से दिल्ली पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब आंदोलन स्थल पर छात्रों द्वारा पढ़ने के लिए टेबल पर बनाई गई एक अस्थायी लाइब्रेरी को हटाने के दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। पीड़ित युवक की बात सुनने के बाद अभिजीत दीपके का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मंच से दिल्ली पुलिस पर जमकर निशाना साधा। दीपके ने आक्रोशित लहजे में कहा कि दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी आज आंदोलन स्थल पर आकर सरेआम किताबें फेंक रहे हैं। ये अधिकारी शायद भूल गए हैं कि वे खुद भी इन्हीं किताबों को पढ़कर और परीक्षाएं पास करके इस पद तक पहुंचे हैं, भाजपा की सदस्यता लेकर नहीं। आज वे उन्हीं किताबों का अपमान कर रहे हैं जो ज्ञान का प्रतीक हैं। अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया एक्स और मंच से सीधे हमला बोलते हुए कहा कि एसीपी और उनकी टीम ने आंदोलन स्थल पर छात्रों द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी को जबरन हटा दिया। इस दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज व शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसी महान विभूतियों की किताबों को कचरे की तरह फेंक दिया गया और लाइब्रेरी सेटअप करने वाले छात्रों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

### वर्दी उतारकर भाजपा में शामिल हो जाएं पुलिस अधिकारी

मंच से बोलते हुए अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस के रवैये पर राजनीतिक पक्षपात का आरोप भी लगाया। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि पुलिस के कुछ अधिकारी कानून व्यवस्था संभालने के बजाय भाजपा के कार्यकर्ताओं की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आपको राजनीति ही करनी है, तो सरकारी वर्दी उतार दीजिए और आधिकारिक तौर पर बीजेपी ज्वाइन कर लीजिए। फिर सीधे मैदान में आकर हमें हटाने की कोशिश कीजिए। इस घटना के बाद पूरे प्रदर्शन स्थल पर दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू हो गई।

## देश विदेश

### बिहार-मप्र और गुजरात की 3 सीटों पर उपचुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने तीन राज्यों की खाली विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल फूंक दिया है। इसके लिए पूरा कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की एक-एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। इन तीनों सीटों पर 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को चुनावी नतीजे घोषित किए जाएंगे। आयोग ने चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। आइए विस्तार से जानते हैं कि यह उपचुनाव किन सीटों पर हो रहा है और वहां चुनाव कराने की नौबत क्यों आई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, तीन अलग-अलग राज्यों की 3 सीटों पर मतदान होना है। इनमें मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट, बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट और गुजरात की मांजलपुर विधानसभा सीट पर मतदान होगा।

### यूपी पुलिस में धड़ाधड़ तबादले 125 डिप्टी एसपी इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में ताबड़तोड़ फेरबदल किए गए हैं। गुरुवार को एक साथ 125 डिप्टी एसपी अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। इनमें वो सभी अधिकारी शामिल हैं, निरीक्षक से डिप्टी एसपी के पद पर प्रमोशन दिया गया है। जारी तबादला सूची के अनुसार विभिन्न जनपदों, पुलिस कमिश्नरेट, पीएसी, एटीएस, रेलवे पुलिस तथा अन्य इकाइयों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस व्यापक तबादले का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना और प्रशासनिक कार्यों में गति लाना बताया जा रहा है। शासन के आदेश के बाद सभी स्थानांतरित अधिकारियों को शीघ्र नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पीएम मोदी बोले- ताकाइची छोटी बहन और दूरदर्शी

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच आज अहम द्विपक्षीय समझौते हुए। दोनों देशों के बीच हुए वार्षिक सम्मेलन के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अलावा फार्मा सेक्टर से जुड़े समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त प्रेस वार्ता भी की। अपनी गर्मजोशी और प्रधानमंत्री पद से इतर इंसानी रिश्ते के लिए दुनियाभर में मशहूर पीएम मोदी ने जापानी समकक्ष को अपनी छोटी बहन बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 'मेरी छोटी बहन, प्रधानमंत्री सनाए तकाइची, दोनों प्रतिनिधिमंडलों के सम्मानित सदस्य, मीडिया के सदस्य, नमस्कार और कोनिचिवा इसका मतलब जापानी भाषा में हैलो होता है।

### कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट पर बोले दिलजीत दोसांझ



#### मैं केवल एक कलाकार हूं, नेता नहीं

**मुंबई।** सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया पर एक लाइव सेशन के दौरान दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ किया है कि वे एक कलाकार हैं और उनका राजनीति या किसी भी तरह के प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिलजीत ने फैंस से अपील की है कि उन्हें इन मामलों से दूर रखा जाए। कॉकरोच जनता पार्टी पिछले कुछ समय से नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। दिलजीत दोसांझ ने बुधवार शाम को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से फैंस के साथ लाइव बातचीत की। इस दौरान एक फैन ने उनसे दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन को लेकर उनकी राय मांगी। इस सवाल का जवाब देते हुए दिलजीत ने कहा, जंतर मंतर कहां है प्रदर्शन के लिए? भाई, मुझे प्रदर्शन जैसी चीजों से दूर ही रखो। मैं एक कलाकार हूं, मैं कोई नेता नहीं हूं।

### मुंबई के मैनहोल में गिरे एक और शख्स की मौत

**मुंबई।** मुंबई से एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है। आज साकीनाका पुलिस स्टेशन के इलाके में खुले मैनहोल में एक वरिष्ठ शख्स गिर गया। पुलिस और स्थानीय राहत-बचाव कार्य एजेंसियां शव की तलाश में जुटी हैं। खबर लिखे जाने तक ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने बताया कि साकीनाका के खैरानी रोड पर पानी की निकासी वाली ग्रिल की मरम्मत का काम चल रहा था। काम के दौरान, साकीनाका के यादव नगर में रहने वाले 60 साल के असलम इसाक शेख नाम का एक पैदल यात्री गलती से खुले पड़े मैनहोल में गिर गया। इस हादसे से पहले भी बृह्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के क्षेत्राधिकार वाले इलाके में एक शख्स मैनहोल में गिरकर अपनी जान गंवा चुका है। यह मुद्दा राज्य विधानसभा में भी उठाया गया था।

### एस. श्रीसंत से हटाया गया तीन साल का लगा प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने उन पर लगाया गया तीन वर्ष का प्रतिबंध वापस लेने का फैसला किया है। संघ की विशेष आम सभा की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। केसीए ने बताया कि श्रीसंत द्वारा संगठन के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर बिना शर्त माफी मांगने और खेद व्यक्त करने के बाद प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया है। केरल क्रिकेट संघ की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, विशेष आम सभा की बैठक में श्रीसंत की ओर से भेजे गए बिना शर्त माफीनामे पर विस्तार से विचार किया गया। बैठक में सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई कि चूंकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बनने का आश्वासन दिया है, इसलिए उन पर लगाया गया प्रतिबंध समाप्त किया जाना उचित होगा।

## पत्थर खदान में चट्टान गिरने से 7 की मौत

### हादसे के समय 17 लोग काम कर रहे थे, दिहाड़ी मजदूर थे सभी मृतक

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में गुरुवार सुबह पत्थर खदान ढहने से 7 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। शुरूआत में पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी थी कि सभी मृतक बिहार के रहने वाले हैं। लेकिन, बाद में स्पष्ट किया गया कि 5 मजदूर मध्य प्रदेश, एक छत्तीसगढ़ और एक कर्नाटक के यादगीर का रहने वाला था।

घटना के दौरान 17 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, साउथ तालुक इलाके में मौजूद कावेरी क्रशर कंपनी की खदान में खनन चल रहा था। इसी दौरान 40 फीट ऊंचाई से चट्टान का बड़ा टुकड़ा मजदूरों पर आ गिरा। हादसे में 5 मजदूर भी घायल हो गए। पांचों खतरे से बाहर हैं। सभी मृतक व घायल दिहाड़ी मजदूर थे और वहां स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे।



#### पहाड़ी का हिस्सा कुछ ही सेकंड में ढह गया

एक्सकेवेटर चला रहे परशुराम ने बताया कि काम शुरू करने के लिए जैसे ही मौके पर पहुंचे और मशीन चालू की, तभी पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मैं पक्के तौर पर नहीं कह सकता, लेकिन उस समय नीचे करीब 18 लोग काम कर रहे थे। हादसा इतना अचानक हुआ कि मजदूरों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। मलबे में दबे 4 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

**मृतकों के परिवार को 10-10 लाख की सहायता राशि-** खदान मालिक ने मुआवजा देने पर सहमति जताई है। खान एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारी रंगप्पा ने बताया कि उन्होंने खदान मालिक से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये देने के लिए कहा, जिस पर उसने सहमति दे दी है।

**खनन गतिविधियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगेः सीएम-** मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि राज्य में खनन गतिविधियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार हादसा ब्लास्टिंग से नहीं, बल्कि मिट्टी के खिसकने के कारण हुआ है। विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मणिपुर में 20 घर जलने पर राहुल ने केंद्र को घेरा

एजेंसी ▸▸ मणिपुर

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में 20 घर जलाए गए और हिंसा लगातार जारी है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को मणिपुर की ताजा त्रासदी पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राज्य में नफरत और हिंसा की आग में कम से कम 20 घर जल गए हैं। एक एक्स पोस्ट में उन्होंने एक समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र की आलोचना की।

## बद्रीनाथ-केदारनाथ के रास्ते में पत्थर गिरे, कई गाड़ियां फंसीं

एजेंसी ▸▸ रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में मानसून के बाद भारी बारिश जारी है। गुरुवार को रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे हैं। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।

महाराष्ट्र में भी तेज बारिश जारी है। मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में रेड अलर्ट है। मुंबई में पिछले 24 घंटे में 172 बारिश हुई है। बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ने गुरुवार दोपहर समुद्र में करीब 15 फीट ऊंची लहरें उठने की चेतावनी दी है। लोगों को समुद्र से दूर रहने की



सलाह दी गई है। तेज बारिश के बीच गुरुवार को साकीनाका इलाके में एक शख्स की खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। मानसून ने गुरुवार को 7 दिन की देरी से राजस्थान और 5 दिन की देरी से दिल्ली में एंट्री ली। दिल्ली में सुबह से ही तेज बारिश हो रही। राजस्थान के जयपुर-दौसा समेत 25 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

## टीएमसी के बागी गुट का दावा- पार्टी का सिंबल हमारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। विधायकों ने पार्टी में हुए संगठनात्मक बदलावों और नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी को मान्यता देने की मांग की।

मुलाकात के बाद बागी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी ने कहा- हम ही असली टीएमसी हैं, चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी। उम्मीद है वे जल्द फैसला लेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में ही 22 जून को कोलकाता में प्रतिनिधि बैठक हुई थी। इसमें नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया था। 29 दिन पहले 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को टीएमसी के 80 में से 58 विधायक ममता बनर्जी के नेतृत्व से अलग हो गए थे। इसके अलावा 15 जून को टीएमसी के 20 सांसदों ने भी पार्टी छोड़कर त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में विलय कर लिया था। 20 जून 2022 को महाराष्ट्र में शिवसेना के 55 में से 40 विधायक एकनाथ शिंदे के साथ गए। तब उद्धव सीएम थे। राज्यपाल ने उन्हें फ्लोर टेस्ट को कहा था।

भोपाल में बारिश, दमोह में बाढ़ जैसे हालात, 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## सतना में गर्ल्स स्कूल में गिरा पेड़ा, 2 युवतियां दबीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में गुरुवार को भोपाल समेत 8 जिलों में तेज बारिश हुई। आंधी-बारिश के बीच सतना में महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल में एक बड़ा पेड़ गिर गया। 2 युवतियां मलबे में दब गई। एक बाइक और बाउंड्री के किनारे लगा स्ट्रीट फूड का ठेला भी पेड़ और मलबे की



चपेट में आ गया। इधर, मध्य प्रदेश के इंदौर में बारिश में कार नाले में गिर गई। सीहोर में बारिश के तेज बहाव में बाइक भी बह गई।

मानसून ने गुरुवार को पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर लिया। पांढुर्णा, सीहोर, रतलाम, ग्वालियर, रीवा और दमोह में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। दमोह में नदी-नाले ऊफान पर हैं। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। प्रदेश में मानसून की एंट्री 24 जून को हुई थी। इस तरह मानसून ने 9 दिनों में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया।

## इंडियन नेवी ने समुद्री लुटेरों का हमला किया नाकाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस त्रिकंड ने बुधवार रात अदन की खाड़ी में एक व्यापारी जहाज पर समुद्री लुटेरों के हमले की कोशिश नाकाम कर दी। जहाज एमवी गोल्डन अर्सेलन पर एक भारतीय चालक दल का सदस्य भी मौजूद था और यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कार्गो लेकर आ रहा था। नौसेना के पहुंचते ही समुद्री लुटेरे मौके से फरार हो गए। इसके बाद मार्कोस कमांडो ने जहाज पर चढ़कर उसे पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया। समुद्री लुटेरों ने जहाज पर चढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद चालक दल के सदस्यों ने संचार माध्यम के जरिए अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही मिशन पर तैनात आईएनएस त्रिकंड मौके पर पहुंचा। युद्धपोत को आते देख लुटेरे भाग निकले। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही समुद्री डाकुओं ने जहाज पर कब्जा करने की कोशिश की, क्रू मेंबर्स ने खुद को एक सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने तुरंत रेडियो कम्युनिकेशन चैनल के जरिए भारतीय नौसेना को इस हमले की जानकारी दी और मदद मांगी। सूचना मिलते ही मिशन पर तैनात आईएनएस त्रिकंड मौके पर पहुंचा। युद्धपोत को आते देख लुटेरे भाग निकले।

## एनडीए का मिशन 360, अब डीएमके एनसीपी और सपा में सेंध की तैयारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार सियासी तस्वीर बदलने के लिए मिशन 360 में जुटे हैं। 17 अप्रैल को महिला आरक्षण व परिसीमन से जुड़े बिल पर लोकसभा में झटका लगने के बाद ही भाजपा ने संसद में दो-तिहाई बहुमत जुटाने की रणनीति तेज कर दी थी।

पार्टी का फोकस केवल इसी विधेयक तक सीमित नहीं बल्कि एक देश-एक चुनाव और न्यायिक सुधारों जैसे बड़े संवैधानिक बदलावों के लिए जरूरी सुपर मेजोरिटी हासिल करने पर है। इसके लिए भाजपा विपक्षी दलों में टूट, नए सहयोगी जोड़ने और जरूरत पड़ने पर मतदान के समय विपक्ष की गैरहाजिरी जैसे विकल्पों पर नजर रखे है। इसे संसद के मानसून सत्र तक पूरा करने का टारगेट है। हाल ही में टीएमसी के 20 सांसदों के अलग होकर एनडीए को समर्थन करने और शिवसेना (उद्धव) के 6 सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद इस कयास को और बल मिल गया है। हालांकि इस जोड़तोड़ के बावजूद दो-तिहाई बहुमत के लिए 41 और सांसदों की जरूरत है। इसके लिए भाजपा की निगाह अब सपा, डीएमके, एनसीपी (शरद) जैसे दलों पर की है। महाराष्ट्र भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि शरद पवार के 8 सांसदों में उनकी बेटी सुप्रिया सुले के अलावा बाकी 7 भाजपा के साथ हैं। हालांकि, सरकार बिलों के संबंध में सभी दलों से बात कर रही है।

## यूपी टीईटी- परीक्षा छूटी, तो रोने लगी छात्रा

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

यूपी शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का गुरुवार को पहला दिन था। दोनों शिफ्ट की परीक्षा खत्म हो गई। इससे पहले सेंटर्स में एंट्री से पहले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की गई। बायोमेट्रिक मिलान और रेटिना स्कैन किया गया। गोरखपुर में महिला अभ्यर्थियों की चूड़ी, पायल, हेयरपिन, सोने की चेन उतरवा दी गई। इसके बाद उन्हें एंट्री दी गई। पुरुष अभ्यर्थियों के गमछे, टोपी और बेल्ट बाहर रखवा लिए गए। शर्ट के फोल्ड हैंड को खुलवाकर ही अंदर जाने दिया गया। हाथरस में लड़कियों के बाल के जूड़े तक खुलवा दिए गए। हाथरस के बागला डिग्री कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर 10 अभ्यर्थियों को देर से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। इस पर एक महिला अभ्यर्थी रोने लगी। बोली- ट्रैफिक जाम में फंसने से 2 मिनट लेट हो गई। प्रयागराज में जूते-मोजे उतरवाकर चेकिंग हुई।




## बीजेपी को न चढ़ावा मिलेगा, न वोट : अखिलेश

### 2027 चुनाव को लेकर कहा- नवंबर की जगह सितंबर में ही करा दें, हम तैयार हैं

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में भाजपा सरकार पर निशाना साधा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा विवाद को लेकर सरकार और ट्रस्ट की भूमिका पर सवाल उठाए।

इसके साथ ही कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता और 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भी सरकार को घेरा। इस दौरान अयोध्या के 'मंदिर राम निवास' के पंच प्रमुख हरिशंकर साफरीवाला भी मौजूद रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके मंदिर पर जबरन कब्जा किया गया। मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब नहीं दिया गया। शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

#### चढ़ावे का हिसाब जनता को मिलना चाहिए- अखिलेश

हरिशंकर साफरीवाला के आरोपों का समर्थन करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान राम के नाम पर मिलने वाले चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोप बेहद गंभीर हैं। श्रद्धालुओं के दान का पूरा हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि अगर आस्था से जुड़े मामलों में भी पारदर्शिता नहीं होगी तो लोगों का भरोसा टूटेगा। इस मुद्दे का असर चुनाव में भी दिखाई देगा और इस बार भाजपा को न चंदा मिलेगा, न चढ़ावा और न वोट। अखिलेश ने कहा कि अगर सरकार 2027 का विधानसभा चुनाव तय समय से पहले कराना चाहती है तो समाजवादी पार्टी इसके लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, जो लोग नवंबर में चुनाव कराना चाहते थे, वे सितंबर में ही करा दें, हम तैयार हैं।



#### थाना-पुलिस सरकार के इशारे पर काम कर रही

सिद्धार्थनगर में संदीप यादव की हत्या और कौशांबी की एक घटना का जिक्र करते हुए अखिलेश ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पुलिस निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि कई मामलों में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा और थाना-पुलिस पर राजनीतिक दबाव है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## तालाब से हालात

देर से ही सही मानसून का आगमन हुआ है और इसके साथ ही झमाझम बारिश भी हुई है। बारिश के दौर के साथ ही समस्याओं के मुंह फाड़ने की स्थिति भी सामने आने लगी है। जोरदार बारिश की स्थिति में समस्या सुरसा भी हो रही है। शहर में नालियों में जाम लगा होने से बारिश के दौर में पानी सड़कों पर ऐसे बहना शुरू हो जाता है जैसे सड़क न होकर कोई नाला ही बह रहा हो। यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि नाली किधर है और सड़क किधर है। सड़क पर पानी इतना भर जाता है कि उसमें सड़क कम और छोटी मोटी डबरी के हालात ज्यादा नजर आते हैं। जरा सी देर की बारिश में कुछ क्षेत्रों में तो घुटने-घुटने पानी भरना आम है। शहर के कुछ क्षेत्र तो मानों पुरातन काल से ही पानी भरने के स्थान की तरह हो चले हैं। गधा पुलिया के नीचे तो कमर-कमर तक पानी भरने की स्थिति बनने लगती है। नई सडक, एटलस चौराहा, कंगालपुरा ऐसे क्षेत्र हैं जहां कुछ देर की बारिश में ही पानी सडकों पर फैल जाता है और नाली पूरी सड़क तक बन जाती है। धीरे-धीरे यह स्थिति शहर के नए छोर में भी बनने लगी है। जरा देर की बारिश में ही अब तो फ्रीगंज के कुछ हिस्से भी इसी तरह से होते जा रहे हैं। शहीद पार्क से देवास रोड की और आने वाले मार्ग पर और उसके आसपास के क्षेत्र में नालियों के जाम की स्थिति से पूरा पानी सड़क पर फैलना आमबात होती जा रही है। एक तो सड़कों पर पानी भरना उपर से सिवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे बे-भरोसे के। ऐसे में बारिश के दौरान आवागमन करने वालों की मुसीबत ही रहती है। खुसूर-फुसूर है कि बारिश के दौर के पूर्व सिवरेज के लिए जहां-जहां खुदाई की गई थी उन सभी क्षेत्रों को एक बार जांच लिया जाना ही उचित होगा। जमीन धंसने की स्थिति में कभी भी कुछ भी हो सकता है और बनाए गए चेंबरों को भी जांच में लिया जाना चाहिए। ऐसा न हो कि भारी बारिश की स्थिति में इनसे नई समस्याएं खड़ी हो जाए। एक तरफ तो शहर में चौड़ीकरण का काम और उस पर यह नई आफत न खड़ी कर दे।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर को नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर को नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड मिला है। जयपुर में गुरुवार को आयोजित 29वी नेशनल ई गवर्नर्स कांफ्रेंस में नेशनल गवर्नेंस अवार्ड महाकाल मंदिर के त्रिनेत्र को मिला। गुरुवार को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कलेक्टर रोशन सिंह को यह स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, पलाश शर्मा, सचिन जैन एवं आईटी टीम उपस्थित रही। कलेक्टर सिंह ने उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार प्राप्त किया। 29वां नेशनल ई-गवर्नेंस सम्मेलन जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमे दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में देश के सबसे स्मार्ट और हाईटेक धार्मिक स्थलों में भी शामिल कर केंद्र सरकार ने महाकाल मंदिर को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 दिया है। यह सम्मान मंदिर परिसर और महाकाल रुद्रसागर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एरिया में स्थापित अत्याधुनिक अक आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम के लिए दिया गया।

## ट्रेंडिंग

परीक्षाओं में फेल होने वालों की घटती संख्या चिंताजनक है😳😳😳

भविष्य में देश चलाएगा कौन..
कहाँ मिलेंगे विधायक, सांसद और पार्षद😃😃

---

### जब बना था तब ही इसकी चौड़ाई को लेकर उठने लगी थी मांग

# दिन भर जाम, जीरो पाईंट ब्रिज चौड़ीकरण का हो काम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नए एवं पुराने शहर को जोड़ने के लिए फ्रीगंज क्षेत्र से आगर रोड को जोड़ने वाला जीरो पाईंट ब्रिज का निर्माण सिंहस्थ 2016 के तहत किया गया था। पिछले वर्षों में ही इस ब्रिज की चौड़ाई के कारण दिन भर जाम के हालात बने रहते हैं। सिंहस्थ 2028 के लिए इसके चौड़ीकरण का काम कर यातायात में राहत मिल सकती है। वर्तमान ब्रिज कहने को टू लेन है लेकिन गति से आमने सामने से दो बड़े चौपहिया वाहन भी नहीं निकलते हैं।

सिंहस्थ-2016 के दौरान नए शहर को आगर रोड से सीधा जोड़ने के लिए जीरो पाईंट ब्रिज बनाया गया था। इससे चामुंडा ओव्हर ब्रिज पर यातायात का दबाव कम करना और बायपास ही यातायात को निकालने का उद्देश्य था। समय के साथ इस मार्ग पर अच्छा खासा आवागमन हो गया है। आगर रोड एवं मक्सी रोड के मध्य के अधिकांश रहवासी आवागमन में इसी ब्रिज का उपयोग करते हैं, यहां तक कि आगर रोड उद्योगपुरी का अधिकांश आवागमन इसी ब्रिज से रहता है। यह ब्रिज बहुउपयोगी साबित हुआ है। इस ब्रिज के बनने से आगर रोड क्षेत्र की उद्योगपुरी एवं उसके आसपास की जमीनों में विकास की स्थिति जमकर बनी है। पिछले 10 वर्षों में ही क्षेत्र में जमकर कॉलोनियों का विकास किया गया है।



**फुटपाथ कम कर चौड़ाई बढ़ाई जाए या फिर दोनों ओर किया जाए चौड़ीकरण**

### दिन भर जाम के हालात

जीरो पाईंट ब्रिज वैसे तो पहले से ही टू लेन के नाम पर सकरा है। उसके ऊपर से ब्रिज का मुहाना ऐसे पाईंट पर दिया गया है कि वहां दोनों ओर से आवागमन जारी रहता है। चौपहिया वाहनों के लिए तो यहां स्थाई एंगल लगा दिए गए हैं लेकिन दो पहिया वाहनों का आवागमन बराबर यहां से जारी रहता है। ऐसे में ब्रिज से उतरने एवं ब्रिज पर चढ़ने वाले वाहन बाधित हो जाते हैं। यही नहीं ब्रिज पर दो बड़े चौपहिया वाहन निकल तो जाते हैं लेकिन स्थिति तनाव पूर्ण ही रहती है।

### फुटपाथ हटा कर चौड़ा किया जाए

सिंहस्थ 2028 के तहत आने वाले श्रद्धालुओं को शहर के अंदर ही इधर से उधर करने में इस ब्रिज की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। इसके चलते इसे चौड़ा किया जाना भी आवश्यक बन पड़ा है। शहर के बाहरी छोर में करीब 2 दर्जन नए ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। हरिफाटक ब्रिज का चौड़ीकरण किया जा रहा है। फ्रीगंज चामुंडा पर नए ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जीरो पाईंट ब्रिज को भी चौड़ा किए जाने की स्थिति के बाद भी इसे लेकर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। जबकि इसके चौड़ीकरण की मांग आवागमन करने वालों द्वारा बराबर की जा रही है। क्षेत्रीय स्तर पर जरूर इसे लेकर विरोध की स्थिति जब यह बना था तब भी थी और अब भी है। तत्कालीन दौर में भी विरोध के चलते इसे समेट लिया गया था और अगले चौराहे तक आ रहे ब्रिज को करीब 50 मीटर पहले ही समेट दिया गया। करीब 200 मीटर के इस ब्रिज में दोनों और फूटपाथ दिए गए हैं। करीब 1-1 मीटर से अधिक के ये फुटपाथ अधिकांश खाली ही पड़े रहते हैं। इनसे आवागमन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही होती है। ऐसे में बहुत जरूरी होने पर एक ओर फुटपाथ रखा जा सकता है और एक और का फुटपाथ हटाकर ब्रिज की चौड़ाई एक मीटर से अधिक बढ़ाई जा सकती है। चौड़ाई बढ़ने से ब्रिज पर आवागमन अधिक बेहतर एवं सुविधाजनक हो सकेगा।

---

### अब ई-अटेंडेंस नहीं तो होगी निलंबन की कार्रवाई

# जिले में 72 शिक्षकों ने नहीं माना आदेश

## विकासखंड स्तर पर निकली सूची, शिक्षकों से संवाद के बाद नोटिस देंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रदेश के साथ अब जिले में भी 90% से कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरने की स्थिति बन गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी है। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार उज्जैन में ऐसे 72 शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने ई-अटेंडेंस ही नहीं लगाई है। इनकी विकासखंडवार सूची निकाल कर इनसे संवाद किया जाएगा। अगर कोई तकनीकी समस्या सामने आती है तो उसे दूर किया जाएगा अन्यथा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से सभी शिक्षकों और शैक्षणिक अमले के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य की है। प्राचार्य-अफसरों को भी इससे नहीं बख्शा जाएगा। पहले ई-अटेंडेंस 90% से कम होने पर शिक्षकों को स्वैच्छिक तबादले के लिए आवेदन करने से भी रोका गया था। वेतन कटौती के बाद अब सस्पेंशन जैसी कार्रवाई पर भी विभाग आ गया है।

### ये निर्देश दिए आयुक्त ने

प्रदेश में उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर करीब 4.25 लाख शिक्षक पदस्थ हैं। इनकी ई-अटेंडेंस को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण ने नियमित रूप से ई-अटेंडेंस मार्क करने के निर्देश दिये हैं। संदर्भित पत्र में यह निर्देशित किया गया था कि ई अटेंडेंस मार्क न करने वाले शिक्षकों की वेतन कटौती की जाए। उपरोक्त निर्देशों के बावजूद भी वर्तमान में ई अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति 90 प्रतिशत के करीब है जिससे यह प्रमाणित होता है कि शत प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है जो शासन निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है तथा शैक्षणिक गतिविधियों के लिये बाधक है। उपरोक्त स्थिति के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाकर एवं तत्संबंधी जानकारी गुरूवार तक संचालनालय को प्रेषित की जाए। पत्र में हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यवाही को समय सीमा में पालन न करने की स्थिति में संबंधित संयुक्त संचालक/जिला शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।



शिक्षक संगठन लगातार इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। इस व्यवस्था को लेकर हाल ही में आयुक्त लोक शिक्षण ने पत्र जारी कर निदेश दिए हैं कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

### उज्जैन में 72 सामने आए

जिला शिक्षाअधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार जिले में वर्तमान में 94-95 प्रतिशत शिक्षक ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं। कुल 5-6 प्रतिशत ही इसमें शामिल नहीं हैं। पोर्टल से ऐसे शिक्षकों की जानकारी सामने लाने पर जिले के कुल 72 शिक्षक ऐसे सामने आए हैं जो ई-अटेंडेस नहीं लगा रहे हैं। इनकी सूची निकालकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दी जा रही है। ऐसे शिक्षकों से बीईओ संवाद करेंगे और अगर ऐसे शिक्षकों को कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उसे दूर करवाया जाएगा। अगर ऐसा नहीं है और आदेश की अवहेलना की स्थिति सामने आती है तो ऐसे मामलों में कारण बताओ सूचना पत्र देकर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। अभी सूची में यह स्थिति स्पष्ट रूप से नहीं ली गई है कि कितने शिक्षक हायर सेकेंडरी के और कितने हाईस्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्रायमरी के इसमें हैं। प्रारंभिक रूप से बीईओ को सूची देकर संवाद की स्थिति और संबंधित शिक्षक का जवाब लिया जा रहा है।

---

# रामघाट पर श्रद्धालु को डूबने से बचाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि गुरुवार को रामघाट डीआरसी चौकी, थाना महाकाल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से आए तीन श्रद्धालु रामघाट पर चौकी के सामने शिप्रा नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान एक श्रद्धालु गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उसे बचाने के लिए हर्ष भी आगे बढ़े, लेकिन वे भी गहरे पानी में जाने पर डूबने लगे। इस दौरान उन्होंने नदी में लगी फ्लोटिंग बॉल को पकड़ लिया।

श्रद्धालुओं में विनय (35 वर्ष), प्रभात (28 वर्ष) एवं हर्ष (24 वर्ष) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ जवान राजेंद्र डाबी एवं बनेसिंह ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत नदी में छलांग लगाई और रेस्क्यू कार्य शुरू किया। जवानों द्वारा सर्वप्रथम प्रभात को सुरक्षित बाहर निकाला गया, तत्पश्चात हर्ष को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उल्लेखनीय है कि उज्जैन होमगार्ड द्वारा शिप्रा नदी में सुरक्षा व्यवस्था के तहत फ्लोटिंग बॉल के माध्यम से बैरिकेडिंग की गई है, जिससे इस प्रकार की घटनाओं में राहत एवं बचाव कार्य में सहायता मिल रही है।

---

### कर्मचारी संघों ने नगर निगम गेट पर विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# बाहर के व्यक्तियों को अनुकम्पा नियुक्ति देने से फूटा आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर निगम उज्जैन के कर्मचारियों के कार्य के दौरान मृत्यु होने पर उनके परिजनों को स्थापना विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा छोटी-छोटी क्यूरियां कर वर्षों से अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को रोक रखा है। वहीं वर्तमान में शिक्षा विभाग, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के 16 कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को उज्जैन नगर निगम में अनुकम्पा नियुक्ति देकर नगर निगम कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया गया है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी त्रुटियों पर सफाई कर्मचारियों एवं आफिस में कार्यरत कर्मचारियों को निलंबित, सेवा समाप्त, तनख्वाह काटने जैसी कार्यवाहियां की जा रही है, जो गलत हैं। आयुक्त द्वारा कर्मचारियों से संबंधित मांगों को मान लिया जाता है लेकिन निचले स्तर के अधिकारियों द्वारा उन मांगों पर अमल नहीं किया जाता है, जिससे कर्मचारियों के काम नहीं हो पा रहे हैं।

इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, दशरथ लोदवाल, कमलकिशोर गेहलोत, रमेशचंद्र मकवाना, पी.एल. टटवाल, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, कैलाश नागर, गय्यूर अहमद, संतोष शर्मा, मुकेश कल्याणे, राजेन्द्र देवधरे, शैलेष नागर, निलेश गिरजे, सोनू पटूना, सोनू शिंदे, मनीष पाण्डे, अमरनाथ झा, सुरेन्द्र सारवान, कैलाश यादव, चन्द्रेश, आशुतोष माथुर, राजेश तगारे, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित झोन कार्यालय, आफिस एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### शीघ्र ही पदोन्नति की कार्यवाही करना चाहिये

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में पदोन्नति देने के आदेश जारी किये हैं निगम के स्थापना विभाग द्वारा शीघ्र ही पदोन्नति की कार्यवाही करना चाहिये। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के प्रकरणों में श्रम न्यायालय से जीत कर आये कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के प्रकरणों में मा. उच्च न्यायालय में अपील की जाकर निगम के वकीलों को लाखों का भुगतान किया जा रहा है। वकीलों पर खर्च की गई राशि से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा सकता था। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र निगम, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन मुसले एवं सफाई कामगार संघ सचिव संदीप कलोसिया द्वारा भी कर्मचारियों को संबोधित किया गया।

---

## शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ा, घाटों के मंदिरों में घुसा पानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। गुरुवार को नदी का पानी बढ़ने से घाटों के किनारे स्थित कुछ मंदिरों में पानी प्रवेश कर गया। जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे का नजारा पूरी तरह बदल गया और प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी। रामघाट क्षेत्र में पुराने पुल को तोड़कर उस स्थान पर जो नया पुल बनाया जा रहा है उस निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा भी पानी में डूब गया। पुल का केवल ऊपरी भाग ही दिखाई दे रहा था, जबकि इसके पिलर भी जलमग्न हो गए। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पुल निर्माण का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है।

---

# बारिश में खुली पड़ी विद्युत डीपी से हादसों का खतरा

## हमेशा लगा रहता है डर, लोगों की जान जोखिम में, निजातपुरा क्षेत्र में रोड के नजदीक खुली पड़ी डीपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बारिश के दौरान शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में खुली पड़ी डीपी से कभी भी हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार बिजली कंपनी को इसका कोई ध्यान ही नहीं है। ज्यादातर डीपी खुली पड़ी हैं। इनमें से कई ट्रांसफार्मर प्रमुख बाजारों में लगे हुए हैं। कुछ ट्रांसफार्मर चौराहों के पास भी हैं। इन ट्रांसफार्मरों से लोगों को दूर रखने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं। ऐसे ही एक डीपी पिछले कई महीने से खुली अवस्था में निजातपुरा क्षेत्र में है जिसके करंट के तार व कट आउट दिखाई दे रहे हैं ना ही इसे तार फेंसिंग कर सुरक्षित किया गया है डीपी रोड के नजदीक है और इस मार्ग से रोज काफी लोग आवाजाही करते हैं ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है।

दरअसल शहर में ही कई जगह ऐसी हैं जहां डीपी खुली अवस्था में है।जहां हादसे होने की संभावना ज्यादा रहती है। कई दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें इन खुली डीपी के पास ही बना रखी हैं जिसके चलते कभी कोई हादसा होता है तो उनको सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। कई जगह तो हालत ऐसी है कि डीपी इतनी नीचे हैं कि उसे आसानी से छोटे बच्चे भी टच कर सकते हैं। बारिश का सीजन चल रहा है ऐसे में हादसे होने की संभावना भी ज्यादा रहती है।




### अधिकांश ट्रांसफार्मर के ऐसे ही हालात

अधिकांश ट्रांसफार्मर के खुली डीपी से करंट लगने का खतरा रहता है। त्योहारी सीजन में जब बिजली पर लोड बढ़ जाता है। तो बिजली के तार टूटने या ट्रांसफार्मर में फाल्ट होता है। ऐसे में ट्रांसफार्मर के नीचे या आसपास दुकान लगाने वालों को शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। खुले तारों, खुली डीपी एवं नंगे तारों से आवारा पशु एवं पक्षी टकराकर गंभीर घायल हो जाते है या मर जाते हैं।

### सालों से इसी हाल में कई डीपी

फ्रीगंज, हरीफाटक, जिला पंचायत के समीप भी डीपी खुली पड़ी है डीपी के अंदर से केबल व कट आउट दिखाई दे रहे हैं पिछले कई महीने से इन क्षेत्रों में डीपी खुली पड़ी हुई है कई बार चिंगारियां निकलती हैं। बावजूद इसके बिजली विभाग की ओर से इन एरिए को कवर नहीं किया गया। सालों से इसी हाल में ये डीपी है। इन मार्ग पर हमेशा लोगों की आवाजाही लगी रहती है लेकिन यहां खुली अवस्था में लगी इस डीपी की और विद्युत मंडल के अधिकारों का ध्यान नहीं है कभी भी इससे हादसा हो सकता है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 3 जुलाई, 2026 | www.awantika.com 

## न्यूज ब्रीफ

### संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने जन्मदिन पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने अपने जन्म दिवस पर बुधवार को संभागायुक्त परिसर स्थित अशोक वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। पौधारोपण कार्यक्रम में अपर आयुक्त तरूण भटनागर, संयुक्त आयुक्त विकास शिवानी वर्मा, उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी, उपायुक्त विकास पुरूषोत्तम पाटीदार, आईडीबीआई बैंक की क्षेत्रीय महाप्रबंधक शशिकला विष्ट, शाखा प्रबंधक रश्मि पाठक, इमरान, नीरज शर्मा, हृदेश विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. खाड़े ने कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण बेहतर होता है। केवल पौधारोपण हीं नहीं करें साथ में उसका रक्षण भी जरूरी है। यह आयोजन आईडीबीआई बैंक के स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया।

### मंत्री सिलावट ने सीएम राइज स्कूलों का किया दौरा

**इंदौर।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सीएम राइज स्कूल पाल कांकरिया एवं कच्छालिया का भ्रमण कर वहां अध्यनरत विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, विद्यालयीन गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री श्री सिलावट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने समय का सदुपयोग करते हुए निरंतर मेहनत करनी चाहिए।

### राऊ सेवा सहकारी समिति में स्थापित सांची पार्लर का शुभारंभ

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव द्वारा बुधवार को इंदौर प्रीमियर कोऑपरेटिव बैंक की राऊ शाखा से संबद्ध राऊ सेवा सहकारी समिति में स्थापित सांची पार्लर का शुभारंभ किया गया। समारोह में उपायुक्त सहकारिता मनोज जायसवाल, अपेक्स बैंक के संभागीय शाखा प्रबंधक गणेश यादव, इंदौर प्रीमियर कोऑपरेटिव बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कुमार जैन, राऊ सेवा सहकारी समिति के प्रशासक सुरेश भंडारी, इंदौर प्रीमियर कोऑपरेटिव बैंक राऊ शाखा प्रबंधक मंजू चौहान, समिति प्रबंधक प्रदीप कुमार नागर सहित बैंक एवं समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सहकारिता के माध्यम से इस प्रकार की पहल आमजन को गुणवत्तापूर्ण दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के साथ-साथ सहकारी संस्थाओं को भी सशक्त बनाएगी।

### दिव्यांगजनों के लिए पर्पल फेयर (मेला) 17 जुलाई को



**इंदौर।** दिव्यांगजनों के सामर्थ्य प्रदर्शन, समावेशी शिक्षा, कला प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर पर्पल फेयर (मेला) का आयोजन आगामी 17 जुलाई को स्थानीय रविन्द्रनाट्य गृह आरएनटी मार्ग इंदौर में किया जाएगा। यह मेला राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केन्द्र सीहोर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में आज सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विभिन्न दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली पंजीकृत संस्थाओं के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में सुनिश्चित किया गया कि दिव्यांगजनों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों चयनित संस्था के दिव्यांग बच्चों द्वारा करवाई जाएगी। जिले में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांग प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। पर्पल कलर की थीम पर कार्यक्रम की ब्रॉडिंग इत्यादि की जायेगी। दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली संस्थाएँ अपने-अपने क्षेत्र में पर्पल कलर में बैनर के साथ रैली का आयोजन करेगी। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा।

### जन आंदोलन बन कर 7 करोड़ परिवारों तक पहुंचा जल गंगा संवर्धन अभियान

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के मुख्य उद्देश्यों के साथ संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के साथ देश और विदेश के लगभग 7 करोड़ परिवारों तक अपनी पहुंच बनाकर जनभागीदारी का एक नया इतिहास रच दिया है। आगामी मानसून में कम वर्षा की संभावना को देखते हुए पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के दूरदर्शी उद्देश्य से शुरू हुआ यह महा अभियान 30 जून 2026 को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दृढ़ संकल्प से यह अभियान महज एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर एक विराट वैश्विक जन आंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है।

### जनपद पंचायत में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**इंदौर।** जनपद पंचायत इंदौर के अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में आज जनपद पंचायत कार्यालय में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रुप से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनपद अध्यक्ष श्री कान्हा पटेल ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं, जल संरक्षण अभियान तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

---

### संचार नगर बना 'जलनगर', स्ट्रांम वाटर लाइन पर उठे बड़े सवाल, आखिर जिम्मेदार कौन?

## वार्ड 50 में पहली ही मूसलाधार बारिश में बह गए दावे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मानसून की पहली तेज बारिश ने ही नगर निगम की तैयारियों और विकास कार्यों की हकीकत सामने ला दी है। वार्ड क्रमांक 50 के कनाडिया रोड स्थित संचार नगर में बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो गईं। कुछ ही मिनटों की बारिश में पूरा क्षेत्र नदी जैसा दिखाई देने लगा। सड़क पर तेज बहाव के बीच दोपहिया वाहन फंस गए, कारें पानी में घिर गईं और राहगीरों को घुटनों तक पानी में होकर निकलना पड़ा। क्षेत्र के वीडियो और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इसी वार्ड में एक दिन पहले गिरधर नगर क्षेत्र में सड़क पर बोरिंग कराए जाने को लेकर चर्चाएं गर्म थीं, और अब अगले ही दिन संचार नगर में हुए भारी जलभराव ने नगर निगम ओर पार्षद की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा

स्थानीय नागरिकों का कहना की पहली ही तेज बारिश में जो हालात सामने आए हैं, उन्हें देखकर ऐसा नहीं लगता कि यह कार्य प्रभावी तरीके से किया गया जल निकासी व्यवस्था का समुचित ध्यान नहीं रखा गया, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के दौरान दुकानों के सामने पानी भर गया, सड़कें पूरी तरह डूब गईं और लोगों को अपने वाहन निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अभी तो मानसून की शुरूआत भर है, यदि पहली ही तेज बारिश में यह स्थिति है तो जुलाई और अगस्त की लगातार बारिश में हालात कितने भयावह होंगे, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

#### क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित

रहवासियों का कहना है कि हर वर्ष बरसात से पहले नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और तैयारियों के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पहली बारिश में ही सामने आ जाती है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी चाहे जितने दावे करें, लेकिन संचार नगर की तस्वीरें खुद बता रही हैं कि क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है की यदि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी पहली ही बारिश में सड़कें नदी बन जाएं, तो आखिर इसकी जवाबदेही किसकी होगी।

**अब सबसे बड़ा सवाल यही है**–क्या हर साल की तरह इस बार भी पहली बारिश के बाद केवल निरीक्षण और आश्वासन मिलेंगे, या फिर संचार नगर की समस्या का स्थायी समाधान भी होगा?

---

## जलभराव वाले स्थानों से पम्प लगाकर की जाएगी जल निकासी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में वषार्काल के दौरान जलजमाव और ट्रैफिक जाम की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज व्यवस्थाओं से जुड़े विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने वर्षा के दौरान जलजमाव और ट्रैफिक जाम की समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे किसी भी स्थिति में जलजमाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बने। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उक्त समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के संयुक्त दल बनाये जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित नगर निगम, यातायात पुलिस, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी नालों, चैनलों, तालाबों के आसपास तथा जलभराव वाले स्थलों की साफ-सफाई तत्काल की जाए।

---

### महाकाल मंदिर को लेकर महापौर ने कलेक्टर को लिखा लेटर

## दान में मिले आभूषणों का किया जाए सत्यापन

- पत्र लिखकर भौतिक सत्यापन, सूचीकरण और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार करने का आग्रह किया है
- महापौर का कहना है कि श्रद्धालुओं के दान का पारदर्शी रिकॉर्ड जरूरी है
- 17 सितंबर 2023 को 6 सदस्यीय समिति गठित हुई थी, जिसकी अध्यक्षता महापौर को दी गई थी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के कोषागार में वर्षों से दान के रूप में जमा सोना, चांदी, आभूषण और अन्य बहुमूल्य सामग्री के सत्यापन के लिए महापौर मुकेश टटवाल ने मांग उठाई है। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को पत्र लिख मंदिर को दान में प्राप्त बहुमूल्य सामग्री का भौतिक सत्यापन, सूचीकरण और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार कराने की कार्रवाई जल्द शुरू करने का आग्रह किया है।



उनका कहना है कि श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान सामग्री का पारदर्शी और व्यवस्थित रिकॉर्ड होना आवश्यक है, ताकि मंदिर की संपत्ति का सही आकलन हो सके और उसके संरक्षण व उपयोग में पारदर्शिता बनी रहे। दरअसल, मंदिर प्रबंध समिति ने 17 सितंबर 2023 को दान में प्राप्त बहुमूल्य सामग्री के सत्यापन के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति को मंदिर कोषागार में रखे स्वर्ण, रजत और अन्य बहुमूल्य धातुओं एवं आभूषणों का भौतिक सत्यापन कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

#### दोबारा पत्र लिखकर प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध

गठित समिति की अध्यक्षता महापौर मुकेश टटवाल को सौंपी गई थी। इसके अलावा मंदिर प्रबंध समिति के अशासकीय सदस्य प्रदीप गुरु, राजेंद्र शर्मा और राम शर्मा, मूल्यांकनकर्ता अतिन जड़िया तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी आर.के. तिवारी को समिति में शामिल किया गया था। अब महापौर ने दोबारा पत्र लिखकर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को जल्द शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि दान में मिली बहुमूल्य सामग्री का सत्यापन होने से मंदिर के पास उपलब्ध संपत्ति का स्पष्ट और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होगा तथा श्रद्धालुओं के बीच पारदर्शिता और विश्वास भी बढ़ेगा।

---

## एमपी की शिक्षा व्यवस्था पर हाई कोर्ट का केंद्र-राज्य को अल्टीमेटम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही सरकारी स्कूलों की बदहाल व्यवस्था का मामला गरमा गया है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भारी कमी को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है।

कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार दोनों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों सरकारों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए सत्रह अगस्त तक का समय दिया है। यह जनहित याचिका सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट अभिषेक तुगनावत ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था इस समय बेहद गंभीर संकट से गुजर रही है। सरकारी उदासीनता के चलते लाखों विद्यार्थियों को भारतीय संविधान और शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जो सीधे तौर पर उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

---

### तेज बहाव में फंस गया, बाहर नहीं निकल पाया

## बारिश के दौरान नाले में रात को बहा था युवक, सुबह शव मिला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में बुधवार रात हुई तेज बारिश के दौरान नाले में दो युवकों के बह जाने की घटनाएं सामने आई हैं। एक युवक बुधवार रात नाले में बह गया था। रात में उसकी तलाश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान रोकना पड़ा। गुरुवार सुबह बचाव दल मौके पर पहुंचा और युवक की खोजबीन शुरू की।

युवक का शव नाले की झाड़ियों में मिला। यह घटना लसूड़िया क्षेत्र की है। इसी क्षेत्र में रहने वाला युवक गोलू पंवार अपने पिता के लिए टिफिन लेकर जा रहा था। तभी नाले के तेज बहाव में वह फंस गया और बाहर नहीं निकल पाया। कुछ लोगों ने उसे बहते हुए देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रात के समय अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान अधिक देर तक नहीं चल सका। गुरुवार सुबह टीम फिर मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद गोलू का शव नाले से बरामद किया गया। जब परिजनों ने शव देखा तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गोलू एक फैक्टरी में काम करता था, जबकि उसके पिता एक कंपनी में सुरक्षाकर्मी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है।

#### दूसरी घटना अहिरखेड़ी में हुई

नाले में युवक के बहने की दूसरी घटना अहिरखेड़ी में हुई। यहां नाले के तेज बहाव में महेश चौहान नामक युवक बह गया, जिसका गुरुवार दोपहर तक कोई पता नहीं चल सका। बुधवार रात वह तेज बारिश के बीच पुल की रपट पार कर रहा था। इसी दौरान तेज बहाव के कारण उसका पैर फिसल गया और वह नाले में बह गया। उसके साथ उसका दोस्त मनीष भी था।

---

### खजराना थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना का वीडिया वायरल

## चाकू लहराने का आरोप, मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी इंदौर पुलिस, केस दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खजराना थाना क्षेत्र में दो युवकों के बीच हुए विवाद और मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक के हाथ में चाकूनुमा हथियार दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।



पुलिस के मुताबिक, वायरल वीडियो का सत्यापन करने पर घटना खजराना थाना क्षेत्र की ही पाई गई। मामले में फरियादी अंजुमन की शिकायत पर आरोपी सोनू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पड़ोसी सोनू ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट की। विवाद के दौरान आरोपी ने चाकू लहराते हुए जान से मारने का प्रयास भी किया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घायल अंजुमन का मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन एमएलसी रिपोर्ट में किसी गंभीर चोट की पुष्टि नहीं हुई। इसके बावजूद शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खजराना थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

### चार दिन पहले शिप्रा आरती स्थल पर दो पंडित व दीपक बेचने वाली महिलाओं के बीच विवाद हुआ था

## आरती स्थल से ध्वनि विस्तारक यंत्र निकाल ले गया प्रशासन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट के समीप आरती स्थल से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को निकाल दिया गया है। मामले में तीर्थपुरोहित का कहना है कि प्रशासन घाट पर कानून व व्यवस्था बनाने की बजाय धार्मिक कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इस संबंध में गुरुवार शाम तीर्थ पुरोहित बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

चार दिन पहले रामघाट के समीप शिप्रा आरती स्थल पर दो पंडित व दीपक बेचने वाली महिलाओं के बीच विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज कर लिया था। लेकिन इंटरनेट माध्यमों पर विवाद व मारपीट का वीडियो बहु प्रसारित होने के बाद मामला मीडिया की सुर्खी बन गया। वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आरती स्थल से ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त कर लिया। कार्रवाई से क्षुब्ध श्री क्षेत्र पंडा समिति के अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी आमवाला पंडा ने बताया कि विवाद हमारे आरती स्थल के समीप हुआ था। इस संपूर्ण घटनाक्रम से हमारा कोई सरोकार नहीं है, लेकिन प्रशासन ने घाट पर कानून व्यवस्था बनाने के बजाय हमारी अनुपस्थिति में आरती में उपयोग होने वाले हमारे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त कर लिया है।





#### दो माह से कर रहे शिकायत, नहीं सुनी

पं. राजेश त्रिवेदी आमवाला पंडा ने बताया शिप्रा के घाट पर आरती के समय सैकड़ों लोग कागज के दोनों में एक दीपक व थोड़े से फूल रखकर बेच रहे हैं। श्रद्धालु आरती के बाद इन दोनों को शिप्रा में विसर्जित कर देते हैं, इससे शिप्रा प्रदूषित हो रही है। शिप्रा की दुर्दशा देख तीर्थ पुरोहित आहत है, हम लगातार दो माह से नगर निगम आयुक्त, सहायक आयुक्त सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से शिप्रा किनारे अतिक्रमण कर बेची जा रही सामग्री पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी ने हमारी नहीं सुनी।

---

## 2,548 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के पदों पर होगी भर्ती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 2,548 पदों पर योग्य महिला अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की जा रही हैं भर्ती में स्थानीय पात्रताधारियों को प्राथमिकता मिलेगी। कुल रिक्तियों में से 781 पद आंगनवाड़ी कार्यकताओं के लिए और 1,767 पद आंगनवाड़ी सहायिकाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं।

---

## सड़क बनी 'अखाड़ा', भागीरथपुरा में युवकों का हाईवोल्टेज ड्रामा कैमरे में कैद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में शनिवार रात शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा सड़क पर जमकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। घटना का सामने आने के बाद इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में कुछ युवक खुलेआम सड़क पर हुड़दंग मचाते, चिल्लाते और उत्पात करते नजर आ रहे हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नशे में धुत युवकों ने काफी देर तक सड़क पर उत्पात मचाया। उनके शोर-शराबे और हंगामे के कारण राहगीरों को रास्ता बदलने तक की नौबत आ गई।

रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में देर रात असामाजिक तत्वों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। शराब के नशे में युवक अक्सर सड़क पर हंगामा करते हैं, लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। रहवासियों ने यह भी मांग की है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो ऐसी घटनाएं किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

## न्यूज कालम



## बारिश की कामना लेकर महादेव मंदिर पहुंचीं कलेक्टर नीतू माथुर

**आलीराजपुर।** जिले में अच्छी बारिश और किसानों की समृद्धि की कामना को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सोरवा स्थित महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन कर जिले में शीघ्र एवं अच्छी वर्षा होने की प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि जिले में बारिश में हो रही देरी जल्द समाप्त हो, ताकि किसानों को समय पर फसल की बुआई करने का अवसर मिल सके और कृषि कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। सोरवा भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मार्ग में अपनी गाड़ी रुकवाकर एक बुजुर्ग महिला से मुलाकात की। महिला उस समय महुआ के फलों से बीज निकालने का कार्य कर रही थी। कलेक्टर ने उनसे इस कार्य की प्रक्रिया और महुआ के बीज के उपयोग के बारे में जानकारी ली। बुजुर्ग महिला ने बताया कि इन बीजों से तेल निकाला जाता है, जिसका उपयोग भोजन सहित अन्य कार्यों में किया जाता है। इस दौरान कलेक्टर ने स्वयं भी महुआ के फलों से बीज निकालकर इस पारंपरिक कार्य को करीब से समझा। उन्होंने महिला से आत्मीय बातचीत कर उनके कार्य की सराहना भी की।

## छात्रा सारिका कुशवाह को भागचंद जैन ने पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं



**सनावद।** स्थानीय रेवा गुर्जर विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद परिवार की प्रतिभाशाली छात्रा सारिका कुशवाह को लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन ने पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं और सारिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि सारिका को कक्षा पहली से कक्षा 9 वीं तक पढ़ाने का दायित्व लायंस क्लब की जीएमटी कोऑर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन ने लिया है। सारिका ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर चिकित्सक बनना चाहती है और गरीबों की सेवा करना चाहती है। सारिका के दादा ओमप्रकाश कुशवाह एवं पिता हितेश कुशवाह ने जैन दंपति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नौवे दिवस पर जिले में व्यापक साइबर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन



**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान "सेफ क्लिक 2.0" के अंतर्गत अभियान के नौवे दिवस दिनांक 2 जुलाई को जिला आलीराजपुर के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना जोबट, आम्बुआ, नानपुर, सोरवा एवं कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में हाट-बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं सामूहिक क्षेत्रों में आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सायबर रथ रैली एवं व्ख्यान द्वारा डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी निवेश योजनाओं, साइबर ब्लैकमेलिंग एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

## रोजगार मेले में 80 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**खण्डवा ।** शासकीय आईटीआई खंडवा में गुरूवार को युवा संगम, रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिशिप मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस रोजगार मेले में 3 कम्पनियों ने शामिल होकर 80 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया। रोजगार मेले में कुल 120 बेरोजगार युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। इस अवसर पर स्वास्थ विभाग द्वारा 71 युवक व युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

### आलोट में 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान

# छात्रों को साइबर सुरक्षा व सीपीआर का प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे "सेफ क्लिक 2.0" साइबर सुरक्षा अभियान के तहत आलोट पुलिस ने शुक्रवार को सांदीपनी विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

एसपी अमित कुमार के मार्गदर्शन, एएसपी विवेक कुमार लाल के निर्देशन, एसडीओपी पल्लवी गौर के नेतृत्व एवं थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की जानकारी दी गई।

उप निरीक्षक मनोज पाटीदार, आरसी खड़िया, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, आरक्षक लोकेंद्र शर्मा, ईश्वरसिंह व महिला आरक्षक अनिता जाटव ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए।

एसडीओपी पल्लवी गौर ने छात्रों के सवालों के सरल जवाब देते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग पर जोर दिया। उप निरीक्षक मनोज पाटीदार ने विशेष रूप से छात्राओं को सोशल मीडिया पर निजी जानकारी व फोटो साझा न करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में टीओटी प्रशिक्षक आदित्य सेन, दिनेश सोलंकी व प्राचार्य फिरोज खान मौजूद रहे। यह आयोजन पुलिस अकादमी भौरी में मिले टीओटी प्रशिक्षण के बाद स्कूल शिक्षा व पुलिस विभाग के संयुक्त सामुदायिक पुलिसिंग प्रयास के तहत हुआ।

**क्विज प्रतियोगिता भी हुई**

साइबर सुरक्षा पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में आरक्षक लोकेंद्र शर्मा ने सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

**ग्राम व हाइवे पर भी जागरूकता**

उप निरीक्षक प्रमोद राठौर व आरक्षक मुकेश ने ग्राम पालनगरा में ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी। वहीं उन्हेल-नागेश्वर रोड स्थित दुर्घटना संभावित स्थल पर राहगीरों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया और राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई। थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम ने बताया कि साइबर अपराध रोकने के लिए स्कूल, गांव व सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और सड़क दुर्घटना में त्वरित मदद के लिए प्रेरित करना है।



## 'अमन हॉस्पिटल' में रैंप-लिफ्ट नहीं, सीढ़ियों से ले जाने को मजबूर मरीज

**नेपानगर।** नेपानगर स्थित अमन हॉस्पिटल पर बिना लाइसेंस संचालन और गंभीर अव्यवस्थाओं के आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में रैंप व लिफ्ट की सुविधा नहीं होने से गंभीर मरीजों को सीढ़ियों से कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ता है। शिकायत के अनुसार, अस्पताल में स्ट्रेचर से मरीजों को ऊपरी मंजिल पर ले जाने की व्यवस्था नहीं है। परिजनों को मजबूरी में मरीजों को सीढ़ियों से ले जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने सवाल उठाया कि स्वास्थ्य विभाग की निगरानी के बावजूद बिना लाइसेंस संस्थान कैसे संचालित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लाइसेंस, फायर सेफ्टी और बुनियादी सुविधाओं की जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया गया, फिलहाल उनका पक्ष नहीं मिल सका है। नियमानुसार किसी भी अस्पताल के संचालन के लिए क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीयन, फायर एनओसी, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन और रैंप/लिफ्ट जैसी सुविधाएं अनिवार्य हैं।

### ठाकुर शिवकुमारसिंह मेमोरियल अभियांत्रिकी महाविद्यालय का दबदबा:

# आठवें छमाही का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



ठाकुर शिवकुमारसिंह मेमोरियल अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम दिया है। अंतिम वर्ष आठवीं छमाही का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस उपलब्धि से महाविद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों में हर्ष का माहौल है।

संगणक विज्ञान की कुमकुम पाटिल बनीं महाविद्यालय अव्वल

महाविद्यालय द्वारा जारी परिणाम के अनुसार, संगणक विज्ञान शाखा की कुमकुम पाटिल ने 9.17 एसजीपीए के साथ महाविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

**शाखा-वार अव्वल सूची:** 1. *इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचारः ईशा महाजन - 8.94 एसजीपीए 2. यांत्रिक अभियांत्रिकीः मोहम्मद सोहेल - 8.72 एसजीपीए 3. विद्युत अभियांत्रिकीः किशोर महोतकर - 8,5 एसजीपीए 4. नागरिक अभियांत्रिकीः भगवती बारे - 7,61 एसजीपीए

संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि यह रही कि 70 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही अंतिम वर्ष के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा शत-प्रतिशत परिसर नियोजन भी मिला है। गौरतलब है कि विगत वर्षों में भी इस महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है।

**प्रबंधन ने दी बधाई**

प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कथने ने कहा, "यह अभूतपूर्व सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन तथा संस्था द्वारा दी गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। विद्यार्थियों की कामयाबी पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंध संचालक, प्रबंधन प्राचार्या डॉ. स्मिता हजारी, औषध निर्माण प्राचार्य डॉ. जीवन घोरमाडे एवं कार्यालय अधीक्षक प्रो. विकास यादव सहित समस्त कर्मचारी वर्ग ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति का महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति का पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडे ने गुरुवार को निरीक्षण किया।

सनावद नगर विकास संघर्ष समिति के सदस्यों डॉ.राजेंद्र पलोड़, लक्ष्मीकांत राठी,ओम बंसल, राकेश गेहलोत,बंटी सोलंकी, जाकिर हुसैन अमी एवं प्रणव व्यास ने महाप्रबंधक का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। समिति के सदस्यों ने महाप्रबंधक को क्षेत्र की रेल सुविधाओं और समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि ओंकारेश्वर रोड़ स्टेशन के निर्माण की निर्धारित समयसीमा से 2 वर्ष का विलंब हो चुका है। इसलिए शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं। ज्ञापन में मांग की गई है कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग रेलवे स्टेशन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा करना सुनिश्चित किया जाए। ओंकारेश्वर रोड़ रेलवे स्टेशन द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग को जोड़ने वाला राष्ट्रीय महत्व का स्टेशन है। भविष्य में ओंकारेश्वर से अनेक यात्री ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।इसलिए ओंकारेश्वर स्टेशन को जंक्शन स्तर पर विकसित किया जाना चाहिए और यहां ट्रेनों के मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाए। समीपवर्ती सनावद रेलवे स्टेशन के आसपास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।

इसलिए सनावद स्टेशन को नए टर्मिनस की तरह विकसित किया जाना चाहिए। ज्ञापन के अनुसार 150 वर्ष पुराने सनावद स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय और गोडाउन की सुविधा थी।लेकिन नवीन रेलवे स्टेशन में यात्री प्रतीक्षालय और गोडाउन की सुविधा छीन ली गई है।इसलिए सनावद स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय एवं गोडाउन का निर्माण किया जाए।



## कलेक्टर ने सोरवा स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने गुरुवार को जिले के सोरवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयों की जांच करते हुए एक्सपायर्ड दवाइयों को हटाने तथा ह्नक्रस् सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक एवं जरूरी दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया तथा भर्ती प्रसूता महिला से उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने महिला को पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी। साथ ही नवजात शिशु को केवल मां का दूध पिलाने के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए इसे प्राथमिकता देने की समझाइश दी। उन्होंने प्रसूता से प्रसव के दौरान आई कठिनाइयों तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दिए गए सहयोग के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की प्रयोगशाला का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए मेडिकल ऑफिसर को परिसर में नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार श्रीमती सविता राठी, नायब तहसीलदार सुश्री मंजू डावर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुलदीप वास्केल, एएमओ डॉ. ज्योति पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका बड़वानी की बड़ी कार्रवाई

# जीर्ण-शीर्ण एवं जर्जर भवनों के विरुद्ध अभियान तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा नगर सीमा क्षेत्र में स्थित जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त भवनों का व्यापक सर्वेक्षण अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नगर के सभी २४ वार्डों में जर्जर भवनों का भौतिक निरीक्षण कर उनकी स्थिति का आकलन किया गया। सर्वेक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में कुल 12 भवन अत्यंत जीर्ण-शीर्ण एवं खतरनाक अवस्था में पाए गए, जिनसे वर्षा ऋतु एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जन-धन की हानि होने की आशंका थी। इन भवनों को नगर पालिका द्वारा चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

इसी क्रम में 2 जुलाई को वार्ड क्रमांक 5 स्थित सुखविलास कॉलोनी में अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवन पर नगर पालिका परिषद बड़वानी के अमले द्वारा प्रशासनिक उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए भवन को सुरक्षित रूप से ध्वस्त (क्षतिग्रस्त/विध्वंस) किया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया गया तथा आसपास के क्षेत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं।

## अपेक्स बैंक प्रशासक ने किसानों को किया लाभांवित, सहकारिता का लाभ लेने का किया आह्वान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

मप्र राज्य सहकारी बैंक अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव गुरुवार को खरगोन प्रवास पर पहुंचे। यहां श्री यादव ने कपास मंडी में सहकारिता सप्ताह के तहत आयोजित किसान सभा के दौरान किसानों को बचत खातों, आय प्रमाण-पत्र सहित केसीसी ऋण वितरण कर लाभांवित किया। श्री यादव ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रशासक श्री यादव ने अपने संबोधन में भाजपा और कांग्रेस सत्ता की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में यदि किसान ऋण की राशि नहीं चुका पाता था, तो तहसीलदार, बैंक और कलेक्टर उसके घर पर नोटिस चस्पा करते थे। इतना ही नहीं, उसकी बैलगाड़ी से लेकर घर तक की संपत्ति की नीलामी कर दी जाती थी। वर्तमान में भाजपा की केंद्र सहित प्रदेश सरकार ने किसान हितैषी योजनाएं चलाई, नीतियां बनाई। भाजपा ने किसानों को एक लाख से लेकर तीन लाख रुपए तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई है। जहां कांग्रेस 18 प्रतिशत की ऊंची ब्याज दर पर ऋण देती थी, वहीं भाजपा सरकार ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह सब योजनाएं, नीतियां किसानों को बताने की जरुरत है। किसानों को आगाह करना होगा कि वह विपक्ष के बहकावे में न आए। सभा को सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बाल कृष्ण पाटीदार ने भी संबोधित किया। सीसीबी बैंक एमडी निर्मला रोकड़े ने प्रशासक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान जनप्रतिनिधिं एवं अन्य अतिथि मंचासीन रहे। सभा के बाद सहकारिता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## पश्चिम रेलवे वसई रोड के रास्ते डहाणू रोड के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

उज्जैन। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से वलसाड झ वेलांकन्नि झ डहाणू रोड स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर एक स्?पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है:ट्रेन संख?या ०९०३० वलसाडझवेलांकन्नि स्?पेशल वलसाड से शुक्रवार, ०३ जुलाई, २०२६ को १८.२५ बजे प्रस्थान करेगी तथा रविवार को १०.०० बजे वेलांकन्नि पहुंचेगी। ।इस ट्रेन में स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकेंड क?लास कोच होंगे।

## स्कूल चलो अभियान- प्रवेश उत्सव मना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



मप्र शासन द्वारा प्रसारित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत इंगोरिया चौपाटी के निकट शैल पब्लिक स्कूल में भी प्रवेश उत्सव मनाया गया। नर्सरी एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नए शिक्षकों एवं नए प्राचार्य ऐेजु अगस्टाइन का भी स्वागत किया गया।

उपस्थित पालकों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ हीरालाल त्रिवेदी पूर्व आईएएस ने कहा कि शैल पब्लिक स्कूल एक ऐसा सीबीएसई स्कूल है जो बड़नगर के इंगोरिया एवं उसके आसपास के गांवों के छात्र-छात्राओं के लिए कम फीस में सीबीएसई की उत्कृष्ट एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करता है। यह संस्था विगत १२ वर्षों से निरन्तर है। इस वर्ष इसमें कुछ परिवर्तन किए गए हैं ताकि क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता की आधुनिक एवं संस्कार युक्त शिक्षा मिल सके। खेल की गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। आने वाले समय में इस स्कूल से पढ़ने वाले बच्चों को आगे अच्छे अवसर मिले इसके लिए भी संस्था द्वारा प्रयास किया जाता रहेगा। आभार प्रदर्शन प्री प्राइमरी प्रभारी दीप्ति गुप्ता द्वारा किया गया।

## भाजपा अजा मोर्चा की संयुक्त बैठक 4 जुलाई को

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की उज्जैन एवं मंदसौर संभाग की संयुक्त बैठक ४ जुलाई शनिवार को दोपहर १२ बजे फ्रीगंज स्थित भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों के लिए विस्तार से कार्ययोजना तैयार की जाएगी।मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य और प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार उपस्थित रहेंगे। बैठक में मोर्चा के वर्तमान कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों के संबंध में रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## गुरू पूर्णिमा पर्व की व्यवस्थाओं के लिए अभी से तैयारी करें-कलेक्टर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था सम्बंधी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस माह के अंत में मनाए जाने वाले गुरू पूर्णिमा पर्व के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन, के अलावा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में गुरू पूर्णिमा पर्व की व्यवस्थाओं के सम्बंध में पावर पॉइंट प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया तथा बताया गया कि २८ से ३० जुलाई तक ३ दिवसीय गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। गुरू पूर्णिमा का मुख्य पर्व २९ जुलाई को रहेगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि गुरू पूर्णिमा पर्व पर दादाजी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने पर्व के दौरान शहर में साफ सफाई, शहर की सड़कों की रिपेयरिंग तथा स्ट्रीट लाइट, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था के सम्बंध में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दादाजी मंदिर परिसर में अस्थायी चिकित्सालय स्थापित कर चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने तथा पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाईयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात पुलिस के अधिकारियों को दादाजी मंदिर परिसर के आसपास पार्किंग व्यवस्था के सम्बंध में अभी से तैयारी करने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को गुरू पूर्णिमा के ३ दिवसीय पर्व के दौरान आयोजित होने वाले भंडारों में वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण के निर्देश भी दिए।

बैठक में तय किया गया कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर २८ से 30 जुलाई तक शहर में झांकियां एवं चल समारोह जैसे आयोजन नहीं हो सकेंगे। साथ ही इस दौरान डीजे साउंड के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि गुरू पूर्णिमा पर्व के दौरान आयोजित होने वाले भंडारों के स्टाल सड़क मार्ग के एकदम पास न लगाएं, क्योंकि ऐसा करने से यातायात बाधित होता है।

## न्यूज -कॉलम

### महाराष्ट्र से नाबालिग को ट्रेन में बैठकार फरार युवक

**उज्जैन।** दाऊदखेडी क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग कुछ दिन पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। इस दौरान सामने आया कि मंदसौर का युवक से बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने युवक के परिजनों से पूछताछ शुरू की। पता चला कि महाराष्ट्र में है, पुलिस महाराष्ट्र जाने की तैयारी कर रही थी, उसी बीच परिजनों ने युवक को सूचना पहुंचा दी। युवक ने नाबालिग को महाराष्ट्र से ट्रेन में बैठाया और फरार हो गया। पुलिस को नाबालिग के ट्रेन से उज्जैन आने की खबर मिलते ही उसे दस्तयाब करने के प्रयास शुरू किये। गुरूवार सुबह उज्जैन आने पर नाबालिग को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में पता चला कि युवक ने उसके साथ गलत काम किया है। कुछ महिनों पहले युवक मजदूरी करने दाऊदखेडी आया था। वह भैंस चराने जाती थी, तभी उससे पहचान हुई थी। पुलिस ने नाबालिग के बयान पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया है। उसकी तलाश में पुलिस महाराष्ट्र और मंदसौर जा सकती है।

### बेटी हुई तो ससुराल वाले दहेज में मांगने लगे 5 लाख

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने खरगोन के श्रीनाथ कालोनी में रहने वाले मेडिकल व्यवसाई गौरव पिता बलदेवसिंह सेंगर, रजनी पति बलदेव सेंगर, बलदेव सेंगर और श्वेता सेंगर के खिलाफ दहेज प्रताडना का प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि परवाना नगर में रहने वाली रघुवंशी परिवार की महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका विवाह रीति रिवाज से 8 दिसंगर 2020 को गौरव से हुआ था। पिता ने गृहस्थी का सामान, 1 लाख नगद, सोने के आभूषण दिये थे। सालभर बाद गर्भवती हुई तो मायके भेज दिया। पुत्री को जन्म दिया तो देखने तक नहीं आये और पुत्र नहीं होने पर 5 लाख की मांग करने लगे। पति, सास-ससुर और ननद द्वारा उसे फोन पर प्रताडित किया जाने लगे। पिता ने मांग पूरी करने की बात कहीं, पति उसे ससुराल ले गया, लेकिन पिता ससुराल वालों की डिमांड पूरी नहीं कर पाये तो उन्होने घर से निकाल दिया। वह सालभर से मायके में रह रही है। मामला नवविवाहता से जुडा होने पर दहेज प्रताडना का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### पुत्र से विवाद के बाद पिता ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** आगररोड स्थित ग्राम चककमेड में रहने वाले प्रभुलाल पिता कन्हैयालाल को गुरूवार शाम परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। प्रभुलाल ने जहरीला पदार्थ खाया था। डॉक्टरों ने हालत देख उपचार के लिये भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि प्रभुलाल और उसके पुत्र के बीच विवाद हो गया था, पुत्र ने पिता को अपशब्द कहे और हाथपाई करने लगा। जिसके बाद प्रभुलाल ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### आयशर से टकराई ओवरटेक करती लोडिंग

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग पर गुरूवार सुबह खडी आयशर को ओवरटेक करने कर रहा लोडिंग चालक सामने से कार आती देख बचने का प्रयास करने लगा। लोडिंग का संतुलन बिगड गया और आयशर से टकरा गया। घटनाक्रम में लोडिंग का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मोहम्मद मुस्तिकीम निवासी अहमदनगर गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस कानीपुरा घटनास्थल पहुंची और चालक को अस्पताल लाया गया। जहां पूछताछ में पता चला कि वह कबाडे का कारोबार करता है। लोडिंग से कबाड लेने जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। आयशर चालक से भी बीच मार्ग पर गाडी खडी की वजह पता की जायेगी।

### पानी की टंकी साफ कर रहे वृद्ध को सांप ने डंसा



**उज्जैन।** कोठी लाइन क्षेत्र में रहने वाला मिथुन पिता मोहन पांडे 52 साल गुरूवार शाम घर पर पानी की टंकी की सफाई कर रहा था, उसी दौरान उसे सांप ने डंस लिया। परिजनों को पता चला तो मिथुन को चरक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार चल रहा है। डॉक्टरों ने 24 घंटे आर्ब्जवेशन में रखने की बात कहीं है। बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटना बढ़ती सामने आ रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 389-0 | 448-6 |
| मेन बाजार | 238-3 | 249-5 |
| कल्याण नाइट | 558-8 | 338-4 |
| मिलन डे | 179-7 | 890-7 |
| मिलन नाइट | 240-6 | 239-4 |
| मधुर डे | 180-9 | 335-1 |
| मधुर नाइट | 268-6 | 140-5 |
| शुभांक | 3 5 | 7 |

57 लाख से अधिक की 112.35 ग्राम एमडी की बरामद...

# ड्रग्स बेचने ढाई लाख आटो से निकले थे 2 युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नशा करने वालों को ड्रग्स बेचने आटो से निकले 2 युवकों को पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 57 लाख से अधिक कीमत की एमडी बरामद की गई है। दोनों से पूछताछ जारी है। आज दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि खबर मिली थी कि आटो क्रमांक एमपी 13 आर 5205 से 2 युवक नशा करने वालों को ड्रग्स बेचने के लिये निकले है। दोनों सावराखेडी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास खडे है। मामला अवैध मादक पदार्थ का होने पर एसआई यादवेन्द्र परिहार की टीम को रवाना किया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास उक्त नम्बर का आटो खडा दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी की और उसमें सवार 2 युवकों को कस्टडी में लिया। पूछताछ करने पर उनके नाम शादाब पिता शेरू खान 29 साल और दाऊद पिता हमीद खान 22 साल निवासी बेगमपुरा थाना महाकाल सामने आये। दोनों की तलाशी लेने पर उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा भूरे रंग का मादक पदार्थ मिला। जानकारी लेने पर दोनों ने एमडी ड्रग्स बताया। दोनों को थाने लाया गया और आटो जप्त किया गया। उनके बरामद एमडी ड्रग्स 112.35 ग्राम थी। आटो ढाई लाख और ड्रग्स की कीमत 57.50 लाख रूपये पाई गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। फिलहाल दोनों से ड्रग्स उपलब्ध कराने की जानकारी मिली है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।



### पिता की आटो लेकर निकला था शादाब

बताया जा रहा है कि जिस आटो से दोनों एमडी ड्रग्स बेचने निकले थे, वह शादाब के पिता की होना सामने आई है। शादाब और दाऊद मजदूरी करते है। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों के अपराधिक रिकार्ड का पता लगाया जा रहा है। यह जानकारी भी जुटाई जा रही है कि दोनों कब से मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुडे है। उनके साथ अवैध काम में कौन-कौन शामिल है। फिलहाल दोनों दोस्त होना सामने आये है।

### नशे से युवाओं को बचाने का प्रयास

एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा जिले में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुडे लोगों की धरपकड का अभियान चलाकर युवाओं को नशे से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे अधिक युवा वर्ग मादक पदार्थ के नशे की लत से प्रभावित होना सामने आ रहे है। पिछले 6 माह में एसपी के निर्देश में जिले की पुलिस कई लोगों को एमडी ड्रग्स, डोडाचूरा, गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद कर चुकी है। यही नहीं एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का बडा खुलासा भी किया जा चुका है।

# बाइक के साथ नाले में बह गया सहायक सचिव

## गावडी लोधा में देर रात तक तलाशी अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

2 दिनों से हो रही बारिश के बाद नदी-नालों में उफान आना शुरू हो गया है। गुरूवार देर शाम ग्राम पंचायत से घर लौट रहा सहायक सचिव उफनते नाले के तेज बहाव में बाइक सहित बह गया। तलाश में देर रात तक सर्चिंग की गई, लेकिन पता नहीं चला।





मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी लोधा से सामने आया। बुधवार के बाद गुरूवार शाम फिर से तेज बारिश शुरू हुई। इस दौरान ग्राम गावडी लोधा पंचायत सहायक सचिव सूर्यप्रताप सिंह सोनगरा बाइक से अपने घर सिजावदा जाने के लिये निकला। गावडी लोधा मार्ग पर नाला पर बनी पुलिया पार करते समय अचानक आये तेज बहाव में बाइक सहित गिर गया और बह निकला। पानी का बहाव इतना तेज था कि बाइक भी नाले में चली गई। कुछ लोगों ने घटनाक्रम देखा तो गांव वालों और परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास टीम के साथ पहुंच गये थे। जानकारी सामने आई कि घटना रात 7.45 बजे के लगभग की है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन रात 10 बजे तक कुछ पता नहीं चला। मामले की सूचना होमगार्ड की एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम को दी गई। बडनगर से रात में टीम पहुंची, लेकिन पानी का बहाव और अंधेरा होने पर तलाशी अभियान में परेशानी होने लगी। बताया जा रहा था कि सुबह उज्जैन से एसडीआरएफ की टीम पहुंचेगी, बावजूद इसके देर रात तक स्थानीय स्तर पर तलाशी अभियान जारी था। परिवार के लोग भी मौके पर देर रात तक खडे रहे।

### इधर बही बाइक, युवक निकला बाहर

तेज बारिश के बीच एक हादसा ग्राम जगोटी से भी शाम 7 बजे के लगभग सामने आया, शाम को खेडा खजूरिया मार्ग स्थित खाल पर बनी पुलिया से बाइक निकालने का प्रयास कर रहा युवक तेज बहाव में बह गया। कुछ दूर जाने के बाद युवक तो किनारे पर आकर बच गया, लेकिन उसकी बाइक पानी के तेज बहाव में चली गई। युवक का नाम केशुलाल आंजना 47 साल खेडा खजूरिया सामने आया है। वह खेत से घर लौट रहा था।

## देवास पुलिस की गिरफ्त में उज्जैन का युवक, 14 पिस्टल मिली

### हथियार तस्करों पर कार्रवाई, 14 पिस्टल मिली

**उज्जैन।** देवास पुलिस ने प्रदेशभर में बदमाशों को अवैध पिस्टल सप्लाय करने वाले गिरोह को पक?ा है। जिसमें उज्जैन का एक युवक भी शामिल है। गिरोह 4 जुलाई तक रिमांड पर है। जिनके पास से 14 पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस मिले है।

देवास कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों से अवैध हथियारों की तस्करी की खबरे सामने आ रही थी। पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद के निर्देशन में विशेष टीम बनाई गई थी। बुधवार-गुरूवार रात एक साथ चार स्थानों पर दबिश दी गई। इस दौरान उज्जैन के आगररोड स्थित ग्रीन सिटी में रहने वाले शुभम पांचाल के साथ देवास भैरवग? स्थित जयभारत नगर में रहने वाले अंकित रायकवार, साहिल वर्मा के साथ लक्ष्मीपुरा देवास के अक्षय शिंदे और इरफान शेख निवासी सिल्वर कालोनी देवास को गिरफ्तार किया गया। पांचों के पास से 14 देशी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस मिले है। सभी को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 4 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त और सप्लाय चैन की महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पांचों से जानकारी मिली है कि सूनसान जगहो पर हथियारों की डील करते थे। मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से देशी पिस्टल लाते है और बदमाशों तक पहुंचाते है। देवास कोतवाली थाना प्रभारी के अनुसार इस बात का पता लगाया जा रहा है कि हथियार कहां तैयार किये जा रहे थे। इनके मुख्य सप्लायर कौन है और किन-किन अपराधियों तक हथियारों की सप्लाई की गई है। अब तक सप्लाय किये गये 3 देशी पिस्टल की जानकारी सामने आ चुकी है।

## चप्पलों की माला पहनाकर जुलूस निकाले वाले 6 गिरफ्तार

**उज्जैन।** प्रेम विवाह करने वाली महिला का चप्पलों की माला पहनाकर जुलूस निकालने वाले 3 आरोपियों की गुरूवार को गिरफ्तारी कर ली गई। घटनाक्रम सामने आने के बाद 3 को मौके से दबोच लिया गया था। अब 5 फरार आरोपियों की तलाश में झारडा और राघवी पुलिस उनके ठिकानों पर दबिश मार रही है।

मंगलवार को झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया वेणा में पति को छोड प्रेम विवाह करने वाली महिला का 3 साल बाद गांव लौटने पर ससुराल वालों ने अमानवीय व्यवहार करते हुये जुलूस निकाल दिया था।

ससुराल वालों ने महिला के कपडे फाड दिये थे, बाल काटे थे और जूते-चप्पलों की माला पहनाई थी। महिला का अर्द्धनग्न हालत में जुलूस निकलता देख कुछ जागरूक लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच महिला के ससुर सुमेरसिंह पिता कालूसिंह के साथ उसका साथ देने वाले बद्रीलाल और कचरूसिंह को गिरफ्तार कर लिया था। महिला की शिकायत पर 11 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। गुरूवार को शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये झारडा थाना पुलिस के साथ राघवी थाना पुलिस की टीम गठित की गई। दोनों टीम ने फरार आरोपियों की तलाश में दबिश देकर 3 आरोपी दशरथसिंह, विरेन्द्रसिंह और कृपालसिंह को हिरासत में ले लिया। अब 5 आरोपी फरार है, जिनकी तलाश में गिरफ्तार के लिये दबिश जारी है।

### पति को छोड महिला ने किया प्रेम विवाह

घटनाक्रम सामने आने के बाद झारडा थाना प्रभारी आनंद भाबोर ने बताया था कि महिला वर्ष 2023 में पति को छोड गांव के युवक के साथ चली गई थी। उसने प्रेम विवाह कर लिया था। 3 सालों तक गांव से दूर रहने के बाद महिला दूसरे पति के साथ गांव लौटी थी। उसी दौरान उसके पूर्व ससुराल वालों ने पकड लिया और अमानीय व्यवहार किया।

## विवाद के बाद पत्नी ने गले में डाला फंदा

### पति लेकर आया अस्पताल, उपचार जारी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर गुरूवार रात 8 बजे पत्नी ने गले में फंदा डाल लिया और लटक गई। पति ने उसे देखा और नीचे उतारा, अस्पताल लाने पर सांस चल रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली थी कि बैकुंठधाम कालोनी से रविना पति अभिषेक 20 साल को उपचार के लिये लाया गया है। रविना ने फांसी लगाने का प्रयास किया है। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, इस दौरान सामने आया कि रविना का पति से खाना बनाने की बात पर विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने कमरे में जाकर फंदा गले में डाल लिया था। पति घर में मौजूद था, उसने देखा तो तत्काल नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा। प्रधान आरक्षक के अनुसार महिला की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बावजूद डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।

## रेलवे स्टाफ और यात्रियों की सेवा से जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**उज्जैन।** सूरत से नई दिल्ली जा रही ट्रेन में सफर कर रही गर्भवती महिला को न सिर्फ चलती ट्रेन में सुरक्षित प्रसव हुआ, बल्कि रेलवे स्टाफ और सह-यात्रियों की तत्परता से मां और नवजात बच्ची को समय पर चिकित्सीय सहायता भी मिल सकी। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा और मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 12925 (पश्चिम एक्सप्रेस) जब रतलाम से खाचरोद के बीच दौड़ रही थी, तभी कोच संख्या स्-6 के शौचालय में एक महिला यात्री को अचानक तीव्र प्रसव पीड़ा हुई और उन्होंने वहीं एक नवजात बच्ची को जन्म दे दिया। शौचालय में प्रसव की सूचना मिलते ही बोगी में हड़कंप मच गया। सह-यात्रियों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के तुरंत बाद ट्रेन में तैनात रेलवे कर्मचारी बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए फौरन रतलाम के   को सूचित किया गया। कोच में मौजूद अन्य यात्रियों के सहयोग से तुरंत सूती कपड़े और कंबल की व्यवस्था की गई, ताकि नवजात और मां को संक्रमण व ठंड से बचाया जा सके।

**खाचरोद स्टेशन पर टीम तैनात मिली**-ट्रेन के खाचरोद पहुंचने से पहले ही वहां के ऑन-ड्यूटी स्टेशन मास्टर और रेलवे स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया था। जैसे ही ट्रेन खाचरोद रेलवे स्टेशन पर रुकी, रेलवे कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए प्रसूता महिला, उनकी नवजात बच्ची और उनके ससुर को सुरक्षित कोच से नीचे उतारा। स्टेशन पर पहले से की गई तैयारियों के चलते बिना देरी किए दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकीय उपचार के लिए भेजा गया। फिलहाल मां और बच्ची दोनों सुरक्षित और स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

## साइबर एक्सपर्ट बोले सोचे-समझे फिर करें क्लिक






### निर्मला कांवेंट स्कूल में बनाई मानव श्रृखंला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साइबर जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 अभियान चला रहा है। गुरूवार को निर्मला कांवेंट स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए साइबर एक्सपर्ट ने कहा कि ऑनलाइन होते समय पहले देखे, सोचे-समझे फिर क्लिक करें।

पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान में गुरूवार को नागझिरी थाना क्षेत्र के निर्मला कांवेंट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच थाना प्रभारी कमल निगवाल, एसआई पूजा सोलंकी के साथ सायबर सेल एक्सपर्ट एसआई प्रतिक यादव पहुंचे। एसआई यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि ऑनलाइन जाते समय पहले देखे फिर सोचे-समझे उसके बाद ही किसी लिंक पर क्लिक करें। उन्होने वर्तमान समय में तेजी से बड रहे साइबर अपराध फर्जी कॉल, मैसेज, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैकिंग धोखाधडी, ओटीपी किसी के साथ साझा ना करने जैसी बातों से अवगत कराया और परिवार के लोगों से भी साझा करने की बात कहीं। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की बात कहीं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में पुलिस अधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन और छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, डिजिटल सुरक्षा अपनाने तथा साइबर ठगी से बचाव का प्रभावी संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। उज्जैन पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक, एपीके फाइल, फर्जी वेबसाइट अथवा ऑनलाइन प्रलोभन के झांसे में न आएं। साइबर फ्रॉड से बचाव का जागरूकता ही सबसे बडा हथियार है।

### मृतक पर दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरासी के पास पुलिया पर 26 जून की दोपहर ट्रेक्टर पलटी खा गया था। घटना में चालक दिनेश उर्फ जीवनलाल पिता सज्जनलाल गारी 23 साल निवासी ग्राम खे?ामदा की मौत हो गई थी। मर्ग कायम कर पांच दिन की जांच के बाद पुलिस ने मृतक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की धारा 106 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया। अब मामले का खत्मा न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### समन्वय की सात दिवसीय यात्रा संपन्न

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप समन्वय का 28 दंपतियों का दल सिक्किम और दार्जिलिंग की सात दिवसीय पर्यटन व मनोरंजन यात्रा से लौट आया है। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफारिया के मार्गदर्शन और अध्यक्ष नगीन नलवाया के नेतृत्व में गई इस यात्रा में सदस्यों ने हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर यादगार पल बिताए। अंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस से शुरू हुई इस यात्रा में दल ने गंगटोक के फ्लावर एग्जीबिशन सेंटर में दुर्लभ पुष्पों की प्रदर्शनी देखी। इसके बाद प्रसिद्ध एमजी रोड, भारत-चीन सीमा पर स्थित ऐतिहासिक नाथुला दर्रा, आस्था के केंद्र बाबा हरभजन सिंह मंदिर और 12,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित छांगू झील का भ्रमण किया।

# मन से कैसे मिले छुटकारा, जाने उसका मार्ग



लोग प्रायः पूछते हैं कि मन का निग्रह कैसे किया जाए? मैं उनको कहता हूं : मुझे मन दिखाइए, तब आप जानेंगे कि क्या करना है? हकीकत यह है कि मन केवल विचारों का समूह है; अतः आप उसे नष्ट करने के विचार से या इच्छा से कैसे नष्ट कर सकते हैं? आपकी इच्छाएं और विचार मन के भाग हैं। मन नए विचारों से पुष्ट होता है। इसलिए मन के साधन से मन को नष्ट करने का प्रयत्न मूर्खता है। इसका एक ही मार्ग है कि मन के मूल का अन्वेषण करने का सूत्र दृढ़ता से पकड़ रखा जाए, तब वह अपने आप क्षीण होकर लुप्त हो जाएगा। योग चित्त-वृत्तियों के निरोध का उपदेश करता है, मगर मैं आत्म-अनुसंधान की बात कहता हूं। यह एक व्यावहारिक मार्ग है। चित्त-वृत्ति निरोध तो नींद में, मूर्च्छा की अवस्था में या अनशन से अपने आप होता है, लेकिन कारण निवृत्त होने पर विचार वापस आ जाते हैं। तो निरोध का क्या उपयोग है? मूढ़ता में शांति होती है, कोई दुख नहीं होता, लेकिन उसके समाप्त होते ही दुख वापस आ जाता है। इसलिए निरोध निरर्थक है, उससे स्थायी लाभ नहीं हो सकता।

ऐसे में, सवाल उठता है कि शांति को स्थायी कैसे बनाया जाए? दुख के कारणों की तलाश करके। पदार्थों को देखने पर दुख होता है। यदि वे न रहें, तो उनसे संबद्ध विचार नहीं रहेंगे और दुख नाश होगा। दूसरा प्रश्न यह है कि पदार्थों का अभाव कैसे हो? श्रुति और ज्ञानी पुरुष कहते हैं कि पदार्थ केवल मन के सर्जन हैं; उनकी वास्तविक सत्ता नहीं है। इस विषय की तलाश कर-के इस विधान की सत्यता को निश्चित रूप से समझिए। इस तलाश के परिणामस्वरूप यह निर्णय होगा कि वस्तुसत्तारूप जगत आत्मसत्तारूप चैतन्य में विद्यमान है। इस प्रकार यह निश्चय होता है कि केवल आत्मा सत्य है, जो विश्व में व्याप्त है, और विश्व को घेरकर ठहरा हुआ है। चूंकि द्वैत है ही नहीं, विचार उत्पन्न नहीं होंगे और आपकी शांति भंग नहीं करेंगे। इसे ही आत्म-साक्षात्कार कहा जाता है। आत्मा नित्य है और उसका अनुभव भी नित्य है। जब भी कोई विचार आपको बहुत परेशान करे, तो प्रत्येक समय अपने अंदर आत्मा में उसे वापस लाकर लीन कर दीजिए, यह अभ्यास है। यह चित्त की एकाग्रता या विनाश नहीं है, बल्कि उसकी आत्मा में स्थिति है। मन से मन को नष्ट करने के लिए कहना, दरअसल चोर को पुलिस बनाना है। वह आपके साथ चलेगा, चोर को पकड़ने का दिखावा भी करेगा, लेकिन इससे कुछ हाथ नहीं लगेगा। इसलिए आपको अवश्य भीतर की ओर मुड़ना होगा, और मन की उत्पत्ति कहां पर होती है, यह स्वयं (मन से अलग होकर) देखना होगा, तब उसका अस्तित्व मिट पाएगा।



## सम्पादकीय

# घटती कीमतें

अमेरिका-ईरान युद्ध के तनाव में कमी आने के बाद पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गिरावट शुरू होना स्वाभाविक है। तनाव कम होने से भारत में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 180 रुपये से अधिक की कमी आई है। होटलों और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाली वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में बुधवार को वाजिब कटौती की गई है। यह इस साल की पहली कटौती है, इसके बाद वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 2,930 रुपये हो गई है। कीमतें और कम होने की गुंजाइश है, क्योंकि फरवरी में इस सिलेंडर की कीमत 1,907 रुपये थी। जेट या विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन की कीमत में भी प्रति लीटर पांच रुपये की कमी की गई है, यहां भी और कमी की गुंजाइश है। सामान्य पेट्रोल या डीजल की कीमतों में कमी करने में निजी कंपनी नायरा ने बाजी मार ली है। करीब 7,000 पेट्रोल पंप वाली भारत की सबसे बड़ी निजी ईंधन विक्रेता कंपनी नायरा एनर्जी ने बुधवार को पेट्रोल में पांच रुपये प्रति लीटर व डीजल में तीन रुपये लीटर की कटौती कर जरूरी राहत दी है।

वैसे, मार्च में अमेरिका-ईरान युद्ध के चरम पर पहुंचते ही नायरा ने ही भारत में तेल की कीमतों में सबसे पहले इजाफा किया था। अब नायरा की ताजा पहल से सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विक्रेता कंपनियों पर भी कीमतों को घटाने के लिए स्वाभाविक दबाव पड़ रहा है। हालांकि, कीमतों को घटाना आसान नहीं है। भारतीय सार्वजनिक पेट्रालियम कंपनियां फिलहाल अपने घाटे को दूर करने में लगी हैं। यह बात सही है कि भारत में बहुत देर से कीमतों में वृद्धि की गई थी। भारत ऐसे विरल देशों में शुमार था, जहां सामान्य पेट्रोल, डीजल को महंगा नहीं किया गया था। बाद में वृद्धि तब की गई, जब दुनिया के अनेक देश कीमतों में कटौती कर रहे थे। चीन ने तो अप्रैल में ही कीमतों को घटाना शुरू कर दिया था। यह सही है कि विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। ईरान ने भी आपूर्ति बढ़ाई है और रूस ने भी निर्यात में इजाफा किया है। इन दोनों ही देशों को धन की बहुत जरूरत है। हालांकि, यहां से कच्चे तेल की कीमतों में और कमी नहीं आएगी। 28 फरवरी को जब ईरान पर हमला हुआ था, उससे पहले विश्व बाजार में तेल की कीमत 68 डॉलर प्रति बैरल थी और कीमतें एक समय 100 डॉलर के पार चली गई थीं। अतः अब सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों में भी कीमतों को घटाने की मांग हो रही है।

## राजनीति की शतरंज

# राजनीति में भी जंग और प्रेम की तरह सब जायज

एवरी थिंग इज फेयर इन लव एंड वार एक ऐसा जुमला है जिसे अपने-अपने हिसाब से लोग प्रयोग कर लेते हैं। निश्चित ही इसका आशय केवल इतना है कि अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप उचित या अनुचित किसी भी तरह से अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य करना भले ही वह सामान्य नियमों या आदर्श के अनुरूप न हो अर्थात नैतिक नियमों या आदर्श से अलग हटकर उद्देश्य की पूर्ति के लिए उठाया गया कोई भी कदम जिससे अपने लक्ष्य की पूर्ति होती है उक्त जुमले के तहत ही देखा जाता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए ऐसे कई कदम उठाने पड़ते हैं जिन्हें सामान्यतः विधि सम्मत नहीं माना जाता है को यही जुमला एवरी थिंग इज फेयर कहकर जस्टिफाई किया जाता है। वर्तमान में देश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ सत्ता में है। 2024 के चुनाव में देश ने जो जनादेश दिया वह स्पष्ट जनादेश नहीं था। 543 सीटों वाली लोकसभा में स्पष्ट जनादेश के लिए 272 सीटों की आवश्यकता थी किंतु भाजपा को मात्र 240 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। भाजपा लोकसभा में यूं तो सबसे बड़ी पार्टी थी किंतु उसके पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं था ऐसी स्थिति में एनडीए के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार का गठन हुआ जिसे तेलुगु देशम पार्टी के 16 सांसद जनता दल यूनाइटेड के 12 सांसद शिवसेना शिंदे गुटके 7 सांसद और लोक जनशक्ति पार्टी के पांच सांसदों का समर्थन प्राप्त है। स्वाभाविक है भाजपा के लिए यह स्थिति सुखद नहीं थी। 2024 में जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आए थे तब भाजपा की स्थिति जितनी ऊहापोह की रही होगी उससे अधिक प्रसन्नता की स्थिति विपक्ष के पास थी। विपक्ष इस प्रयास में था कि एनडीए की सरकार न बन पाए इसके लिए उसने चुनाव परिणाम आने के बाद प्रयास किया किंतु वह सफल नहीं हो पाया। मोदी सरकार के गठन के बाद राहुल गांधी ने बयान दिया था यह सरकार एक साल नहीं चल पाएगी यह इसके पहले ही गिर जाएगी। इस वक्तव्य के पीछे विपक्ष को उम्मीद थी कि देर सवेर मोदी को समर्थन देने वाली टीडीपी या जेडीयू समर्थन वापस ले लेंगी और मोदी सरकार गिर जाएगी जिससे विपक्ष का सरकार बनाने का रास्ता आसान हो सकेगा लेकिन विगत 2 सालों में ऐसा कोई भी मौका किसी को देखने को नहीं मिला कि एनडीए के घटक दलों में भाजपा या मोदी के नेतृत्व से असंतोष हुआ हो। ऐसी स्थिति में विपक्ष बिल्ली के भाग से छींका टूटने का इंतजार आज तक कर रहा है। भाजपा के लिए इससे बड़ा संतोष और क्या हो सकता है कि उसमें शामिल सभी दलों का मोदी के नेतृत्व में न केवल पूरा विश्वास है बल्कि उनके राज्यों में विकास कार्यों में मोदी सरकार का भरपूर सहयोग मिला है। यही नहीं भारतीय जनता पार्टी और मोदी के लिए इससे सुखद और गौरव का क्षण और क्या हो सकता है कि मोदी ने संसद में प्रधानमंत्री के रूप में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का निर्वाचित प्रधानमंत्री होने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। जून 2026 में प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार 4399 दिन (लगभग 12 वर्ष) पूरे कर पंडित नेहरू के 4398 दिनों का एतिहासिक रिकॉर्ड तोड़कर नया इतिहास बनाया है जो अपने आप में महत्वपूर्ण और सदा उल्लेखनीय रहेगा। यूँ तो मोदी एनडीए दलों के साथ सरकार में हैं और सरकार सुचारू ढंग से चल भी रही है लेकिन सरकार का सुचारू ढंग से चलना और पूरे 5 साल पूरे करना किसी ऐसे दल को जिसका उद्देश्य समष्टि के भले के लिए कार्य करना हो संतुष्ट नहीं करता। मोदी सरकार केवल 5 साल सरकार चलती रहे इसमें विश्वास नहीं करती बल्कि उसका उद्देश्य उन लक्ष्यों की पूर्ति करना है जिसके लिए वह जानी जाती है। पिछले 12 सालों में उसने ऐसे कई काम किए जिन्हें पूरी तरह से असंभव माना जाता था। उदाहरण के लिए धारा 370 और 35 ए हटाना, यूपीआई ट्रांजैक्शन, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक पर प्रतिबंध, जीएसटी लागू करना, कोविड के दौर में देश के नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से टीकाकरण और विदेशी सहयोगियों को टीका उपलब्ध कराना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना के साथ ही देशवासियों को शौचालय, स्वच्छता अभियान, उज्जवला गैस योजना, और करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज योजना तथा असंभव सा लगने वाला सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे कठोर निर्णय करना सामान्य बात नहीं थी। यह सब ऐसे असंभव काम थे जिन्हें मोदी ने पूरा किया है। धारा370 के बारे में तो कश्मीर के कथित रहनुमा फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती सहित पूरा विपक्ष डराता था कि इसे हाथ मत लगाना देश में आग लग जाएगी। यही नहीं यूपीआई ट्रांजैक्शन के बारे में पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम का कहना था कि यह पूरी तरह से असंभव है यह कभी हो ही नहीं सकता। राहुल गांधी कहते थे देश में मेक इन इंडिया हो ही नहीं सकता। इन सब की ना को मोदी ने कैसे हां में बदला पूरा देश जानता है। वर्तमान समय में मोदी के एजेंडे में डिलिमिटेशन अर्थात परिसीमन बिल, लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करना, संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण तथा एक देश एक चुनाव प्राथमिकता के हैं जिन्हें मोदी सरकार पूरा करना चाहती है। लेकिन उसके पास संसद में संविधान संशोधन के लिए पर्याप्त संख्या बल अर्थात दो तिहाई बहुमत नहीं है। अभी जारी सांसदों की तोड़फोड़ संसद में दो तिहाई बहुमत पाने के लिए हो रहा है ऐसी धारणाएं सामने आ रही हैं। निश्चित ही इस तोड़फोड़ का केवल यही एकमात्र कारण नहीं है। सच्चाई तो यह भी है कि वर्तमान संसद में विपक्ष उतना लोकहितकारी नहीं है जितना उसे होना चाहिए। साथ ही विपक्ष में कोई नेता भी उतना प्रभावशाली नहीं है जितना होना चाहिए। अगर विपक्ष लोकहितकारी होता तो ऐसी तोड़फोड़ की आवश्यकता नहीं पड़ती। यदि विपक्ष प्रभावशाली और उचित अनुचित के आधार पर सरकार का विरोध या समर्थन की सामर्थ रखता तो किसी तरह की तोड़फोड़ की आवश्यता नहीं पड़ती। आज का विपक्ष सिर्फ सरकार का विरोध कर रहा है जो बिल अटके पड़े हैं उनकी महत्ता को देखते हुए यदि विपक्ष लोक कल्याण में इनका समर्थन करता तो सांसदों के तोड़फोड़ की आवश्यकता नहीं पड़ती क्योंकि ये बिल जो अटके पड़े हैं लोक कल्याण के महत्व वाले हैं। उन्हें संसद में पास कराने के लिए यह माना जाए कि सरकार तोड़फोड़ कर रही है तो कहा जा सकता है एवरीथिंग इज फेयर इन लव एंड वार। वर्तमान भौतिकवादी युग में कोई भी व्यक्ति लाभ हानि के आधार पर अपना अभिमत बनाता है। जो सांसद विपक्ष को छोड़कर जा रहे हैं उनमें से अधिकांश इसी अभिमत के होंगे कि सत्ता का साथ देने में वे अपने संसदीय क्षेत्र को ज्यादा लाभान्वित कर सकते हैं। वस्तुतः टूट-फूट की शुरूआत अप्रैल में आम आदमी पार्टी के 10 में से 7 राज्यसभा सांसदों से हुई है जो पंजाब से हैं जिन्होंने बीजेपी में विलय किया। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 सांसदों ने इंडियन नेशनल सिविलियन पार्टी (एक गुमनाम दल) में विलय कर सरकार को समर्थन देने के लिए दल बदल किया।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

## वह लड़की जो खबर बन गई

शहर में उस सुबह अजीब हलचल थी। लोग चाय की दुकानों पर जमा थे। अखबारों के बंडल खुल रहे थे। मोबाइलों की स्क्रीनें चमक रही थीं। हर तरफ एक ही खबर थी, लेकिन किसी को पूरी खबर मालूम नहीं थी। बस इतना पता था कि कोई लड़की खबर बन गई है। कौन थी, कहाँ की थी, उसके साथ क्या हुआ, यह किसी को ठीक से नहीं मालूम था। फिर भी सब विशेषज्ञ बने बैठे थे। चायवाले रामू ने कप धोते हुए पूछा, कौन थी वह लड़की? सामने बैठे बाबूजी बोले, अरे, कोई होगी। आजकल तो रोज कोई न कोई खबर बन जाती है। एक ग्राहक हँसा, हमारे देश में आदमी पैदा बाद में होता है, खबर पहले बन जाता है। सब हँस दिए। अखबार मेज पर पड़ा था, जैसे किसी की लाश चौराहे पर पड़ी हो और लोग उसके जूतों का ब्रांड देख रहे हों। तभी एक बूढ़ी औरत वहाँ आई। उसने काँपते हाथों से अखबार उठाया और देर तक तस्वीर को देखती रही। उसकी आँखें भर आईं। रामू ने पूछा, अम्मा, जानती हो क्या उसे? बूढ़ी औरत ने सिर झुका लिया। बोली, नहीं बेटा, मैं उसे नहीं जानती। लेकिन उसके आँसू मेरी उम्र के लगते हैं। लोग चुप हो गए। फिर किसी ने बात बदल दी। हमारे समाज में दुख से ज्यादा असुविधाजनक कोई विषय नहीं होता। यहाँ आदमी शोक से नहीं, शोक की अवधि से परेशान होता है। उधर खबर फैलती जा रही थी। शहर में हर कोई लड़की के बारे में बात कर रहा था। केवल लड़की ही कुछ नहीं बोल रही थी। शायद इसलिए कि खबरों की दुनिया में पात्रों की नहीं, शीर्षकों की आवाज सुनी जाती है। दोपहर तक टीवी चैनल सक्रिय हो गए। स्टूडियो सज गए। बहस शुरू हो गई। एंकर गरजा, देश जानना चाहता है कि दोषी कौन है। ऐसा लगा जैसे देश अभी तक छुट्टी पर था और एंकर ने उसे जगाया हो। स्क्रीन पर आठ खिड़कियाँ खुलीं। आठ चेहरे दिखाई दिए।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 जुलाई 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 19:10
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 15:00 तक
तिथि - तृतीया 11:23 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - श्रवण 11:47 उपरांत धनिष्ठा
योग - विष्कुंभ 04:59 प्रीति
करण - विष्टि
चन्द्रमा - मकर में है। 00:49 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 17 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ-** किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से क्लेश संभव है।

**मिथुन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**कर्क-** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

**सिंह-** धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे।

**वृश्चिक-** कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

**धनु-** अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मकर-** लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कुंभ-** दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

**मीन-** कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

## समसामयिक

# अयोध्या राम मंदिर प्रकरणः कार्यप्रणाली और पारदर्शिता का प्रश्न



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार चढ़ावा अर्पित करता है। यही कारण है कि जब चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं और चोरी के आरोप सामने आए तो यह मामला केवल एक आपराधिक घटना तक सीमित नहीं रहा। इसने धार्मिक संस्थानों की वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर व्यापक बहस शुरू कर दी। पिछले कुछ दिनों में विशेष जांच दल की कार्रवाई ने इस पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। विभिन्न समाचार रिपोर्टों के अनुसार जांच अब केवल कथित चोरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी देखा जा रहा है कि चढ़ावे की गिनती और जमा करने की जो व्यवस्था तय थी, उसका पालन वास्तव में हुआ या नहीं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि चढ़ावे की गिनती के लिए मंदिर ट्रस्ट और बैंक के बीच एक निर्धारित व्यवस्था बनाई गई थी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नकदी की गिनती पूरी पारदर्शिता के साथ हो और किसी एक व्यक्ति या समूह के भरोसे पूरी प्रक्रिया न रहे। बताया जा रहा है कि गिनती के समय दोनों पक्षों के अधिकृत प्रतिनिधियों की संयुक्त उपस्थिति आवश्यक थी। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तो यह केवल व्यक्तिगत लापरवाही का मामला नहीं रहेगा, बल्कि पूरी निगरानी व्यवस्था की कमजोरी भी सामने आएगी।

जांच एजेंसियां केवल कागजी दस्तावेजों तक सीमित नहीं हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार बैंक अभिलेख, लेनदेन का विवरण, अभिलेखों का मिलान, संबंधित कर्मचारियों की भूमिका और अन्य वित्तीय पहलुओं की भी गहन पड़ताल की जा रही है। यदि किसी व्यवस्था में कई स्तरों पर निगरानी हो और उसके बावजूद कथित अनियमितता सामने आए तो स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि नियंत्रण तंत्र किस स्तर पर कमजोर पड़ा। यही कारण है कि जांच का दायरा लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है।

रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि चढ़ावे की गिनती से जुड़े कई संचालन संबंधी नियमों की समीक्षा की जा रही है। इनमें निगरानी व्यवस्था, कर्मचारियों का नियमित परिवर्तन, निर्धारित पहचान व्यवस्था, अभिलेखों का सुरक्षित रखरखाव और पूरी प्रक्रिया की जवाबदेही जैसे पहलू शामिल हैं। किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में नकदी और अन्य मूल्यवान वस्तुएं प्राप्त होती हैं। इसलिए ऐसी संस्थाओं में केवल ईमानदारी पर्याप्त नहीं होती बल्कि मजबूत संस्थागत व्यवस्था भी उतनी ही आवश्यक होती है।

विशेष जांच दल की कार्रवाई ने यह संकेत दिया है कि मामला केवल अनुमान के आधार पर नहीं चल रहा है। उपलब्ध समाचारों के अनुसार कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है और 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जांच एजेंसियां संभावित भूमिका निभाने वाले सभी व्यक्तियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि किसी भी व्यक्ति की अंतिम जिम्मेदारी या दोष का निर्धारण केवल न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही माना जाएगा। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि धार्मिक संस्थानों में आने वाला धन सामान्य सरकारी राजस्व नहीं होता। यह सीधे श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा होता है। कोई व्यक्ति अपनी इच्छा से चढ़ावा देता है और उसे विश्वास होता है कि उसका योगदान उसी उद्देश्य के लिए उपयोग होगा जिसके लिए वह अर्पित किया गया है।

# कार्डियक अरेस्ट आया तो नहीं मिलेगा जान बचाने का मौका

जरा सोचिए आप रास्ते से गुजर रहे हैं या ऑफिस में हैं या किसी पार्टी में एंजॉय कर रहे हैं, तभी अचानक आपके सामने बैठे शख्स को कार्डियक अरेस्ट आ जाए तो आप क्या करेंगे? यकीनन ये एक भयानक अनुभव हो सकता है, साथ ही ऐसा सोचना भी किसी भी आम शख्स के लिए परेशान कर देने वाला हो सकता है लेकिन जरा सोचिए अगर कभी ऐसा हो, तो इस स्थिति में आपका पहला एक्शन क्या होगा?

मशहूर टीवी एक्टर ऋतुराज सिंह का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है. एक्टर ने 59 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है. एक्टर की अचानक मौत के बाद एक बार फिर कार्डियक अरेस्ट को लेकर चर्चा तेज हो गई है. कार्डियक अरेस्ट तब होता है जब हमारा हृदय अचानक से काम करना बंद देता है और शरीर के अंगों तक ऑक्सीजन युक्त खून नहीं पहुंच पाता.

कार्डियक अरेस्ट को हृदय की बीमारियों में सबसे अधिक खतरनाक माना जाता है क्योंकि यह अचानक होता है और अगर तुरंत इलाज न मिला तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है.

वैसे भी कार्डियक अरेस्ट आने पर फर्स्ट एड बेहद महत्वपूर्ण होता है। आपके आसपास अगर किसी को कार्डियक अरेस्ट आ जाए तो इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि शुरूआती 5 मिनट में ही मरीज को जरूरी मिल जाए, जिससे मरीज की जान बचने की संभावनाएं बढ़ जाती है। किसी को कार्डियक अरेस्ट आने पर आसपास के सभी लोग घबरा जाते हैं जो कि लाजिमी भी है। लेकिन इस मौके पर दिमागी संतुलन बनाए रखना और मरीज को सही ट्रीटमेंट देना जरूरी होता है।



### कार्डियक अरेस्ट के लक्षण


अगर कोई व्यक्ति अचानक गिर जाए, उसकी पल्स बंद हो जाए और सांस भी रुक जाए और बेहोश हो जाए। ये सारी स्थितियां कार्डियक अरेस्ट की ओर इशारा करती हैं। इसके पहले मरीज को सीने में असहजता, सांस लेने में दिक्कत, कमजोरी और अनियमित धड़कन महसूस हो सकती है।

### फर्स्ट एड में क्या करें?

पुणे के रूबी हॉल क्लीनिक के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राहुल पाटिल कहते हैं कि कार्डियक अरेस्ट के पहले कई बार लक्षण दिखाई देते हैं और कई बार नहीं भी दिखाई देते हैं। किसी को कार्डियक अरेस्ट आने के बाद फर्स्ट एड से जुड़ी कुछ जरूरी बातें करना आवश्यक हैं।

## धर्म-आस्था

# आषाढ़ : जब धरती, आकाश और भारतीय चेतना एक साथ



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

आषाढ़ का आगमन केवल पंचांग में एक नए मास का प्रवेश नहीं है, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन में प्रकृति, अध्यात्म, कृषि, संस्कृति और लोकजीवन के अद्भुत समन्वय का आरंभ है। तपती धरती पर वर्षा की पहली बूंद जैसे ही गिरती है, वैसे ही केवल खेतों में हरियाली नहीं आती, बल्कि मनुष्य के भीतर भी आशा, नवजीवन और नवसंकल्प का अंकुर फूट पड़ता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति ने आषाढ़ को केवल ऋतु परिवर्तन का महीना नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, साधना और सामाजिक जीवन के पुनर्संतुलन का काल माना है। भारतीय परंपरा में आषाढ़ का संबंध केवल वर्षा से नहीं, बल्कि ज्ञान से भी जुड़ा है। इसी मास की पूर्णिमा पर गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। महर्षि वेदव्यास के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवन में गुरु का स्थान सूर्य के समान है। माता-पिता हमें जन्म देते हैं, लेकिन गुरु हमें जीवन का उद्देश्य बताते हैं। भारतीय संस्कृति का यह अद्वितीय पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि ज्ञान, विनम्रता और परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

आषाढ़ मास का एक और महत्वपूर्ण पक्ष भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा है। विशाल रथों पर भगवान का नगर भ्रमण यह संदेश देता है कि ईश्वर केवल मंदिरों तक सीमित नहीं हैं। वे जन-जन के हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचते हैं। यह पर्व सामाजिक समरसता, समानता और लोकभागीदारी का अनुपम उदाहरण है।

इसी मास से चातुर्मास का शुभारंभ भी होता है। वर्षा ऋतु में साधु-संत एक स्थान पर निवास कर समाज को धर्म, नीति, संयम और सदाचार का संदेश देते हैं। यात्राएँ कम होती हैं और अध्ययन, स्वाध्याय, सत्संग तथा आत्ममंथन का वातावरण बनता है। यह परंपरा हजारों वर्षों से भारतीय समाज को नैतिक दिशा देती आई है। आषाढ़ का सबसे गहरा संबंध भारतीय किसान से है। पहली वर्षा के साथ खेतों में हल चलता है, बीज बोए जाते हैं और पूरे वर्ष की समृद्धि की नींव रखी जाती है। किसान के लिए यह केवल खेती का मौसम नहीं, बल्कि विश्वास का पर्व है। वह मिट्टी में बीज नहीं, अपने परिवार का भविष्य बोता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार आज भी कृषि है और कृषि का सबसे आशावान अध्याय आषाढ़ से ही प्रारंभ होता है।

महाकवि कालिदास ने भी आषाढ़ की पहली वर्षा को अमर कर दिया। उनके मेघदूत का प्रारंभ ₹आषाढ़स्य प्रथमदिवसे₹ से होता है। एक विरही यक्ष बादलों को अपना दूत बनाकर संदेश भेजता है। यह केवल काव्य नहीं, बल्कि प्रकृति और मानवीय भावनाओं के अद्भुत मिलन का विश्वविख्यात उदाहरण है। आज भी जब आषाढ़ के बादल उमड़ते हैं, तो कालिदास की स्मृति स्वतः ताजा हो जाती है। आषाढ़ का महत्व केवल सनातन परंपरा तक सीमित नहीं है। बौद्ध परंपरा में इसी काल में वर्षावास प्रारंभ होता है। भगवान बुद्ध ने अपने भिक्षुओं को वर्षा ऋतु में एक स्थान पर रहकर साधना और अध्ययन करने की प्रेरणा दी। जैन साधु भी इसी अवधि में स्थिर निवास कर धर्मोपदेश देते हैं। इस प्रकार आषाढ़ भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं का साझा अध्याय बन जाता है।

विज्ञान भी आज उन बातों की पुष्टि कर रहा है जिन्हें भारतीय ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले समझ लिया था। वर्षा ऋतु में वातावरण, भोजन, दिनचर्या और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह आयुर्वेद में विस्तार से दी गई है। हल्का भोजन, संयमित जीवन, योग, ध्यान और स्वच्छता का महत्व इस ऋतु में अधिक बढ़ जाता है। आधुनिक चिकित्सा भी प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाने और संक्रमण से बचाव पर इसी समय विशेष बल देती है। आज का शहरी जीवन प्रकृति से दूर होता जा रहा है। ऊँची इमारतों और व्यस्त दिनचर्या के बीच कई बार हमें यह अनुभव ही नहीं होता कि ऋतु बदल चुकी है। ऐसे समय में आषाढ़ हमें प्रकृति से पुनः जुड़ने का निमंत्रण देता है। पहली वर्षा का आनंद, मिट्टी की सोंधी सुगंध, पौधारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता—ये सब इस मास के आधुनिक संदेश हैं। आषाढ़ हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन ही स्थिर सत्य है। तपती गर्मी के बाद वर्षा आती है, सूखी धरती फिर हरी हो जाती है और निराशा के बाद आशा का सूर्योदय होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,43,350 रवा- 1,43,300 चांदी- टंच- 2,30,000 पाट- 2,29,000।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## कोटपा दल का औचक छापा, सिगरेट, बीड़ी और जर्दा के सैंपल जब्त

**शाजापुर।** तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और अमानक स्तर पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर ऋजु बाफना के सख्त निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण के संयुक्त फ्लाइंग स्क्वैड ने शहर के दो बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर औचक दबिश दी। कोटपा एक्ट-2003 के तहत हुई इस कार्रवाई से शहर के तंबाकू और सिगरेट कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। टीम ने मौके से सिगरेट, बीड़ी और जर्दा के तीन नामचीन ब्रांड्स के नमूने सील किए हैं, जिन्हें गुणवत्ता की प्रामाणिक जांच के लिए मुंबई स्थित केंद्रीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आदेशों के परिपालन में जिला नोडल अधिकारी डॉ. ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में उक्त संयुक्त दल का गठन किया गया था। कार्रवाई के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा व केएल कुम्भकार सहित औषधि निरीक्षक प्रदीप अहिरवार की टीम ने प्रतिष्ठानों के स्टॉक और नियमों की बारीकी से पड़ताल की। टीम ने सबसे पहले अंबिका ट्रेडर्स पर छापा मारकर वहां से सपना जर्दा पाउच और आजाद 51 बीड़ी के नमूने संग्रहित किए। इसके ठीक बाद टीम ने मोदी डिस्ट्रीब्यूटर के प्रतिष्ठान पर दस्तक दी, जहां से गोल्ड लिबर्टी सिगरेट का सैंपल जब्त किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शर्मा ने बताया कि डीएनओ द्वारा संग्रहित किए गए इन सभी तीनों नमूनों को सील कर जांच के लिए डीजीएचएस प्रयोगशाला मुंबई भेजा जा रहा है। वहां से आने वाली लैब रिपोर्ट और विभाग की विवेचना में जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, उसी के आधार पर संबंधित फर्मों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि तंबाकू नियंत्रण नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं, निराकरण के लिए पहुंचे 147 आवेदन

**शाजापुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें और मांगें जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। दोपहर 1 बजे तक चली इस जनसुनवाई में अलग-अलग मामलों से जुड़े कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ऋजु बाफना ने कमान संभालते हुए एक-एक कर फरियादियों की समस्याएं पूरे इत्मीनान से सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे प्राप्त आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें। कलेक्टर ने जोर देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का तय समय-सीमा के भीतर उचित और स्थायी निराकरण होना चाहिए, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## लापरवाही से हुई थी महिला की मौत परिजनों को मिले 17.34 लाख रुपए

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत के मामले में सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने मृतका के परिजनों को 17 लाख 34 हजार 960 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का भुगतान भी संबंधित बीमा कंपनी को करने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के अनुसार 18 मई 2025 को सुबह करीब 11.30 बजे ग्राम मांदलाखेड़ी निवासी शकुंतला परमार अपने पति दिनेश परमार के साथ बाइक से कालापीपल से अपने गांव लौट रही थीं। ग्राम जबाडिया भील में केशरसिंह परमार के खेत के सामने पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर फि सल गई। हादसे में शकुंतला परमार के सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद मृतका के वारिसों की ओर से अधिवक्ता महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत ने सदस्य मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर के समक्ष क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं अधिवक्ताओं के तर्कों के आधार पर सदस्य सपना पोर्ते ने मृतका के वारिसान शांताबाई परमार सहित अन्य आश्रितों के पक्ष में 17,34,960 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि बीमा कंपनी से दिलाने का आदेश पारित किया। साथ ही आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तिथि से उक्त राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का लाभ भी प्रदान करने के निर्देश दिए।

## लहसून के दाम ने पकड़ी रफ्तार प्याज में उछाल के बाद फिर नरमी

**शुजालपुर।** प्याज व लहसुन की अच्छी क्वालिटी के लिए ख्याती प्राप्त शुजालपुर फल सब्जी मंडी में लहसून के दाम ने रफ्तार पकड़ ली, पिछले एक पखवाडे में इस मंडी में लहसून के दाम में लगभग 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। उधर एक सप्ताह पूर्व प्याज के दाम में जो उछाल देखा गया था वह अब 2600 के आसपास स्थिर हो गया। क्षेत्र की शुजालपुर, पोलायकलां व अरनियाकलां मंडी में लहसुन व प्याज की आवक अच्छी होती है और यह से प्याज देश के विभिन्न प्रांतों में निर्यात होता है। मुख्य रूप से बिहार, पश्चिम बंगाल व उत्तर प्रदेश के व्यापारी शुजालपुर में आकर स्थानीय व्यापारियों के माध्यम से प्याज की खरीदी करते है। बुधवार को शुजालपुर मंडी में प्याज की आवक 3650 क्विंटल रही और अधिकतम दाम 2600 रुपए प्रति क्विंटल रहे, उधर लहसुन की आवक 21000 क्विंटल रही और बुधवार को अधिकतम 20900 रुपए प्रति क्विंटल लहसून बिका। एक पखवाडे पूर्व लहसुन इसी मंडी में 16 हजार के आसपास बिक रहा था। इसी प्रकार बुआई के बाद शहर स्थित अनाज मंडी में सोयाबीन की आवक बढ़ने लगी है, बुधवार को सोयाबीन की आवक 2339 क्विंटल हुई और उच्चतम 7000 रुपए के लगभग बिकी। अनाज मंडी में गेहूं 2100 से 3700, चना सफेद 4900 से 8410, चना मौसमी 4800 से 5700, चना कांटा 4700 से 5680, मुंग 5700 से 6740, मसूर 5800 से 6200, सरसो 6500 से 7058 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। मंडी में अनाज की आवक लगभग 3500 क्विंटल की रही।

### धरती को बचाने के अभियान में सभी की भागीदारी जरूरी

# जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन, पौधारोपण व श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह शुजालपुर स्थित जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री ने कहा कि धरती को बचाने के इस अभियान में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और कन्या पूजन से हुई। इसके बाद मंत्री एवं अतिथियों ने जमधड़ नदी की पूजा-अर्चना, दीपदान, पौधरोपण तथा श्रमदान कर परिसर की साफ.-सफाई की।




समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गंगा दशहरा से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया था, उन्होंने जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों से ग्रामीणों के सहयोग से कम से कम 500 पौधे लगाने और प्रत्येक गांव में छोटा वन विकसित करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत में नदियों, वृक्षों और जल स्त्रोतों को पूजनीय माना गया है। इसलिए कुएं, बावड़ियों तालाबों और नदियों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। जल संरक्षण के साथ-साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने नगरपालिकाओं में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने और वर्षा जल का अधिकतम संचयन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर ने कहा कि जल ही जीवन है और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा फ लदार पौधों के अधिकाधिक रोपण की अपील की।

नगरपालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने भी पौधरोपण और जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार नर्मदा नदी का जल शुजालपुर तक पहुंचाने की दिशा में भी कार्य कर रही है, जिससे नगरवासियों को पेयजल सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री इंदरसिंह परमार ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान कलेक्टर ऋजु बाफना सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### माताना हनुमान मंदिर भूमि पर अतिक्रमण का आरोप

## ग्रामीणों ने तहसीलदार को बताई हकी-कत, ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया तहसील क्षेत्र के ग्राम माताना के ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे तहसील कार्यालय पहुंचकर हनुमान मंदिर की भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।



ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर के नाम दर्ज लगभग 4.27 हेक्टेयर कृषि भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इससे मंदिर की संपत्ति पर अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि संबंधित भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया जाए। यदि अतिक्रमण पाया जाता है, तो नियमानुसार उसे तत्काल हटाकर मंदिर की भूमि को सुरक्षित किया जाए। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल की संपत्ति सार्वजनिक आस्था से जुड़ी है, इसलिए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि लंबे समय से इस मामले का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता ने ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन के आधार पर संबंधित पुजारी को नोटिस जारी किया जाएगा तथा जांच रिपोर्ट के अनुसार नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईरिस्क गर्भवती 7 दिन पहले होंगी भर्ती, बदली व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिला अस्पताल की मातृत्व सेवाओं को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बैक ने मैटरनिटी विंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रसूताओं से उनके स्वास्थ्य और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण में यह सामने आया कि कई हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं प्रसव के समय काफी देर से अस्पताल पहुंचती हैं। इससे मां और शिशु दोनों के जीवन को खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, सीएमएचओ ने निर्देश दिए हैं कि अब सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को उनकी संभावित प्रसव तिथि से सात दिन पहले अस्पताल में भर्ती किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, सामान्य गर्भवती महिलाओं को भी संभावित प्रसव तिथि से चार दिन पहले अस्पताल द्वारा फोन पर संपर्क किया जाएगा। उन्हें समय पर अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। सीएमएचओ ने भर्ती महिलाओं से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उन्हें नियमित जांच कराने और शासन की मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ लेने की सलाह दी। डॉ. जेम्स बैक ने अस्पताल के सोनोग्राफी सेंटर और चिकित्सकों के कक्ष का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह नई व्यवस्था हाल ही में हुई एक घटना के मद्देनजर लागू की जा रही है।

## उधारी के 5 हजार को लेकर तीन युवकों पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

उधारी के 5 हजार रुपए के विवाद में तीन युवकों पर कथित रूप से लोहे के पाइप और लकड़ी से हमला कर दिया गया। घटना गत रात ग्राम भीलखेड़ी पुल के पास हुई। घायलों का प्राथमिक उपचार शासकीय अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने फरियाद पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार फरियादी रंजीत सैनी निवासी गणेश मंदिर रोड माली मोहल्ला शुजालपुर मंडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी नरेन्द्र कोली और गोलू रैकवार के साथ रात करीब 10.30 बजे बाइक से कालापीपल से शुजालपुर मंडी लौट रहा था। ग्राम भीलखेड़ी के पुल पर पहले से मौजूद पवन मेवाड़ा, गोविंद मेवाड़ा और अर्जुन मेवाड़ा ने उनकी बाइक रोक ली। रिपोर्ट के अनुसार पवन मेवाड़ा ने 5 हजार रुपए की उधारी वापस मांगी। रंजीत द्वारा तत्काल पैसे नहीं होने की बात कहने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए पवन ने मोटरसाइकिल में लगा स्टील का पाइप निकालकर रंजीत के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे नरेन्द्र कोली पर भी गोविंद मेवाड़ा ने पाइप से हमला कर सिर में चोट पहुंचाई। वहीं अर्जुन मेवाड़ा ने गोलू रैकवार के चेहरे और जबड़े पर लकड़ी से वार कर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी जाते-जाते उधारी के रुपए नहीं लौटाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर रंजीत का पुत्र आयुष सैनी मौके पर पहुंचा और तीनों घायलों को शासकीय अस्पताल शुजालपुर मंडी ले जाकर उपचार कराया। पुलिस ने फ रियाद के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने सुनील राठौर पिता रमेश राठौर निवासी - 36, पीपलीबाजार, जयसिंहपुरा, उज्जैन के क्रयानुबंधित कृषि भूमि सर्वे नंबर 690/2/2 रकबा 0.19 हैक्टर में से विक्रीत रकबा 0.07 हैक्टर, सर्वे नंबर 691/1 रकबा 0.31 हैक्टर में से विक्रीत रकबा 0.23 हैक्टर भूमि कुल किता 2 कुल संयुक्त विक्रीत रकबा 0.30 हैक्टर ( डेढ बिघा) भूमि स्थित ग्राम मतानाकलां तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, जिसकी चतुर्सीमा-पूर्व की ओर जगदीश चौधरी / जवाहरलाल जी की भूमि, पश्चिम की ओर - जगदीश चौधरी / हमीदा बी/शेरू पटेल की भूमि, उत्तर की ओर सड़क फोर लेन, दक्षिण की ओर-जवाहरलाल / मोतीलाल की भूमि, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर लिखित सौदा चिट्ठी का संपादन कर दिया गया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 02-07-2026 स्थान - उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर - 99264 66157**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार भुरूखां पिता शकुरखां मुल्तानी निवासी कुण्डी चौराहा तराना तह. तराना जिला उज्जैन से उनके पुत्र समीरखां पिता भुरूखां जाति मुल्तानी आयु 30 वर्ष निवासी तराना द्वारा आए दिन वाद विवाद किया जाता है, तथा उनका पुत्र समीरखां बुरी संगत में पड गया है। जिससे क्षुब्ध होकर मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पुत्र को अपने घर से निकाल दिया है तथा चल अचल सम्पत्ती से बेदखल किया जा चुका है। भविष्य में यदि कोई व्यक्ति मेरे पक्षकार के पुत्र समीरखां से किसी भी प्रकार को कोई व्यवहार करता है, तो उसका जिम्मेदार मेरे पक्षकार का पुत्र समीरखां एंव वह व्यक्ति स्वयं होगा। उसका किसी भी प्रकार से मेरे पक्षकार की सम्पत्ति पर उत्तरदायित्व नहि होगा। आज दिनांक के बाद मेरे पक्षकार के पुत्र समीरखां का मेरे पक्षकार कि चल अचल सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई हक अधिकार नही होगा। मेरे पक्षकार के पुत्र समीरखां के द्वारा कोई आपराधिक कृत्य किया जाता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरे पक्षकार से उक्त कृत्य के संबन्ध मे कोई शिकायत न की जावे। दिनांक :- 2/7/2026

**मिर्जा असद बैग एडवोकेट**
**कोर्ट परीसर तराना जिला उज्जैन, मोबा. 7415348079**



### भ्रामक जाहिर सूचना का प्रतिवाद का खण्डन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भू-माफिया एवं पाखण्डी ब्लफमास्टर उपेन्द्र कुमार निगम तथा वर्तमान में उक्त आदतों व आचरण का अनुयायी उसका पुत्र अंकित निगम के द्वारा दैनिक अवंतिका दिनांक 27/06/2026 शनिवार के संस्करण में श्री श्रवण शर्मा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकाशित करवाई गई का भ्रामक जाहिर सूचना का प्रतिवाद। वस्तुतः उपेन्द्र व अंकित को यह भान हो गया था कि दायर किये गये तीनों मुकदमें सरासर झुठे, फरेब और असत्य तथ्यों पर आधारित है। उक्त तीनों मुकदमों को वापस ले लिया गया है। मेरे पक्षकारान महावीर नगर के विकासकर्ता महावीर डेवल्पर्स भागीदारान शैलेन्द्र जैन, सौरभ जैन, संदीप जैन आदि के द्वारा समस्त आवश्यक अनुमति आपत्ति-अनापत्ति प्राप्त कर उक्त कॉलोनी का विकास किया गया है। उपेन्द्र व अंकित ने अनुचित रुपए लेने की इच्छा से असत्य मुकदमें लगाये थे तथा मेरे पक्षकार के हित में लेख लिखकर महावीर डवेलपर्स से रुपए प्राप्त किये जाकर भी तराना में रहवास की सर्व सुविधा युक्त उक्त कॉलोनी के संदर्भ में अर्नगल प्रचार कर रहे है। जाहिर सूचना के प्रतिवाद के नाम से दिनांक 27/06/2026 को प्रकाशित करवाई गई सूचना और मानहानिकारक है, जिसके संदर्भमें श्री श्रवण शर्मा अधिवक्ता के पक्षकार के विरूध्द आपराधिक कार्यवाही की जा रही है। मेरे पक्षकरों के विरूध्द कोई मुकदमा आज जाहिर सूचना के प्रकाशन तक पैश/दायर नहीं किया है तथा झुठे, मक्कार उपेन्द्र निगम ने झुठी जानकारी दी है। सर्व साधारण सावधान । इतिः दिनांक-01/07/2026 स्थान-उज्जैन

**मनीष एम. मनाना (हाईकोर्ट एडवोकेट**
**पता- 74, श्री के.एल. मनाना रोड़, सराफा (सतीगेट) उज्जैन**
**मो.नं.- 98260-45758**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने नाथु पिता श्री फकीरीया, निवासी-ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 135/1 (S) रकबा 0.0900 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 136/1 रकबा 0.3200 हेक्टेयर कुल किता 02 कुल रकबा 0.4100 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम चिकली तहसील बडनगर जिला उज्जैन को क्रय किया है का मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो।

इति दिनांक 02/07/2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**




## ए एस आई परमार पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त, थाना स्टाफ ने दी विदाई

**बडौद।** थाना बड़ोद में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रमेश परमार पुलिस विभाग में अपने लंबे एवं सराहनीय सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए! इस अवसर पर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन थाना प्रभारी रूप सिंह बेस की उपस्थिति में समस्त पुलिस स्टाफ ने परमार का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया! अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखद, दीघार्यु जीवन की शुभकामनाएं दी! इस अवसर पर अधिकारियों ने उनके सेवाकाल की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासित कार्य शैली की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगी! विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारीयो ने परमार के साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## किसानों को डीएपी बताकर बेची गई दूसरी खाद,7 दिन बाद भी नहीं घुली

**अकोदिया।** अकोदिया क्षेत्र में खरीफ सीजन के दौरान खाद की गुणवत्ता को लेकर किसानों ने सवाल उठाए हैं। ग्राम केथलाय और छिलोचा के किसानों ने यादव कृषि सेवा केंद्र पर डीएपी के नाम पर संदिग्ध गुणवत्ता की खाद बेचने का आरोप लगाया है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि बुवाई के सात दिन बाद भी खेत में डाली गई खाद घुली नहीं है, जिससे फसल पर असर पड़ने की आशंका है। किसान रतनलाल मालवीय, बाबूलाल और विनोद ने बताया कि उन्होंने 14 जून को डीएपी खरीदने के लिए यादव कृषि सेवा केंद्र से संपर्क किया था। दुकान संचालक राहुल यादव ने डीएपी उपलब्ध नहीं होने की बात कही और उन्हें भारतीय जन उर्वरक सुप्रीम बलवान 12:32:06 नाम की खाद दी। किसानों का आरोप है कि शिकायत करने पर दुकानदार ने समाधान देने के बजाय अभद्र व्यवहार किया। बाद में कंपनी के सेल्स ऑफिसर दुर्गा प्रसाद मालवीय किसानों के खेत पर पहुंचे और स्थिति देखी। किसानों के अनुसार, उन्हें बताया गया कि खाद का असर 15 से 17 दिन बाद दिखाई देगा। फिलहाल किसान मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हवलदार का आगर में स्वागत

**आगर मालवा।** भारतीय सेना में 20 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हवलदार राकेश यादव का बुधवार को आगर में भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड से शुरू हुआ उनका सम्मान जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उनके पैतृक गांव पालड़ा पहुंचा। इस दौरान नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, फूल-मालाएं पहनाकर और देशभक्ति के नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। ग्राम पालड़ा निवासी राकेश यादव वर्ष 2007 में भारतीय सेना में शामिल हुए थे। उन्होंने अपने दो दशकों के सैन्य कार्यकाल में विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति से पहले, उन्होंने जम्मू-कश्मीर में हवलदार के पद पर रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। गृह क्षेत्र लौटने पर उनके सम्मान में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और परिजनों ने विशेष आयोजन किया। बस स्टैंड से निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यह जुलूस ग्राम पालड़ा पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने भी उनका स्वागत किया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीगण 1. श्रीमति मनीषा पति गोकुलसिंह 2. गोकुलसिंह पिता गोवर्धनसिंह निवासीगण - ग्राम नहारिया तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक बी-83 स्थित गिरीराज रतन सेक्टर बी कानीपुरा रोड, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 99-44 वर्गफीट है, जो दो मंजिला आरसीसी का निर्मित है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित सौदा चिट्ठी का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विकय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विक्र२य पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-01-07-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक 70 का भाग, रविशंकर नगर, उज्जैन मध्यप्रदेश क्षेत्रफल 84.30 वर्गमीटर को एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड के द्वारा विक्रय किया जाकर सेल सटीर्फीकेट क्रेता ब्रजकिशोर परमार व बसंतीबाई पत्नि स्वर्गीय शांतीलालजी परमार निवासी 70/4, रवीशंकर नगर, उज्जैन के हित में दिनांक 28/04/2007 को जारी किया गया था। जिसका पंजीयन नहीं हो पाया था। श्रीमती बसंतीबाई परमार का स्वर्गवास हो गया है तथा ब्रजकिशोरजी परमार स्वर्गीय श्री बसंतीबाई के एकमात्र उत्तराधिकारी होना बताते है। श्री ब्रजकिशोरजी परमार के अलावा स्वर्गीय श्रीमती बसंतीबाई परमार का अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त भुखण्ड में हित रखता हो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त भुखण्ड क्रमांक 70 का भाग, रविशंकर नगर, उज्जैन मध्यप्रदेश क्षेत्रफल 84.30 वर्गमीटर का सेल सर्टिफीकेट ब्रजकिशोरजी परमार के हित में जारी कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक- 02/07/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

## धाकड़ का मिसेज इंडिया के लिए चयन

**शुजालपुर।** शुजालपुर की बेटी एवं बहू सलोनी नारंग धाकड़ का प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया 2026 सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वे 12 से 18 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि से शुजालपुर सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। सलोनी का सौंदर्य प्रतियोगिताओं का सफर वर्ष 2016 में मिस इंदौर का खिताब जीतने से शुरू हुआ। इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने मिस मध्य प्रदेश का ताज अपने नाम किया। वर्ष 2018 में मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ छायाचित्र व्यक्तित्व मिस फोटोजेनिक का सम्मान प्राप्त करने के साथ ही शीर्ष 10 प्रतिभागियों में स्थान बनाया। मॉडलिंग के क्षेत्र में उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित परिधान डिज़ाइनरों के साथ रैंप पर प्रस्तुति दी और फोटो सत्र किए। विवाह और मातृत्व के बाद भी सलोनी ने अपने सपनों को जीवित रखा। पाँच वर्षीय बेटी की माँ होने के बावजूद उन्होंने यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका उद्देश्य केवल मिसेज इंडिया का ताज जीतना नहीं, बल्कि उन विवाहित महिलाओं और माताओं को प्रेरित करना भी है, जिन्होंने जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों को पीछे छोड़ दिया। सलोनी नारंग धाकड़ ने अपनी सफलता का श्रेय दोनों परिवारों, शुभचिंतकों और सहयोगियों को दिया।

## सिटी मंडलम के वार्ड समितियों के गठन को लेकर बैठक आज

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत शुजालपुर सिटी मंडलम में वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से शक्रवार 3 जुलाई को दो चरणों में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बैठकों में वार्ड समितियों का गठन किया जाएगा। पहले चरण की बैठक दोपहर 2.30 बजे तालाबपुरा स्थित नेमा समाज श्रीराम मंदिर परिसर में होगी। इसमें वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में वार्ड समितियों का गठन किया जाएगा। दूसरे चरण की बैठक शाम 4.30 बजे जीनगर धर्मशाला में आयोजित होगी। इसमें वार्ड क्रमांक 6 से 11 तक के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संबंधित वार्ड समितियों का गठन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेशभर में बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुजालपुर सिटी मंडलम में भी वार्ड स्तर पर समितियों का गठन कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस पठान तथा शुजालपुर सिटी मंडलम अध्यक्ष बल्ला सोनी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर संबंधित बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेश उत्सव

**शुजालपुर।** शहर के वार्ड क्रमांक 20 फर्स्ट स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पंजीयन कर उनका प्रवेश कराया गया तथा अभिभावकों को शाला पूर्व शिक्षा एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक खुमान सिंह मालवीय थे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद नितेश मालवीय ने की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका निशा कवीश्वर, प्रभारी परियोजना अधिकारी ममता परमार, एफ एलएन शिक्षिका सविता पाटीदार सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्लेट एवं कलम पूजन कर बच्चों का स्वागत किया और उन्हें स्लेट वितरित की। इस दौरान अभिभावकों को वर्कबुक, योजना तथा छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी गई।

# जमीन विवाद में छह लोगों ने बुजुर्ग पर किया जानलेवा हमला

### कुल्हाड़ी और सरिए से मारपीट

**शुजालपुर।** थाना शुजालपुर सिटी क्षेत्र के ग्राम खेड़ी मंडलखा में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर 60 वर्षीय बुजुर्ग पर छह लोगों द्वारा कुल्हाड़ी, सरिया और लकड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को पहले शुजालपुर अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम खेड़ी मंडलखां निवासी सत्तार खां ने जिला अस्पताल शाजापुर में उपचार के दौरान दिए बयान में बताया कि 1 जुलाई की दोपहर करीब 3.30 बजे वह मंडलखा से अपने गांव लौट रहे थे। सरकारी स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर अमजद खा और आशीक खा ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अमजद खा ने कुल्हाड़ी से उनके बाएं पैर पर वार कर दियाए जबकि आशीक खा ने सरिए से बाएं हाथ की कोहनी पर हमला कर दिया। इसी दौरान काले उर्फ फुल खां और शकील खां, शाकीर खा और अकील उर्फ छोटा भी वहां पहुंचे और दोनों ने सत्तार खा के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान सत्तार खा का पुत्र शफीक खां बीच-बचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी लकड़ी से मारपीट कर दी। घायल सत्तार खा को परिजन पहले शासकीय अस्पताल शुजालपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल शाजापुर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए। थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने अमजद खा, आशीक खां, काले उर्फ फुल खां, शकील खा, शाकीर खा तथा अकील सभी निवासी ग्राम खेड़ी मंडलखां के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

## स्कूल परिसर में घुसा दुर्लभ वन्यजीव सेही

**शुजालपुर।** शहर के टैलेंट एकेडमी विद्यालय परिसर में दुर्लभ वन्यजीव सेही साही दिखाई देने से कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। स्कूल स्टाफ ने जानवर को देखकर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग एवं वन्यप्राणी रेस्क्यू एक्सपर्ट हसीब पठान को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित तरीके से सेही का रेस्क्यू कर उसे वन क्षेत्र में छोड़ दिया। यहां समय-समय पर दुर्लभ वन्यजीवों की मौजूदगी सामने आती रही है।

## जिलाबदर बदमाश शुजालपुर में मिला

**शुजालपुर।** जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन कर शुजालपुर शहर में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 एवं 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार थाना शुजालपुर सिटी की टीम कस्बा भ्रमण पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी राहुल जाटव निवासी रायकनपुरा पचोर रोड न्यू बायपास पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि जिला दंडाधिकारी शाजापुर द्वारा 15 दिसंबर 2025 को जारी आदेश के तहत राहुल जाटव को एक वर्ष के लिए शाजापुर सहित सीमावर्ती जिले देवास, सीहोर की सीमाओं से जिलाबदर किया गया था।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी मनोहरसिंह पिता हटेसिंह, के एकांकी स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे कमांक 137/1 रकबा 0.51 हैक्टर एवं भूमिस्वामी ईन्दरसिंह पिता हटेसिंह, के एकांकी स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे कमांक 137/2 रकबा 0.50 हैक्टर, व भूमिस्वामी श्रीमती सीमाबाई पति जीवन सिंह, के एकांकी स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 137/1 रकबा 0.50 हैक्टर, इस प्रकार कुल किता 3 कुल संयुक्त रकबा 1.51 हैक्टर भूमि ग्राम राणाबड़ तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने कय करने का सौदा तय कर टोकन राशि अदा करके सोदा चिट्ठी का संपादन कर लिया है। अत: उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 03-07-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 99264 66157**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी राजेंद्र सिंह पवित्रा प्रकाशकुंवर पिता शंकर सिंह, जितेंद्र सिंह मुकेश सिंह पिता मेहरबान सिंह, गेंदकुंवर पति मेहरबान सिंह, प्रेम कुंवर बाई पिता भवर सिंह समस्त जाति राजपूत निवासी व कृषकगण ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1200 रकबा 0.40 हेक्टर में से विक्रेतागण के हक हिस्से का रकबा 0.16 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.16 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम घटिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो। इति दिनांक - 02-07-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01- श्री अनिल शर्मा पिता श्री बाबूलालजी शर्मा, निवासी-107-बी, सिंधी कॉलोनी, उज्जैन (म. प्र.) 02-श्री सुनील शर्मा पिता श्री बाबूलालजी शर्मा, निवासी-62 ऋषिनगर एक्सटेंशन उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-28 जो कि नाकोडा धाम ग्राम पंचायत धतरावदा ग्राम लालपुर, देवास रोड, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन वर्तमान में एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का निर्मित होकर फ्री-होल्ड राईट्स का है। भवन की पैमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-16.76 मीटर, चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान-06.10 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-102.23 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में सडक कॉलोनी की, पश्चिम दिशा में- प्लिंथ क्रमांक-09, उत्तर दिशा में प्लिंथ क्रमांक-29 एवं दक्षिण दिशा में प्लिंथ क्रमांक-27 स्थित है। उक्त पैंमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-02.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. गोकुल सिंह पिता मोड सिंह जी, जाति राजपूत निवासी. ग्राम सेमल्यानसर पोस्ट नरवर तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/2 रकबा 0.4700 हेक्टेयर स्थित ग्राम सेमल्यानसर तहसील व जिला उज्जैन म.प्र तथा 2. रूपकुंवर बाई पति मोड सिंह जी जाति राजपूत निवासी. ग्राम सेमल्यानसर पोस्ट नरवर तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/1 रकबा 0.0900 हेक्टेयर में की पूर्व दिशा की 0.0600 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सेमल्यानसर तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. जिसमें भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/2 के पूर्व में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/2 श्रीमती अरूणा पति प्रकाशचंद जैन कीए पश्चिम में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/3 टीकमसिंह पिता देवीसिंह की उत्तर में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/2 निर्भय सिंह पिता हिन्दूसिंह कीए दक्षिण में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/1 है तथा भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/1 में की पूर्व दिशा की 0.0600 हेक्टेयर भूमि के पूर्व में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/2 श्रीमती अरूणा पति प्रकाशचंद जैन की, पश्चिम में. सर्वे क्रमांक 63/1/1/1 की शेष भूमिए उत्तर में. भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/2 व भूमि सर्वे क्रमांक 63/1/1/3 टीकमसिंह पिता देवीसिंह की, दक्षिण में. भूमि सर्वे क्रमांक 93/2 सुशीला पति रोहित सिंह की हैए को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी हैए शेष प्रतिफ्ल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है। उक्त वर्णित कृषि भूमियों में किसी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हो, भूमियों पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो भूमियां अन्यत्र कहीं रहन, बय, दान या विक्रय अनुबंधित की हुई हो और भूमियों के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करेंए अन्यथा अवधि व्यतीत होने के बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो।

दिनांक 03.07.2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट**
**4 ए महावीर नगर सावेंर रोड उज्जैन**
**मो. 94068.86383**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ रेहमत अली पिता उस्मान अली निवासी 22/1 महाकाल मार्ग, गली क्रमांक 2 नागोरी मोहल्ला, उज्जैन के नाम एक किता मकान म्यु नं.22/1 गली नं.2, महाकाल मार्ग, नागौरी मोहल्ला, उज्जैन में स्थित है उक्त मकान मुझे पूर्व में हाजी बाबू भाई पिता अब्दुल हकीम निवासी नागोरी मोहल्ला, उज्जैन से दिनांक 15.11.2008 को मौखिक हिबे में प्राप्त हुआ है जिसका स्मरण लेख भी दिनांकित 22.05.2009 को मेरे हक में लिखा गया है, जिसके मूल दस्तावेज मेरे पुत्र साबिर अली द्वारा मुझे झूठे आश्वासन देकर अपने पास रख लिए है तथा उक्त मकान के संबंध में असत्य एवं भ्रामक जानकारी देकर दस्तावेज दर्शाकर मेरे पुत्र साबिर अली पिता रेहमत अली निवासी 22/1 महाकाल मार्ग, गली नं, 2, उज्जैन के द्वारा बिना मेरी स्वतंत्र सहमति अनुमति के उक्त मकान को रहन, गिरवी, विक्रय, हिबा अन्य लोगों से करने हेतु प्रयास कर रहा है। जबकि उक्त मकान मैं एकमेव स्वामी व आधिपत्यधारी हूं, तथा मेरे अलावा उक्त मकान बाबत् किसी को कोई हक, अधिकार नहीं है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वे साधारण को सूचित करता हूं कि,, यदि उपरोक्त मकान के बाबत् किसी प्रकार का कोई रहन, गिरवी, विक्रय आदि करार सौदा मेरे पुत्र साबिर अली अथवा किसी भी व्यक्ति विशेष के द्वारा किया जाता है तो वह पूर्ण रूप से शून्य होकर मुझ पर बंधनकारी नही होगा। दिनांक 02.07.2026

**रेहमत अली पिता उस्मान अली**
**निवासी 22/1 महाकाल मार्ग, गली क्रमांक 2**
**नागोरी मोहल्ला, उज्जैन**
**मो. 9827362431**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण एवं विक्रेतागण को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संदीप ओटवाल पिता श्री केलाश ओटवाल निवासी, इन्दौर ने विक्रेतागण (1) श्रीमती सलमा बी पति जाकिर मंसूरी, (2) आमना बी कुरैशी पति मुबारिक कुरैशी निवासी उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, ग्राम: चंदेसरी सर्वे नंबर 184/1/2, 184/2, 183/2 एवं 183/1 कुल रकबा 9 बीघा भूमि मेन रोड़ नेशनल हाईवे टच स्थित तहसील व जिला उज्जैन (मप्र) को क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार द्वारा प्रतिफल की एक बड़ी राशि विक्रेतागण को अदा कर दी गई है। शर्त अनुसार विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार को उपरोक्त सर्वे नंबरों के स्वामित्व संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज due diligence के लिए उपलब्ध कराने है एवं नेशनल हाईवे से 100 फीट रास्ते का अनुमति पत्र भी लाकर देना है। मेरे पक्षकार द्वारा विगत एक माह से लगातार व्यक्तिगत एवं दूरभाष पर सम्पर्क कर उक्त वैधानिक दस्तावेजो की मांग की जा रही है, किन्तु उपरोक्त विक्रेतागण द्वारा टाल-मटोल किया जा रहा है और कोई भी संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया जा रहा है। इस सूचना के माध्यम से विक्रेतागण को सूचित किया जाता है कि, उक्त सौदे की तय शर्त अनुसार उपरोक्त कृषि भूमियों से संबंधित समस्त आवश्यक राजस्व एवं स्वामित्व संबंधित दस्तावेज (7) सात दिवस के भीतर मेरे पक्षकार या मेरे कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि नियत समय में तय सौदे के अनुसरण में विधिवत प्रक्रिया प्रारंभकी जा सके तथा सर्व साधारण को भी यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त कृषि भूमियों के संबंध में कोई भी समव्यवहार न करें अन्यथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो।

दिनांक: 02.07.2026

**भावना रायकवार, एडवोकेट**
**एलजी 1 एलजी 2 ऑपोजिट आईडी अनअकैडमी रेस कोर्स रोड इंदौर एमपी मो. 7970135643**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दिनांक 26/6/26 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में श्री आदेश शिंदे, सुप्रीमकोर्ट एडवोकेट द्वारा पक्षकार श्री राकेश पिता स्व. श्री उमेश चन्द्र शर्मा की ओर से प्रकाशित करवाई गई जाहिर सूचना का मेरे पक्षकारान् श्री मनीष नीमा पिता स्व: श्री सुरेशचन्द जी नीमा; श्री राजकुमार पिता स्व. श्री मोहनलालजी केवलरमानी एवं श्रीमति सीमा नरूला पति स्व श्री अशोक जी की ओर से प्रतिवाद किया जाता है। वस्तुत: भवन क्रमांक 118, सती दरवाजा उज्जैन के भवनस्वामी स्व. श्री गुलाबचन्द मेड़तिया थे। आयकर विभाग द्वारा बकाया आयकर जमा न करने से उक्त भवन आसेधित कर लिया गया था। मेरे उपरोक्त वर्णित पक्षकारान के द्वारा वर्ष 1989 से आयकर विभाग इन्दौर में बकाया आयकर अदा किया जा रहा है , जिसकी हत्बजाप्ता रसीद आयकर विभाग इन्दौर द्वारा जारी की गई। मेरे पक्षकारान द्वारा आयकर विभाग में बकाया आयकर पंजाब नेशनल बैंक में भी जमा किया गया उक्त आयकर विभाग की राशी के अतिरिक्त मेरे पक्षकारा द्वारा उज्जैन नगर पालिका निगम में संपत्तिकर 1,50,000/- जमा करने हेतु दिया गया । उक्त आधार पर सहोदराबाई पति गुलाबचन्द मेड़तिया के स्वत्व का भवन आयकर विभाग द्वारा आसेधिक कर लिया गया था तथा संपत्तिकर के मद में बड़ी राशी मेरे पक्षकारान से प्राप्त की गई। स्व. पदम बंसल या श्री प्रतीक उक्त सहोदराबाई या गुलाबचन्द जी के पुत्र या पौत्र नहीं है। उक्त आधार पर एकल रन्वत्व, स्वामित्व अथवा आधिपत्य का तथ्य जाहिर सूचना में वास्तविकता के विपरीत लेखबद्ध करवाया गया है उक्त भवन क्रमांक 118 पर वास्तविक मूर्तिमंत आधिपत्य मेरे उपरोक्त वर्णित पक्षकारान का उक्त भवन का अग्रभाग (उत्तर दिशा) सडक चौडीकरण से प्रभावित हो गया अत: प्रकाशित जाहिर सूचना का प्रतिवाद प्रस्तुत है व विस्तारवार आपत्ति प्रथक प्रेषित की जा रही है। सर्वसाधारण सूचित हो

**मनीष मनाना एडवोकेट**
**मो. 98260-45758**

## न्यायालय माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय

**प्रकरण क्र-** CRR/05/2026 ( रिविजन )

**अपराध क्र- 372/2025**

**आज्ञा दिनांक 13/06/2026**
**आगामी पेशी दिनांक- 20.07.2026**

**भारतीय स्टेट बैंक शाखा महानंदा नगर,उज्जैन ...आवेदक**
**विरुद्ध**
**पुलिस थाना माधवनगर आदि....अनावेदक**

सर्वसाधारण तथा पुलिस थाना माधवनगरं एवं 1 रीना जादोन पति घनश्याम सिंह जादौन निवासी-42, हीरामील की चाल, उज्जैन, 2-महिमा पाण्डे पति मनीष निवासी सी-2/5 महानंदा नगर, उज्जैन, 3-सुशील वर्मा पिता रामरूप वर्मा निवासी एम-185, महाशक्ति नगर, उज्जैन, 4-नवीन सियोते पिता दिनेश सियोले निवासी राजीव गांधी नगर, मालनवासा, उज्जैन, 5-लाल सोनगिरा पिता भंवर सिंह निवासी पीपलिया कुल्मी रोड़, बस स्टेण्ड रामगढ़, जिला-राजगढ, 6-विकास तिवारी पिता सुनिल कुमार तिवारी निवासी-40, स्नेह नगर, उज्जैन, 7-अजय यादव पित्ता केहर सिंह निवासी-ए-28/10 जी, ई. डब्लयू.एस महानंदा नगर, उज्जैन, 8-अनुराग कुशवाह पिता देवेन्द्र सिंह कुशवाह निवासी 27 वी. सेवीनगर एक्सटेंशन उज्जैन, 9-निर्मलकुमार मालवीय पिता कचरूलाल निवासी-96, पामाखेडा, मंदसौर, 10 जयेन्द्र रावल पिता अनिल रावल निवास बी-23, आनंद नगर, नानाखेडा, उज्जैन, 11 रोचना बाजपई पिता अमृत बाजपाई निवासी-22 ई.डब्लयू.एस... मुनिनगर, उज्जैन, 12 ललित कछवाय पिता लक्ष्मीनारायण निवासी-45, डा अम्बेडकर नगर, नानाखेडा, उज्जैन, 13-अमित सूर्यवंशी पिता हीरालाल निवासी बी-9/14. एम.आई. जी. बसंत विहार, उज्जैन, 14 किरण झा पति विजय झाला निवासी पुलिस लाईन, देवास रोड, उज्जैन, 15-किशन शर्मा पिता ज्वाला शर्मा निवासी 32 बटालियन, नागझिरी, उज्जैन, 16-संगिता सोनगरा पति देवेन्द्र सोनगरा निवासी-31, काला पत्थर, इंदौर रोड, उज्जैन, 17-लव कुमार पिता नंद कुमार शर्मा निवासी-31, यंत्र महल मार्ग, गली नं 1, उज्जैन, 18-पपिता पति सुनि निवासी ग्राम अमरपुरा, बिछडोद, जिला उज्जैन, 19-आदित्य शर्मा पिता सत्यनारायण निवासी 21, आनंदगंज की झीरी, उज्जैन, 20-संजय निगम पिता गोरेलाल निवासी-एफ-1/24, जवाहर नगर, उज्जैन, 21 अनुप सिंह पिता रघुराज सिंह निवासी 113, हरिओम विहार, उज्जैन, 22-एकता पति त्रिलोक निवासी-ए-15/8, महानंदा नगर, उज्जैन, 23 बिरेन्द्र नीण पिता दिवारी लाल निवासी महीदपुर थाना, उज्जैन, 24-रीता सिंह पति उमेशसिंह चौहान निवासी सी-12, पुलिस लाईन, नागझिरी, उज्जैन, 25-शिवकुमार अग्रवाल पिता रोशनलाल निवासी 82, हरिओम विहार, उज्जैन, 26-संदीप घोष पि रविशंकर निवासी ग्राम-बिलगुचन, तेन्दुखेडा, जिला-नरसिंहपुर, 27 अरूण भारतीय पिता रामलालजी निवासी-48, अवंतिका परिसर, हामूखेडी, उज्जैन, 28-प्रिया सकलेचा पति अनुभवन सकलेचा निवासी महानंदा नगर, उज्जैन 29-अनिरूद्ध शर्मा पिता संजय शर्मा निवासी-32. शिवकृपा, स्टेट बैंक कालोनी, देवास रोड, उज्जैन, 30-अनिल भिट्द्ध पिता जगन्ननाथजी निवासी गडेगांव अकोला, महाराष्ट्र हालमुकाम-उज्जैन, 31-वरूण दूबे पिता प्रकाश नारायण दूबे निवासी-73/4, सांवरिया परिसर, उज्जैन, 32- विद्या जोशी पति सुरेश जोशी निवासी बी-6/11, महानंदा नगर, उज्जैन, 33-अल्पना विल्सन पति फ्रांसीस विल्सन निवासी-एल-290 महाशक्ति नगर, उज्जैन, 34-अरूण शर्मा पिता शिवनारायण नि-आलमपुर उडाना पंथपिपलई, उज्जैन, 35-गौरव पिता अर्जुन शर्मा नि-139, नयापुरा ग्राम-आलमपुर उडाना, उज्जैन, 36-सुरेन्द्र विश्वकर्मा पिता सुंदर लाल नि-सी-5/13, महानंदा नगर, उज्जैन, 37-रोहित पिता मोहनलाल राठौर नि-73, कलम कालोनी उज्जैन, 38-कृष्णा सोलंकी पति रामसिंह नि-275, हामूखेडी, उज्जैन, 39-संदीप शर्मा पिता नारायण प्रसाद नि-199, शिवांश सिटी, उज्जैन 40-अमरिक बाजपाई पिता शिवकुमार नि-22, मुनि नगर, उज्जैन, 41-सीमा पति मुकेशचन्द्र चौहान नि-13, पुलिस लाईन, उज्जैन, 42-ममता सोलंकी प्रति नरेन्द्र नि-2/10, विक्रम यूर्निवसिटी केम्पस, उज्जैन, 43-निरंकार शर्मा पति प्रदीप कुमार नि-32 बटालियन, नागझिरी, उज्जैन, 44-मनोज गोलिया पिता खायेस गोलिया नि-32 बटालियन, उज्जैन, 45-प्रियंका सोलंकी, पति जितेन्द्र सिंह नि-टोंकखुर्द, जिला-देवास, 46-अशोक राजपूत पिता अमर सिंह नि-सी-2/1, महानंदा नगर, उज्जैन, 47-विश्वजीत सिंह पिता राजेन्द्र सिंह नि-मनासा, 48-सावन शर्मा पिता एल.के. शर्मा नि-ए-20/15, बसत विहार, उज्जैन, 49-प्रवीण कुमार सिंह पिता बलवीर सिंह नि-बी-1/4, महानंदा नगर, उज्जैन, 50-संजय डाबी पिता नामालूम नि-14, दाबील खम्भा, महीदपुर, उज्जैन, 51-कन्हैयालाल मेघवाल पिता मांगीलाल नि-64, एच.बी.एन., सनराईज सिटी, उज्जैन, 52-अजंहरउद्दीन पिता शाहबुद्दीन नि-55, ए-2, आदर्शनगर कालोनी, उज्जैन, 53-मंजित पिता संतोष काहारेलिया नि-43/10 बजरंग कालोनी, तरान्ना जि-उज्जैन, 54-सुमित शर्मा पिता रवि कुमार शर्मा नि-15/1-बी, मोहन नगर, उज्जैन 55 मोहिनी शर्मा पति गोविद नि-30, कुमावत मोहल्ला, नौगांवा, नरवर जि- उज्जैन, 56-रवि गोहिल पिता महिपाल गोहिल नि-149, राजपूत मोहल्ला, जवासिया, देवास, 57 प्रद्युम्मन सोनी पिटा सोहनजी नि-42, कमल कालोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन, 58-विरेन्द्र बोडान्ना पिता गोविंद सिंह नि-288/3, ग्राम बोरदियाकाला, नीमच, 59-धर्मेन्द्र मालवीय पिता टीकाराम मालवीय नि-ग्राम-कल्लुखापा, होशंगाबाद, 60-अरूण शर्मा पिता नामालूम नि-80, बाफना पार्क, उज्जैन, 81-सलमान खान पिता अनवर खान नि-100, देवास रोड, उज्जैन, 62-कृष्णा सोलकी पति रामसिंह सोलंकी नि-275. ग्राम-हामूखेडी, देवास रोड, उज्जैन, 63-मालती मीगा पति हेमराज नि-67/3, कमल कालोनी, उज्जैन, 64-रमेश आर्या पिता मगन सिंह नि-एच-1/8, क्षिप्रा विहार कालोनी, उज्जैन, 65-विक्रम पारेगी पिता रतनलाल पारेगी नि-ग्राम करनपुरा, तहसील-बडनगर, जि-उज्जैन, 66-दिलवार पंवार पिता धूलसिंह पंवार नि-ए-13/23. महानंदा नगर, उज्जैन, 87-मनीष मंडेलिया पिता हाकिम मंडेलिया नि-ग्राम बृजपुर, डबरा, ग्वालियर, 88-पूजा गौतम पति मुनेन्द्रकांत गौतम नि-पुलिस लाईन, महानंद नगर, उज्जैन, 69-निशा तोमर पति. शैलेन्द्र कुमार तोमर नि-एल-284. सहाशक्ति नगर, उज्जैन, 70-अक्षय बृजवासी पिता लोकेन्द्र बृजवासी नि-724, सेठी नगर, उज्जैन, 71-भारती यादव पति सुरेन्द्र कुमार निं-ए-5/9, बरांत विहार कालोनी, उज्जैन आप सभी को न्यायालय की ओर से सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.09.2026 की रात्रि को भारतीय स्टेट बैंक शाखा महानंदा नगर उज्जैन से ऋणी हितग्राहियों के स्वर्ण आभूषण जो बैंक में स्वर्ण ऋण के पेटे बधक / गिरवी रखे हुए थे कि चोरी के संबंध में पुलिस थाना माधवनगर, उज्जैन में अपराध क्र-372/25 पर एफ.आई.आर. पंजीबद्ध की गई थी जिसमें पुलिस द्वारा समस्त हितग्राहियो के स्वर्ण आभूषण कुल वजनी 4.70 किलो जब्त किए जाकर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय, उज्जैन के न्यायालय से आवेदक भारतीय स्टेट बैंक को सुपुर्दगी आदेश दिनांक 10.09.2025 अनुसार सुपुदर्गी में दिए गए है जिसमें न्यायालय की शर्त क्र-2 व 3 जिसमें जब्तशुदा सम्पत्ति को न्यायालय में बुलवाए जाने पर प्रस्तुत करने एवं प्रकरण के निराकरण तक विक्रय नहीं करने व स्वरूप परिवर्तन नहीं करने की शर्त के विरूद्ध आवेदक भारतीय स्टेट बैंक ने यह निवेदन करते हुए मेरे समक्ष रिविजन आवेदन क्र - CRR/05/2026 (रिविजन) एमपी 13010159622025 प्रस्तुत किया है कि ऋणी हितग्राहियो द्वारा ऋण चका देने उपरात उक्त स्वर्ण आभूषण उन्हें प्रदान करने की आवदेक बैंक को अनुमति दी जावे तथा उक्त स्वर्ण आभूषण आवेदक द्वारा जब आप हितग्राहियों को बैंक द्वारा प्रदत्तं कर दिए जाते हैं तो उपरोक्त में उल्लेखित अधिनस्थ न्यायालय की शर्त क्रं-2 व 3 आप अमावेदक ऋणी हितग्राहियों पर लागू मानी जावे। अत: इस संबंध में उक्त रिविजन बाबत या इसमें उल्लेखित शर्तों व प्रकरण से संबंधित अन्य किसी बिन्दू पर आप अनावेदक ऋणी हितग्राहियों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या आप प्रकरण में प्रस्तुत होकर उक्त रिविजन के विरूद्ध जवाब प्रस्तुत करना चाहते हो तो सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 20.07.2026 नियत है जिस पर उपस्थित होकर अप अपना पक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें आपकी अनुपस्थिति की दशा में मामले में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह भी उल्लेखित किया जाता है कि उपरोक्त देशी दिनांक को किन्ही कारणवश अबकाश होने पर प्रकरण में आगामी कार्यदिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनाक 02/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**( पी.सी. गुप्ता )**
**सत्र न्यायाधीश, उज्जैन ( म.प्र. )**

## न्यूज-कॉलम

### नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने हाई मास्क लाइट का किया लोकार्पण

**मन्दसौर।** नगर के प्रमुख चौराहों को रोशनी से जगमग करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों पर हाई मास्क लाइटें लगाई जा रही हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा वार्ड क्र. 29 के अंतर्गत प्रतापगढ़ पुलिया-वीर सावरकर पुलिया चौराहा पर नया हाई मास्क स्थापित किया गया। इस हाई मास्क का लोकार्पण नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने इलेक्ट्रिक स्विच दबाकर किया। इस अवसर पर नपा सभापति दीपमाला मकवाना, भाजपा नेता रामेश्वर मकवाना, अकलाक रहमानी, सुनील बंजारिया, मनीष पंडित, आनंद पाठक, टिंकू पाठक आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख चौराहों को दूधिया रोशनी से रोशन करने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार प्रयास कर रही है।

### मजदूर ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लदुना में गुरुवार को एक व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही सीतामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामऊ शासकीय अस्पताल भिजवाया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान लदुना निवासी लक्ष्मीनारायण पिता रामनारायण तेली के रूप में हुई है, जो खेती और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शास.स्ना. महाविद्यालय में दीक्षारम्भ और प्रवेश उत्सव 4 जुलाई को

**मन्दसौर।** स्थानीय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और स्वागत के लिए कल 4 जुलाई को सुबह 11 बजे से महाविद्यालय के श्री कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह (ऑडिटोरियम) में दीक्षारम्भ एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के दौरान नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों को कॉलेज के गौरवशाली इतिहास, विषय चयन की प्रक्रिया, एनसीसी, एनएसएस और खेलकूद गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और शिक्षाविद् भी शामिल होकर नए छात्रों को सफलता के मूल मंत्र देंगे।

### कार और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत

**पिपलियामंडी।** मल्हारगढ़ तहसील के झारड़ा के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया कार और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में स्कूटी सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान वासुदेव पिता बाबूलाल मोड़ एवं उनके पुत्र अशोक पिता वासुदेव मोड़ निवासी नरसिंहपुरा जिला मंदसौर के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### नरसिंगपुरा दिगम्बर जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

**मन्दसौर।** श्री नरसिंगपुरा दिगम्बर जैन समाज धार्मिक एवं सामाजिक ट्रस्ट की बैठक में ट्रस्ट संरक्षक विनोद जैन, महेन्द्र जैन व ट्रस्ट पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वानुमति से किया गया। जिसमें परामर्शदाता प्रदीप जैन (नंदावता), उमेश जैन (भड़का), दिनेश जैन (कुंचड़ौद), अध्यक्ष शांतिलाल जैन (नंदावता), उपाध्यक्ष अरुण जैन (बनी), गौरव जैन (कुंचड़ौद), सचिव दिलीप जैन (आरआरबी), सहसचिव हिमांशु जैन (कुंचडोद) ,कोषाध्यक्ष सुरेश जैन (भड़का), संगठन मंत्री सुरेश जैन (दीपमाला), प्रवक्ता महेश जैन (फ्रेंड्स) एवं संचालक मण्डल में बाबूलाल जैन (भोलिया), सुरेश जैन (तेल), अरूण जैन (मावा), विनोद जैन (खजुरिया), अनिल जैन (आदिनाथ) को मनोनीत किया गया।

---

#### महापौर प्रहलाद पटेल की पहल रंग लाई

# शेल्टर हाउस हेतु नगर निगम को ग्राम धामनोद में भूमि उपलब्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शेल्टर हाउस हेतु ग्राम धामनोद तहसील जिला रतलाम में सर्वे नंबर 307/1/5 पे की रकबा 0.600 हैक्टेयर भूमि नगर निगम को 5 वर्षों के लिये उपलब्ध कराये जाने हेतु रतलाम जिला पीपुल फॉर एनिमल्स एसोसिएशन, रतलाम ने अनुबंध संपादित किया संपादित अनुबंध महापौर प्रहलाद पटेल को अध्यक्ष वासुदेव गुरबानी पिता गिरधारी लाल गुरबानी, शेखर कासवा ने प्रदान किया।



शेल्टर हाउस हेतु नगर निगम रतलाम को उक्त वर्णित भूमि बिना किसी प्रतिफल/ किराए के लिए 5 वर्ष के लिए उपयोग/ उपभोग के लिए प्रदान की गई है जिसमें ट्यूबवेल मय सबमर्सिबल बड़े पशुओं के लिए एक शेड 10 कुत्तों के हेतु डॉग कैनल, 5 कमरे, शौचालय एवं स्नान घर, निर्माणाधीन पक्षी घर, पूरी भूमि पर तार फेंसिंग, लोहे का मेंन गेट है। इसके अतिरिक्त किसी पक्के निर्माण की रतलाम नगर निगम को जरूरत हुई तो नगर निगम, संस्था पक्ष क्रमांक (1) के साथ बैठक एवं विचार -विमर्श कर तत्पश्चात निर्माण को कर सकेगा।

उक्त भूमि एवं उस पर निर्माण किये भवनों (हॉस्पिटल सह शेल्टर हाउस)का उपयोग/ उपभोग नगर निगम,रतलाम द्वारा केवल आवारा बीमार घायल पशु पक्षियों के इलाज एवं रखरखाव के लिए ही किया जाएगा।

शेल्टर हाउस अस्पताल का संचालन नगर निगम करेगा। शेल्टर- अस्पताल के संचालन में होने वाले सभी प्रकार के व्यय बिजली बिल, साफ सफाई रखरखाव, टैक्स आदि समस्त व्यय नगर निगम ,रतलाम वहन करेगा।

इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, अक्षय संघवी, भाजपा नेता राकेश मिश्रा, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, रतलाम जिला पीपुल फॉर एनिमल्स एसोसिएशन, रतलाम के पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

#### रतलाम में 40 लाख की लूट का खुलासा

# फरियादी का विश्वसनीय कर्मचारी ही निकला लूट का आरोपी, पूरी रकम बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

पुलिस ने स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में हुई 40 लाख रुपये नकदी की सनसनीखेज लूट की वारदात का पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने फरियादी मनीष पटवा के विश्वसनीय कर्मचारी फरदीन खान 22 वर्ष गिरफ्तार किया है। उसने भाई फैज और साथी असबाब के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। उसके कब्जे से लूटी गई पूरी 40 लाख रुपये की नगदी भी बरामद कर ली गई है। वारदात को ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की ड्रेस पहनकर अंजाम दिया गया था, जिसकी पूरी प्लानिंग व्हाट्सएप पर 'ओके' कोड मैसेज भेजकर की गई थी। मामले में आगामी दिनों में आईटी या ईडी भी नकदी की जांच के लिए शामिल हो सकती है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गुरुवार अपराह्न प्रेस वार्ता में बताया कि 30 जून को जैसे ही 40 लाख रुपये की नगदी फरदीन के पास पहुंची, उसने तुरंत अपने साथियों को व्हाट्सएप पर "हां" मैसेज भेजकर सिग्नल दे दिया। पूर्व योजना के अनुसार, उसका भाई फैज और साथी असबाब ब्लिंकिट कंपनी की वर्दी पहनकर स्कूटी से मौके पर पहुंचे। उन्होंने फरदीन को जान से मारने की धमकी दी और रुपयों से भरा काला बैग लेकर फरार हो गए। आरोपी असबाब पहले ब्लिंकिट में काम कर चुका था, इसलिए पुलिस को गुमराह करने के लिए उसी कंपनी की ड्रेस का इस्तेमाल किया गया था।

घटना के बाद स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्रपाल सिंह जादौन और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तफ्तीश शुरू की। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की जांच में कर्मचारी फरदीन की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। जब पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपने भाई फैज और साथी असबाब के साथ मिलकर रची गई इस साजिश को उगल दिया। पुलिस ने आरोपी फरदीन और असबाब के घर के स्टोर रूम से लूटी गई पूरी 40 लाख रुपये की रकम बरामद कर ली है।

पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी फरदीन पर भारी कर्ज था। उसके पिता फिरोज खान सालों से फरियादी मनीष पटवा के यहां वफादारी से नौकरी कर रहे थे। कुछ समय पहले ही उन्होंने बेटे फरदीन को भी वहां नौकरी पर लगवाया था। नौकरी के दौरान फरदीन को पता चला कि वहां लाखों रुपये का लेन-देन होता है।




### ग्राम पंचायत कनघट्टी में सड़क के अभाव में वार्ड 20 के घरों में घुस रहा पानी

**पिपलिया मंडी।** गांव कनघट्टी में समस्याएं दिन प्रतिदिन सामने आ रही है..गांव के युवा समाजसेवी अजय नागरिया ने बताया है कि अभी बारिश के समय में ग्राम पंचायत कनघट्टी के नई आबादी क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 में जल भराव के कारण मोहल्ले वासियों के घरों में पानी घुस जाता है जिससे कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वार्डवासियों ने बताया है कि सरपंच द्वारा एक वर्ष पूर्व ये मोहल्ले में आकर ये कहा गया था कि छट सड़क निर्माण हेतु ऊस बना दी गई है और 15 दिन के अंदर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और एक महीने के अंदर छट सड़क का कार्य पूर्ण हो जाएगा,लेकिन हकीकत ये है कि १ वर्ष बीत जाने के बाद भी छट सड़क का कोई अता पता नहीं है..मोहल्लेवासियों ने कहा कि पंचायत चुनाव के समय भी सरपंच द्वारा ये कहा गया था कि मैं वादा करता हु चुनाव जीतते की छट सड़क बनाने का कार्य प्राथमिकता से करूंगा लेकिन वर्तमान समय तक ग्रामवासियों को सुध लेने तक नहीं आते है। इस प्रकार को गंभीर समस्या से जूझ रहे मोहल्लेवासी विकास की उम्मीद लगाए बैठे है।

---

### कपड़े सुखा रही महिला से छेड़खानी पर आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**नीमच।** करीब नौ वर्ष पुराने 2017 के एक प्रकरण में न्यायालय ने महिला के सामने अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अर्थदंड की राशि में से एक हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के भी आदेश दिए हैं। प्रकरण की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विशाल खाड़े की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी विनय पिता वरदीचंद, निवासी नीमच को भारतीय दंड संहिता की धारा 509 के तहत दोषी पाते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार, 28 जुलाई 2017 की सुबह करीब 10 बजे थाना नीमच कैंट क्षेत्र में पीड़िता अपने घर की बालकनी में कपड़े सुखा रही थी।

इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और उसके सामने कपड़े उतारकर अश्लील हरकत करने लगा। घबराई महिला तुरंत कमरे में चली गई और फोन पर अपने पति को घटना की जानकारी दी। पति के घर पहुंचने के बाद दोनों ने थाना नीमच कैंट में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पीड़िता सहित महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज कराए। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी का अपराध संदेह से परे प्रमाणित मानते हुए उसे दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

---

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला बैठक में संगठन ऐप के माध्यम से डिजिटल लर्निंग पर जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

भाजपा महिला मोर्चा की भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई जिला स्तरीय बैठक संगठन ऐप के माध्यम से डिजिटल लर्निंग और कार्यकर्ताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी शिवानी अडसपुरकर ने कहा कि डिजिटल लर्निंग के जरिए हर कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और कार्यपद्धति को आसानी से समझ सकता है। उन्होंने सभी से ऐप पर उपलब्ध कोर्स पूरे कर डिजिटल सर्टिफिकेट हासिल करने का आग्रह किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि यह तकनीक आधारित प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं की दक्षता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है, इसलिए सभी पदाधिकारी समय पर अपनी लर्निंग पूरी करें।



इस अवसर पर ''एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महिला जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

बैठक के मंच पर पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुषमा आर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला मंत्री सुशील राठौर, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला और पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रीति रोखले ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुवासरा विधानसभा प्रभारी दुर्गा सिसौदिया द्वारा किया गया।

---

# ब्लॉक कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में आगामी चुनावों को लेकर बनी रणनीति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक मांगलिक भवन में हुई बैठक में जिला कांग्रेस के नव नियुक्त जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान भी किया गया।बैठक के बाद अयोध्या में राममंदिर से मोदी सरकार की मिलीभगत कर चंदा चोरी को लेकर आक्रोशित कांग्रेसजनों ने विधानसभा प्रत्याशी रहे,प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम सिसोदिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी कर नगर परिषद के पास मोदी सरकार का पुतला फूंका।



इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार में आज किसान, गरीब, मजदूर, व्यापारी के साथ ही सर्वहारा वर्ग परेशान एवं दुःखी है महंगाई चरम पर है किसानों को खाद,बीज नही मिल रहा है डीजल पेट्रोल की समस्या लगातार बनी हुई है लेकिन कोई सुनने वाला नही है।भाजपा की नाकामियों को हमे जन जन तक पहुचाना होगा।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि जनता भाजपा के इस कुशासन से तंग आचुकी है और वह देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का मानस बना चुकी है।आने वाले नगरनिकाय, पंचायती राज, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपना परचम लहरायेगी हमारी पंचायत कमेटियां, मंडलम कमेटियों के साथ ही नगर कांग्रेस की कमेटिया चुनाव में मिल का पत्थर साबित होगी,हमे अभी से एकजुट होकर आगामी चुनावों की तैयारी में जुटना होगा।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

---

# पुलिस ने चोरी गया 8 लाख 60 हजार का ट्रैक्टर किया बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई तत्पर कार्रवाई से थाना मनासा पुलिस को 30 घण्टे के भीतर चोरी गया 8 लाख 60 हजार रुपये का ट्रैक्टर किया बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है द्य वहीं घटना कौन जाम देने वाला एक आरोपी गिरफ्तार किया है द्य

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा श्रीमति शावेरा अंसारी के मार्गदर्शन में, मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम मनासा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राहुल पिता कमल सिंगार जाति भील उम्र २० साल निवासी बईडा तह. किशनगढ



थाना पाटन जिला बासवाड़ा राजस्थान हा, मु भाटखेड़ी बुजुर्ग थाना मनासा को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया है। जिसमे लाल रंग का महेन्द्रा कम्पनी का युवो टेक प्लस 575 ट्रैक्टर मय सीडील (कीमती करीबन 8 लाख 60 हजार रुपये) शत-प्रतिशत बरामद किया गया।

सराहनीय कार्य उक्त सराहनीय एवं त्वरित कार्रवाई में विवेचक श्री निलेश अवस्थी थाना प्रभारी मनासा, उप निरीक्षक तेजसिंह सिसोदिया, सउनि दिलीप कुमार कलमोदीया, प्र आर नेरन्द्र मालवीय आर ईश्वर चौहान आर पंकिश मोगिया, आर विनोद भाटी की मुख्य व सराहनीय भूमिका रही। जिला नीमच श्री राजेश व्यास के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमति हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा श्रीमति शावेरा अंसारी के मार्गदर्शन में, संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनासा श्री निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा ट्रैक्टर ढूंढ निकालने में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है।

पूछताछ में आरोपी द्वारा उक्त ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया है। बरामदगी- लाल रंग का महेन्द्रा कम्पनी का युवो टेक प्लस 575 ट्रैक्टर मय सीडील (कीमत करीबन 8 लाख 60 हजार रुपये) शत-प्रतिशत बरामद किया गया।

---

## न्यूज कालम



### पूजन अर्चना कर लायंस क्लब के नए सत्र की हुई शुरूआत

**जावरा ।** लायंस क्लब के सत्र 2026-27 की नवीन टीम अध्यक्ष सुधीर जैन (एडवोकेट) द्वारा लायंस नेत्र चिकित्सालय स्थित गणेश मंदिर पर वन्दन व पूजन कर सत्र की शुरूआत की। लायंस क्लब सचिव संदीप रांका ने बताया की प्रथम सेवा कार्य के रूप में डॉक्टर्स डे व चार्टर एकाउन्ट डे के अवसर पर लायंस परिवार के चिकित्सक डॉ.एच.एस.राठौर,डॉ. दिलीप शाकल्य, डॉ.शैलेन्द्र पाण्डेय, डॉ. हेमंत सिसोदिया व नेत्र चिकित्सालय में सेवाएं प्रदान कर रहे डॉ.एन.के.वर्मा व डॉ. यश हाड़ा व चार्टड एकाउन्टेड पार्थ शर्मा,नियुष चोपडा,हर्षित चोरडिया,अक्षिता चोपडा, अर्पण चपड़ोद का सम्मान किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष जैन, विपिन चोरडिया व संजय गोधा का लायंस साथियों द्वारा स्वागत किया गया,, रीजन चेयरमेन डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, झोन चेयरमेन यश जैन व प्रदीप शर्मा, रमेश मेहता,रजनीकांत शाह,राकेश एम. कोच्छ्रा, विजय पामेचा, अशोक सेठिया, हरिनारायण अरोड़ा,पवन मोदी, अनिल धारीवाल, अरुण संघवी, गोपाल सेठिया,सजी वर्गीस, अनिल काला, अजय सकलेचा, , नितिराज सिंह, महेन्द्र गंगवाल, अनूप शर्मा, अशोक चोपडा,राजकुमार मारवाड़ी, पंकज काठेड, लक्की सोनी, विजय राठौर, शरद डूंगरवाल, संदीप दसेड़ा, अजय चौरसिया, मनीष कोचर उपस्थित थे, ।

### डॉक्टर्स डे पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने किया सम्मान



**जावरा ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने डॉक्टर्स डे पर नगर के चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित कर इन्हें सम्मानित किया। सोसाइटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया ने बताया कि डॉक्टर अतुल मंडवारिया, डॉ अनिमेष सिंघाई, डॉ फैजान उस्मानी ,डॉ राज डांगी, डॉ आई एल चंदेलकर ,डॉ अरुण चंदेलकर, डॉ हेमंत तोलानी, डॉ रौनक कोच्छा, डॉ पल्लवी चंदेलकर, डॉ वर्षा तोलानी, डॉ अंतिमा जैन, डॉ राकेश जैन ,डॉ घनश्याम पाटीदार ,डॉ अजय सिंह राठौर ,डॉ अरुण गुप्ता, डॉक्टर एन के वर्मा ,डॉ दिलीप शाकल्य ,डॉ शुभम पांडे, डॉ रवि पाटीदार ,डॉ संदीप जाट आदि का पुष्पमाला एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रदीप दसेडा धर्मेंद्र सिंह तोमर, गगन श्रीमाल ,नरेश मारवाड़ी, राजेश संघवी ,नंदकिशोर मंदलीया, मुकेश भाटी, शिवेंद्र माथुर एवं भूपेंद्र सारडा उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं की प्रत्येक 3 माह में जांच करवाई जाएं -कलेक्टर



**मन्दसौर।** जिला पोषण एवं जिला स्वास्थ्य समिति की संयुक्त बैठक गुरुवार को कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं की प्रत्येक 3 माह में चिकित्सा अधिकारी से ही जांच करवाई जाएं। प्रत्येक 2, 9, 16 एवं 25 तारीख को जांच करवाएं। सार्थक एप्प से उपस्थिती लगाएं। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये की मंदसौर जिले की समस्त आंगनवाडी केन्द्रों पर शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित रहे और आंगनवाड़ी मुलेंगे की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर एवं संपर्क पर आवश्यक रूप से दर्ज की जाएं। समस्त ब्लॉक पर टीबी कैम्प लगाएं जाने एवं अधिक से अधिक व्यक्तियों की जांच करें। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या, सीएमएचओ डॉ. गोविन्दसिंह चौहान, जिला समन्वयक, जिला परियोजना सहायक, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर,परियोजना अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता हेतु मंदसौर से 12 खिलाड़ी रवाना



**मन्दसौर।** राज्य स्तरीय जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता अशोकनगर में होगी इसमें बालक/ बालिका टीम में मंदसौर जिला सैपक टकरा एसोसिएशन के खिलाड़ी बालिका टीम में राधिका राठौर ,लक्षिता भंडारी ,पलक धाकड़ ,सारा वाल्टर ,बेवी राठौर एवं बालक वर्ग में नवीन पारासिया, चंद्रपाल विश्वकर्मा, मोहित राठौड़, पीयूष धाकड़ ,जयदीप सिंह, धीरज टेलर, अरविन्द धाकड का चयन हुआ है, यह सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे मन्दसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे । टीम ने अशोक नगर के लिये प्रस्थान किया टीम के जाने से रेल्वे स्टेशन पर पूर्व जिला सैपक टकरा एसोसिएशन मन्दसौर के अध्यक्ष सुमित सेन द्वारा खिलाड़ियों को कीट वितरित की और सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, यह जानकारी जिला सेपक टकरा एसोसिएशन के सचिव एम्ब्रोज वाल्टर और कोच हेमंत सेन ने दी।



## कय्यूम नागौरी ने आल इंडिया मोटर्स ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की बैठक में भाग लिया

**महिदपुर।** आल इंडिया मोटर्स ट्रांसपोर्ट कांग्रेस दिल्ली अध्यक्ष हरीश सभरवाल द्वारा वार्षिक बैठक इन्दौर में सियाजी होटल में परिवहन मंथन 2026 रखी गई। बैठक में आल इंडिया के सदस्यों ने भाग लिया। कय्यूम नागौरी अध्यक्ष महिदपुर ट्रक आपरेटर यातायात सोसायटी महिदपुर ने सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होकर ट्रक ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित समस्याओं एवं समाधान के सुझाव रखे गये। अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने बैठक को ऐतिहासिक बताया। इन्दौर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष चम्पालाल मुकाती ने 10 दस सुत्रीय ऐजण्डा प्रस्तुत किया जिस पर उपस्थित सदस्यों ने स्वीकृति देते हुए अन्य सुझाव को सम्मिलित करने की स्वीकृति दी।

## 38 साल का कार्यालय पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित



**तराना।** बैंक ऑफ इंडिया में मंगलवार को बैंक कर्मचारी मोहन परमार की सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में में मोहन परमार ने कहा कि यह 38 साल का बैंक का सफर सभी के सहयोग से अच्छा रहा।बैंक में ग्राहकों से अच्छे से बात करे ईमानदारी से अपना काम करे। अंत मे मेरे सभी साथ कर्मचारी,अधिकारी आदि का आभार व्यक्त करता हूँ। शाखा प्रबंधक वेदांत चौधरी ने कहा कि मोहन परमार का ग्राहकों से व्यवहार काफी अच्छा रहा है वह बैंक के सभी कार्यों में आगे रहते थे साथ ही उनका सहयोग भी एवं उनका अनुभव बैंक के सभी कार्यों में मिला। इस दौरान स्टाफ द्वारा परमार का संम्मान किया गया। इस दौरान नीलेश पांचाल, जोगेन्द्र राठौर,शिवानी शेखावत,काजल शर्मा,जितेंद्र राठौर, मनोहर चौधरी,हर्ष श्रीवास्तव,रघुवीर सिंह चावड़ा, बैंक स्टाफ,नागरिकगण परिजन आदि शामिल हुए।

## नगर परिषद सीएमओ मेहता का सम्मान



**तराना।** उज्जैन में आयोजित जल गंगा संवर्धन के समापन के अवसर पर तराना नगर परिषद सराहनीय कार्य करने का प्रमाण पत्र। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशाा अनुसार जल गंगा संवर्धन के समापन के अवसर पर जल गंगा संवर्धन को महा अभियान के रूप में चलाया गया। जिसमें तराना को सराहनीय कार्य करने पर प्रमाण पत्र दिया गया जो कि मध्य प्रदेश सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग के मंत्री चेतन कश्यप द्वारा नगर परिषद तराना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र कुमार मेहता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया किया गया। उक्त कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला पंचायत अध्यक्ष, कमला कुमार देवड़ा, उपाध्यक्ष शिवानी कुमार सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य ओम राजोरिया , वह जिला पंचायत के सभी सम्मानित सदस्य वह अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल द्वारा दीक्षांत समारोह में शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई




**कालीसिंध।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के षष्ठम दीक्षांत समारोह का आयोजन कालिदास अकादमी के संकुल हाल में गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। जिसमें महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मंगूभाई पटेल द्वारा दिनेश कुमार शर्मा उज्जैन सहित अन्य शोधार्थी साथियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

उक्त सम्मान समारोह में अतिथि के रुप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, राज्य सभा सांसद उमेशनाथ महाराज, उज्जैन -आलोट क्षेत्र सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन (कालूहेड़ा), पाणिनि विश्व विद्यालय के कुलगुरु शिवशंकर मिश्र, कुलसचिव दिलीप सोनी, शोध विभाग प्रभारी पूजा मनमोहन उपाध्याय, विभागाध्यक्ष परोहा, ज्योतिर्विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं शोध निर्देशक शुभम शर्मा, ज्योतिष विभागाध्यक्ष उपेंद्र भार्गव एवं समस्त संकायाध्यक्ष शिक्षाविद, गणमान्य नागरिक अभिभावक की उपस्थिति में महामहिम राज्यपाल के द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डा. शर्मा पूर्व में भी सम्मानित हो चुके है - 30 जून 2016 मेल/एक्सप्रेस ट्रेन मैनेजर के पद से रेलवे से सेवानिवृत्ति 2017 में एम ए ज्योतिर विज्ञान एडमिशन, 2018 में एम ए गोल्ड मेडल से पास तत्कालीन राज्यपाल टंडन द्वारा प्रदत्त, 2019 में पी एच डी हेतु नामित, 30 जून 2026 के षष्ठ दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा पीएचडी उपाधि प्रदान की गई।

### ट्रैक्टर बने चित्र वाले 5 रु के नोट के बदले आरोपी ने दिया था 17 लाख रु दिलाने का लालच

# साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर 3.24 लाख नगद व दो मोबाइल बरामद

- आरोपी ने कुल 3.65 लाख खातों में किए ट्रांसफर
- आत्महत्या करने जा रहे फरियादी की ग्रामीण ने बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।




मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक अभियान 2.0 के अंतर्गत साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के नेतृत्व में एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के निर्देशन में थाना ब्यावरा शहर पुलिस एवं साइबर टीम ने साइबर ठगी के प्रकरण का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 लाख 24 हजार रु नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

फरियादी अनिल पिता देवीसिंह राजपूत निवासी ग्राम आलमपुर तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ के पास 5 रु का एक विशेष नोट था, जिस पर ट्रैक्टर का चित्र बना हुआ था। आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर उक्त नोट के बदले 17 लाख रु दिलाने का लालच दिया। आरोपी ने स्वयं को विश्वसनीय बताकर फरियादी को अपने विश्वास में लिया तथा विभिन्न बहानों से उसके बैंक खातों एवं डिजिटल माध्यमों से अलग-अलग किश्तों में कुल 3 लाख 65 हजार रु अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। जब फरियादी को यह एहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हो चुकी है और उसकी पूरी जमा पूंजी चली गई, तो वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया तथा आत्महत्या करने के उद्देश्य से घटनास्थल तक पहुंच गया। इसी दौरान ग्राम आलमपुर निवासी बलवंत सिंह सौंधिया ने समय रहते उसे समझाया, आत्महत्या जैसा कदम उठाने से रोका तथा उसे अपने साथ थाना ब्यावरा शहर लेकर पहुंचे, जहां फरियादी ने पूरी घटना पुलिस को बताई।

उधर बलवंत सिंह सौंधिया की मानवीय संवेदन शीलता एवं सराहनीय पहल के कारण एक व्यक्ति फरियादी की जान बच सकी। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### आरोपी जुबेर खान राजस्थान से गिरफ्तार

पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। फरियादी की शिकायत पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित की। टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल ट्रांजेक्शन, स्थानीय सूचना तंत्र एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए तथा उसके कब्जे से नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए । आरोपी जुबेर खान पिता सुभान खान 28 वर्ष निवासी ग्राम मटोरे थाना खैरथल जिला खैरथल-तिजारा राजस्थान को गिरफ्तार कर आरोपी से 3,24,000 नगद दो मोबाइल फोन बरामद किए उक्त मोबाइल फोनों का फॉरेंसिक परीक्षण कराया जा रहा तथा साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों एवं नेटवर्क की जांच जारी है।

### शेख-पठान मुस्लिम कमेटी का गठन, रक्तदान अभियान का लिया संकल्प

## जाहिद पठान बने सदर व वासिल शेख व इरशाद खान को मिली नायब सदर की जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी



सामाजिक एकता, भाईचारे और जनसेवा को नई दिशा देने के उद्देश्य से मंगलवार शाम तालाब की पाल रोड स्थित मांगलिक भवन में शेख-पठान मुस्लिम कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं जिम्मेदार साथियों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी घोषित की गई। हाजी जाहिद पठान को कमेटी का सदर, वासिल शेख एवं पत्रकार इरशाद खान को नायब सदर चुना गया। घोषणा होते ही उपस्थित मक्सी जामा मस्जिद मुफ्ती मुजम्मिल,डॉ. कैस खान,शानू पठान, आदिल खान,हकीम पठान,मंसूर पठान,साबिर पठान ,मोहसिन पठान एवं समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सभी पदाधिकारियों का हार-फूल पहनाकर एवं इत्र लगाकर भव्य स्वागत किया।कमेटी में पत्रकार निजाम शेख को महा सचिव, इलियास अली एवं आरिफ बेग (भोला) को सह सचिव, सलमान पठान को खजांची तथा हामिल खान (बावड़ी) को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं डॉ. आरिफ खान, जाकिर पठान (साइकिल वाले), भूरू पठान (गढ़रोली), शालू पठान तथा अफजल पठान (बावड़ी) को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में समाज की एकजुटता, शिक्षा, युवाओं की भागीदारी, सामाजिक सहयोग और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने पर विस्तृत चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि कमेटी समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्थान के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएगी तथा जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

### मिलन रक्तदान अभियान बनेगा कमेटी की पहचान

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण विषय रक्तदान रहा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कमेटी की पहली प्राथमिकता जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना होगी। इसके लिए मिलन रक्तदान अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत समय-समय पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही समाज के युवाओं का एक सक्रिय रक्तदाता समूह तैयार किया जाएगा, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी भी जरूरतमंद को तत्काल रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक युवाओं से इस सेवा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।



## देश की संस्कृति को बचाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य- प्रसन्न सागर

**बड़नगर।** धर्म से आशय प्रत्येक मनुष्य के कर्तव्य से है। हम जिस जाति ,समाज, कुल ,परिवार और देश में जन्मे हैं उसके मूल स्वरूप को बचाते हुए उसका गौरव बढ़ाए यही मुख्य धर्म है, कर्तव्य है। हमें अपने माता-पिता साधु-संत और परंपराओं का आदर करते हुए सनमार्ग पर चलते हुए अपने जीवन व देश के गौरव को बढ़ाना चाहिए, यही सच्चा धर्म और कर्तव्य है। उक्त मंगल आशीष साधना महोदधि, तपाचार्य , अन्तर्मना गुरुदेव आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर महाराज ने जेजीआई ग्रुप बैंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल, बड़नगर (ढोलाना )में प्रदान किए। पूज्य श्री राजस्थान ,गुजरात आदि प्रान्तों से विहार करते हुए प्रसिद्ध जैन तीर्थ पुष्प गिरीजी में चातुर्मास हेतु प्रस्थान करने के अवसर पर रात्रि विश्राम हेतु विद्यालय पधारे। इस अवसर पर संस्था निदेशक अंकित वोहरा ने संतश्री के पाद प्रक्षालन कर पदरावनी की । पश्चाद संध्या समय पूज्य श्री द्वारा गुरु वंदना,भक्ति, भक्तामर पाठ एवं आरतीके अलोकिक सोपान को पूर्ण करने के साथ उपस्थित सभी श्रावकवृन्द को गुरु आशीष प्रदान करते हुए प्रवचन भी दिए ।

## सूचना के अधिकार के तहत मांगी जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई

**टोंक खुर्द।** नगर परिषद टोंक खुर्द में आवेदक छीतू पटेल वार्ड नंबर 10 नगर टोंक खुर्द द्वारा वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2026 तक की नगर में संपूर्ण 15 वार्डों की प्रधानमंत्री आवास कुटीर स्वीकृत हुई है सील मुहर हस्ताक्षरित सूची उपलब्ध करवाई जाने को लेकर 15 मई 2026 को नगर परिषद में सूचना के अधिकार अधिनियम धारा 6-1 के अंतर्गत सूचना के अधिकार प्रारूप आवेदक छीतू पटेल ने आवेदन दर्ज किया गया था चाही गई एवं मांगी गई जानकारी उपलब्ध समय सीमा में नगर परिषद विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई। इस संबंध मे आवेदक छीतू पटेल द्वारा नगरीय जिला परियोजना अधिकारी देवास को प्रथम अपील प्रस्तुत की गई।

## किसान कांग्रेस में मेहफूज अली प्रदेश महासचिव नियुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ एवं सक्रिय नेता, पूर्व किसान कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष मेहफूज अली को मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों तथा उनके समर्थकों में हर्ष का वातावरण है। मेहफूज अली लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए किसानों की समस्याओं, उनके अधिकारों तथा जनहित के मुद्दों को निरंतर मजबूती से उठाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रिय कार्यशैली, संघर्षशील व्यक्तित्व और किसानों के हितों के लिए किए गए समर्पित प्रयासों को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अली की नियुक्ति पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष एवं तराना विधायक महेश परमार, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, चेतन यादव नागदा, ज़िला ग्रामीण कांग्रेस सचिव जीवन मालवीय सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समाजजनों एवं ईष्ट मित्रों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि मेहफूज अली के अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और किसानों के बीच मजबूत पकड़ का लाभ प्रदेश किसान कांग्रेस को मिलेगा।

## कृषि विभाग के अग्निहोत्री का सम्मान समारोह विदाई के साथ सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (एस.डी.ओ.) उदय अग्निहोत्री के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह आत्मीयता, सम्मान और भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, राज्य कर्मचारी संघ, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने उनके दीर्घ, निष्कलंक एवं किसान हितैषी सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।

समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बड़नगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धनलाल मालवीय रहे। विशिष्ट अतिथियों में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गोकुल वर्मा, पूर्व अधिकारी मूलचन्द काग, जितेंद्र सोलंकी एवं हेमलता अग्निहोत्री उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यों तथा परिवारजनों ने भी अग्निहोत्री का पुष्पहार, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

अपने सम्मान के पश्चात दिए गए उद्बोधन में उदयअग्निहोत्री ने भावुक होते हुए कहा कि बड़नगर की यह धरती उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि परिवार रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में सामान्यतः तीन वर्ष में स्थानांतरण का नियम है, लेकिन उन्हें इसी क्षेत्र में लगातार 37 वर्षों तक सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यदि नियम के अनुसार स्थानांतरण होते रहते, तो उन्हें जीवन में 12 से 13 स्थानों पर जाना पड़ता और कभी स्थायित्व का अनुभव नहीं हो पाता।




उन्होंने कहा कि उन्हें यह सौभाग्य यहां के किसानों, जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, सहकर्मियों और आम नागरिकों के स्नेह, विश्वास एवं सहयोग के कारण मिला। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में कार्य का दायित्व अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है। किसानों की अपेक्षाएँ, योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रशासनिक जिम्मेदारियाँ तथा लगातार बढ़ता कार्यभार और मानसिक दबाव सेवा का अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें कभी इन चुनौतियों का बोझ महसूस नहीं हुआ, क्योंकि प्रत्येक कदम पर साथियों और समाज का भरपूर सहयोग मिलता रहा।

### सहयोगियों का व्यवहार और विश्वास ने मिली सदैव नई ऊर्जा- अग्निहोत्री

अग्निहोत्री ने कहा कि उनके विभागीय सहयोगियों, अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा क्षेत्रवासियों के आत्मीय व्यवहार और विश्वास ने उन्हें सदैव नई ऊर्जा प्रदान की। इसी सहयोग के बल पर वे अपने समस्त दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए आज संतोष के साथ अपनी सेवायात्रा पूर्ण कर सके हैं। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, मित्रों, किसानों और परिवारजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बड़नगर का स्नेह और अपनापन उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन चेतन पटेल तथा आभार चंदन पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रमेश भैया दांगी,अखिलेश पाठक, कन्हैयालाल वर्फा, देवीदास मूलचंदानी, प्रेम कुमार खींची, अरविंद राधेश्याम व्यास, कविश अग्निहोत्री, संदीप , दुबे जी, श्रीमती हंसा अरविंद व्यास, श्रीमती सलोनी अग्निहोत्री, मृदुल राज व्यास, कृष्णि व्यास सहित बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## लोकल ट्रेन हत्याकांड के विरोध में उतरे लोहार समाज ने ज्ञापन सौंपा

**बड़नगर।** विगत दिनों ट्रेन में यात्रा के दौरान विरार (महाराष्ट्र) निवासी मयंक लोहार की बेरहमी से की गई हत्या के विरोध में स्थानीय लोहार समाज में भारी आक्रोश है। आरोपी रोशन सुवर्ण को कठोर से कठोर दंड दिलाने और पीड़ित परिवार को न्याय देने की मांग को लेकर बड़नगर के लोहार समाज ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। लोहार समाज के बड़नगर अध्यक्ष अमर लोहार ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मयंक पिता रमेश लोहार, निवासी अमरनाथ बिल्डिंग, जीवनदायनी रोड, विरार, महाराष्ट्र) गत 23 जून की रात को लोकल ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन का दरवाजा खुला या बंद रखने की बात को लेकर सह-यात्री रोशन सुवर्ण से उनका विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ी कि आरोपी रोशन सुवर्ण ने चाकू से मयंक पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे मयंक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। ज्ञापन का वाचन रवि पांचाल ने किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल लोहार, मनीष लोहार, त्रिलोक लोहार, भूपेन्द्र लोहार, महेश पांचाल, हनी पांचाल, शंभुलाल, कुलदीप लोहार, अमृतलाल व कालूराम, योगीराज, विजय पांचाल, रवि पांचाल, मोहित पांचाल, कुलदीप पांचाल, पांचाल समाज के अध्यक्ष अनिल पांचाल और जितेन्द्र पांचाल सहित बड़ी संख्या में लोहार एवं पांचाल समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## डाक्टर्स डे और सीए डे पर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित




**खाचरौद।** उडान पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल खाचरोद में डाक्टर्स डे और सीए डे पर नगर के प्रमुख चिकित्सक डा . सौरभ कटारिया , डा . फुरकान अली हाशमी ,सीए पुलकित केराफ एवं सीए नीहारिका बाफना का सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने ओजस्वी उदबोधन में छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी । उपस्थित डाक्टर्स और सीए गण को विद्यालय परिवार द्वारा अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मानित किया तथा अभिनन्दन पत्र के माध्यम से डाक्टर्स और सीए की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।विद्यालय संचालक संजय बाफना और अभिषेक जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। अभिनन्दन पत्रों का वाचन राजश्री राजावत,मिशा कपूर, निशि शर्मा और स्नेहा वाघ ने किया।कार्यक्रम का संचालन मुगीस कुरैशी ने तथा आभार प्रदर्शन अर्पित जैन ने किया।

## एक्सीलेंस स्कूल में विद्यार्थियों ने ली साइबर सुरक्षा की शपथ



**सुसनेर।** थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को एक्सीलेंस स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 300 विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को सायबर शपथ दिलाई गई तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अक्षय बेस ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों से सतर्क रहने, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी और पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे।

## चार माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने के कारण वृद्ध लोग परेशान



**टोंक खुर्द।** शासन की योजना से वृद्धा पेंशन लागू की गई वृद्ध लोगों को बुढ़ापे का सहारा लेकिन चार माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने के कारण वृद्ध लोग परेशान हो चुके हैं।उनका गुजारा पेट पालन मे बड़ी कठिनाई का सामना भुगतना पड़ रहा है।उक्त वृद्धा पेंशन की राशि उनके बैंक अकाउंट खातो में नहीं आ रही है इससे परेशान हो चुके हैं। एक दूसरे वृद्ध व्यक्ति चौराहा पर बैठकर चर्चा करते हैं कि। पेंशन की राशि नहीं आ रही है बड़ा टेंशन है। एवं बड़ी चिंता का विषय बन चुका है। वृद्ध बद्रीलाल चौधरी, हकीम बाबा, छीतू सरकार, दूल्हे सिंह गालोदिया,बाबू चाचा,रजाक शाह आदि बड़ी संख्या, में शासन से मांग की है कि रुकी हुई राशि हमारे बैंक अकाउंट खातो में डाली जाए। इससे हमारा पेट पालन पोषण का गुजारा हो सके एवं राहत मिले।

### सुनीता आहूजा सुलह पर बोलीं- रो-रोकर माफी मांगी

# माफी मांगने के लिए पैरों पर गिर गई थीं कश्मीरा

इन दिनों रियलिटी शो लॉक अप में नजर आ रहीं गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह से हुई सुलह पर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि कश्मीर शाह ने उनके पैरों पर गिरकर माफी माफी मांगी थी, जिसके बाद उनका 15 साल पुराना झगड़ा खत्म हुआ है। इस पर कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा का रिएक्शन भी सामने आया है। लॉक अप शो में सुनीता आहूजा ने भांजे कृष्णा से पैच-अप होने पर को-कंटेस्टेंट माधुरी से कहा, ह्यलाफ्टर शो में उनके राइटर ने जो लिखकर दिया, मैंने वही कहा। शो में मेरा और कृष्णा का 15 साल बाद पैच-अप हुआ। उसके बच्चे 9 साल के हो गए, मैंने देखे नहीं थे, जबकि मैंने उसको (कृष्णा) पाल-पोसकर बड़ा किया है। आगे सुनीता ने कहा, ह्यकश्मीरा एक अच्छी लड़की है। पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी है। मैं भी रोने लगी। 14 साल बाद मैं उन्हें देख रही थी। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और बोल रही थी मुझे माफ कर दीजिए, मुझसे गलती हो गई।

सुनीता का बयान आने के बाद लाफ्टर शो के सेट पर कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा से पूछा गया था कि क्या वो लॉक-अप शो देख रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा, लॉक-अप देखा, बहुत अच्छा शो है, मामी बहुत बढ़िया कर रही हैं। हमारे बारे में भी बात की।






## पांच साल से एग्जिस्ट ही नहीं करते

कुछ समय बाद कश्मीरा ने गोविंदा और सुनीता को लेकर कहा था कि वो दोनों उनकी लाइफ में पिछले पांच साल से एग्जिस्ट ही नहीं करते। कश्मीरा ने ये भी कहा कि वो एक्टर की पत्नी के तौर पर नहीं पहचानी जाती हैं बल्कि उन्होंने अपने दम पर अपना मुकाम हासिल किया है। ये सुनीता कौन है? इसी बीच जब गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता 'द कपिल शर्मा शो' में मेहमान बने तो कृष्णा उस एपिसोड की शूटिंग में नहीं पहुंचे। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि सुनीता ने कह दिया कि वो दोबारा कृष्णा की कभी शक्ल नहीं देखना चाहती हैं।

## लाफ्टर शो में हुई सुलह, पैरों पर गिरे थे कृष्णा अभिषेक

अप्रैल में सुनीता आहूजा, सेलिब्रिटी कुकिंग शो लाफ्टर शेफ के सेट पर पहुंचीं, जहां उन्होंने कृष्णा अभिषेक-कश्मीरा शाह से चल रहे सालों पुराने झगड़े पर विराम लगा दिया। इस दौरान कृष्णा अभिषेक उन्हें दंडवत प्रणाम करते दिखे।

## कश्मीर के बयान के शुरू हुआ था विवाद, जानिए क्या था पूरा मामला?

बीते कई सालों से गोविंदा-सुनीता और कृष्णा-कश्मीरा के बीच मनमुटाव था। हालांकि 2018 में कश्मीरा के एक बयान से ये विवाद सार्वजनिक हो गया। 2018 में गोविंदा का एक शादी में डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस पर बिना नाम लिए कश्मीरा शाह ने लिखा था, कुछ एक्टर्स चंद रुपए के लिए शादियों में नाचते हैं।

## सुनीता ने कश्मीरा को कहा था खराब बहू



कश्मीरा का बयान सामने आने के बाद सुनीता ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं बुरी चीजों पर रिप्लाई नहीं करना चाहती लेकिन मां की तरह देखभाल करने के बावजूद ये लोग इतना खराब बिहेव कर रहे हैं। घर में परेशानियां तब शुरू हुईं जब हम खराब बहू लेकर आए। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती। मेरे पास लाइफ में करने के लिए बहुत काम हैं। मैं अपने पति गोविंदा का काम संभालती हूं। मुझे ऐसी वाहियात चीजों में नहीं पड़ना।

# आमिर खान से भाई फैसल ने माफी मांगी, कहा- मैं अपनी गलती सुधारूंगा

**आमिर** खान और उनके छोटे भाई फैसल में सुलह हो चुकी है। कुछ महीनों पहले ही फैसल ने आमिर और परिवार के खिलाफ कई आरोप लगाते हुए एक बयान दिया था और रिश्ते खत्म कर लिए थे। हालांकि अब फैसल का कहना है कि उन्होंने परिवार से माफी मांग ली है। सभी ने उन्हें माफ कर दोबारा अपना लिया है। इसी बीच फैसल ने आमिर को 5 जुलाई को होने वाली उनकी शादी के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

फैसल खान ने उज्जवल त्रिवेदी को दिए इंटरव्यू में भाई आमिर को मैसेज देते हुए कहा, ह्यमैं आमिर, अम्मी और निखत से बस माफी मांगना चाहता हूं। मुझसे जो गलती हुई है, मैं उसकी माफी मांगता हूं। वो भी सोचें कि उन्होंने क्या गलती की है। वो अपना सुधारें, हम अपना सुधारें, तो अपने आप चीजें सुधर जाएंगी। फैसल ने बातचीत में बताया है कि कुछ समय पहले वो खानदानी जमीनों का ब्योरा लेने गांव गए थे। हालांकि तब उनकी आमिर से बातचीत बंद थी। ऐसे में फैसल ने बहन निखत को कॉल किया और उन्होंने तुरंत कॉल रिसीव कर लिया। बहन ने उन्हें बताया कि मां की तबीयत भी बिगड़ी है और वो उनके बारे में पूछती रहती हैं। ऐसे में फैसल ने उनसे भी बात की और मां की भावुक बातें



सुन वो अगले दिन ही उनसे मिलने पहुंचे और परिवार में सुलह हो गई।

आमिर खान के भाई फैसल खान ने कुछ महीने पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परिवार पर कई तरह के आरोप लगाए थे। उन्होंने ये कहा था कि आमिर और परिवार ने उन्हें एक साल तक एक कमरे में बंद रखा था। हालांकि अब परिवार ने स्टेटमेंट जारी कर साफ किया है कि परिवार ने मेडिकल एक्सपर्ट्स की सलाह पर उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ कदम उठाए थे। बता दें कि फैसल सिजोफ्रेनिया के मरीज रह चुके हैं और उन्हें ये लगने लगा था कि आसपास के लोग उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इसके अलावा स्टेटमेंट में परिवार ने इस निजी मसले को गपशप का टॉपिक बनाने से बचने की विनती की है।

## आमिर को दी शादी की मुबारकबाद

आमिर की शादी पर बात करते हुए फैसल ने कहा, 5 जुलाई को उनकी शादी है। मैं उनको मुबारकबाद देता हूं। वो खुश रहें, यही हमारी दिल से दुआ है। फैसल खान ने अपने पुराने दिए गए बयान पर भी पछतावा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में जो भी उन्होंने कहा, वो उनका गुस्सा था। वो अपने परिवार से कुछ सवालों के जवाब चाहते थे, लेकिन इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के खिलाफ कई बातें कहीं, जो नहीं कहनी चाहिए थीं। फैसल ने कहा कि उस इंटरव्यू के बाद मेरा परिवार बिखर गया। आखिर में फैसल ने कहा, ह्यमेरी दुआ है कि अब हम इससे आगे ही बढ़ते जाएं और हमारी बॉन्डिंग और मजबूत होती जाए। आज से मेरी यही कोशिश रहेगी। फैसल खान को आखिरी बार कन्नड़ फिल्म ओपंदा में देखा गया था। इन दिनों वो अपनी कुछ स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं, जिस पर आगे वो फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें पप्पू हिंदुस्तानी भी शामिल है, जो एक कॉमेडी सस्पेंस फिल्म होगी।





### फुटबॉल वर्ल्डकप- 86वें मिनट तक 0-2 से पीछे था बेल्जियम

# आखिरी चार मिनट में बराबरी सेनेगल से विवादित पेनल्टी में जीता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बेल्जियम ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में गुरुवार को 86वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ने के बावजूद एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल को 3-2 से हराया। अब उसका मुकाबला मेजबान अमेरिका से होगा। अमेरिकी टीम ने बोस्निया-हजेगोविना को 2-0 से हराया।

सिएटल स्टेडियम में बेल्जियम के रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में पहला गोल किया। फिर यूरी टिलेमंस ने 89वें मिनट में बराबरी दिलाई। उन्होंने एक्स्ट्रा टाइम में 125वें मिनट में विवादित पेनल्टी पर विनिंग गोल किया। इससे पहले बेल्जियम ने 2018 वर्ल्ड कप नॉकआउट में जापान के खिलाफ 0-2 से पिछड़कर 3-2 से जीत हासिल की थी।



इधर, सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने 45वें मिनट में गोल किया और हाफ टाइम से पहले टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उन्हें 64वें मिनट में रेड कार्ड दिखया गया। ऐसे में मालिक टिलमैन ने 82वें मिनट में गोल किया।

सेनेगल ने 25वें मिनट में हबीब डियारा के गोल से बढ़त बनाई। 51वें मिनट में इस्माइला सार ने मौसा नियाखाते की लंबी पास को नियंत्रित करते हुए गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह सार का मौजूदा वर्ल्ड कप में चौथा गोल रहा। दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट उतरे रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में गोल कर बेल्जियम की वापसी की शुरूआत की। इसके तीन मिनट बाद कप्तान यूरी टिलेमंस ने बराबरी का गोल दागकर मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

मैच पेनल्टी शूटआउट में जाता दिख रहा था, तभी अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में लैमिन कमारा ने टिलेमंस को बॉक्स के भीतर धक्का दिया। वीडियो रिव्यू के बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। टिलेमंस ने दबाव में शानदार गोल करते हुए बेल्जियम को 3-2 की ऐतिहासिक जीत दिला दी। एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार यह वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे देर से हुआ निर्णायक गोल है।

## अभिषेक सबसे तेज 100 टी-20 छक्के लगाने वाले बैटर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो सका। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। इसके बाद बारिश आई और इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 59 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 68 रन की पारी खेली। वे इंग्लैंड में टी-20 फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने।

अभिषेक शर्मा टी-20 में सबसे कम गेंद में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 4 छक्के लगाए। अभिषेक ने 785 गेंद में 100 छक्के पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ईविन लुईस के 789 गेंद का रिकॉर्ड तोड़ा।

अभिषेक भारत के लिए 100 छक्के लगाने वाले पांचवे भारतीय बने। उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में जगह बनाई। रोहित शर्मा टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके नाम 205 छक्के हैं। इस रिकॉर्ड में सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पंड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) भी शामिल हैं।

## जैकब्स ने 100मी रेस 9.67 सेकेंड में पूरी की

**इटली।** इटली के स्प्रिंटर लैमोंट मार्सेल जैकब्स ने 100 मीटर की रेस 9.67 सेकेंड में पूरी की। जैकब्स ऑस्ट्रियन ओपन में अपने करियर की बेस्ट टाइमिंग हासिल की। उनकी टाइमिंग रिकॉर्ड बुक में दर्ज नहीं हो सकी, क्योंकि रेस के दौरान हवा का बहाव तय सीमा से अधिक था।

## न्यूजीलैंड के बेन सीयर्स विंडीज दौरे से बाहर

एजेंसी ▸▸ न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स टखने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम मैनेजमेंट ने एहतियात के तौर पर उन्हें इलाज के लिए न्यूजीलैंड वापस भेजने का फैसला किया है। उनकी जगह ऑकलैंड एसेस के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार बेन सीयर्स को मई में आयरलैंड के खिलाफ 4 दिवसीय टेस्ट के बाद से टखने में लगातार दर्द था। इंग्लैंड के

## जोकोविच विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 39 साल के सर्बियाई स्टार ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को महज 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया। जोकोविच ने इस मैच को 6-3, 6-4, 6-2 से अपने नाम किया।

लंदन के सेंटर कोर्ट पर डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने भी संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। उन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को हराया और टूर्नामेंट में लगातार 9वां मैच जीता। करीब 2 घंटे 32 मिनट चले मैच को सिनर ने 7-6 (7-4), 7-6 (7-2), 6-4 से जीता। जीत के बाद जोकोविच ने फैंस से बात



करते हुए कहा, 'मुझे 'विंटेज' शब्द पसंद है, यह सुनना अच्छा लगता है क्योंकि यह पुराने बेहतरीन दिनों की याद दिलाता है। जब आप कोर्ट पर इस तरह का खेल दिखाते हैं, तो आपको बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जब मैं विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलता हूं, तो इन पलों को हल्के में नहीं लेता। यह मेरे बचपन के सपनों का टूर्नामेंट था। 30 साल से ज्यादा की उम्र में भी इस कोर्ट पर कदम रखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे लगता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है और यह बात बिल्कुल सच है।'

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**कार ड्रायवर चाहिये**
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
JOMO Jomoride
9179179929, 8602299929

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### डिलीवरी बॉय क्रेडिट कार्ड का कर्ज नहीं चुका पाया तो जहर खाकर दे दी जान

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में एक डिलीवरी बॉय ने कथित तौर पर क्रेडिट कार्ड का कर्ज नहीं चुका पाने के तनाव में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, आजाद नगर क्षेत्र में भी एक 21 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों मामलों की पुलिस जांच कर रही है। चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार व्यास नगर निवासी लखन (25) पुत्र राजू कोटे ने बुधवार को अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर पत्नी ने बड़े भाई करण को सूचना दी, जिसके बाद परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान गुरुवार तड़के करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि लखन पार्सल डिलीवरी के साथ-साथ रेपिडो चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। पिछले कुछ समय से कामकाज ठीक नहीं चल रहा था। आर्थिक तंगी के चलते उसने क्रेडिट कार्ड से कर्ज लिया था, जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। इसी वजह से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था।

### अस्पताल संचालक के 25 लाख लेकर भागा ड्रायवर, पुलिस तलाश में जुटी

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र में एक अस्पताल संचालक के घर से उनका ड्राइवर 25 लाख रुपए नकद और कार की चाबी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निपानिया निवासी मनीष संघवी एबी रोड स्थित एक अस्पताल का संचालन करते हैं। मंगलवार को उन्होंने अस्पताल की करीब 25 लाख रुपए की नकदी अपनी कार में रखी थी, जिसे बैंक में जमा कराने वाले थे। इसी दौरान वे एक जरूरी काम से बाहर चले गए। उनके साथ ड्राइवर दीपक सोलंकी भी था। शाम को ड्राइवर ने कार में डीजल खत्म होने की बात कही। कुछ देर बाद जब मनीष वापस आए तो कार वहीं खड़ी थी, लेकिन दीपक गायब था। उन्होंने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। कार की दूसरी चाबी से लॉक खोलने पर उसमें रखे 25 लाख रुपये भी गायब मिले। काफी तलाश के बाद भी दीपक वापस नहीं लौटा। इसके बाद बुधवार को मनीष ने लसूडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### रात 2 बजे वाहन ने मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**पीथमपुर।** पीथमपुर में महू-नीमच मार्ग पर बीती रात करीब दो बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही गश्त कर रही पुलिस और 112 आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचा। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले गोपाल नामक युवक की मौत हो गई। वहीं, घायल अजय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। मृतक के मित्र विशाल प्रसाद ने बताया कि गोपाल और अजय दोनों पीथमपुर की एक कंपनी में साथ काम करते थे। गोपाल खातेगांव का रहने वाला था, जबकि अजय कोलकाता का निवासी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीथमपुर में सुरक्षित रखा गया है।

### इंजेक्शन लगाने के बाद युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद स्थित गांधी चौक क्षेत्र में उपचार के दौरान एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, मोई वागेली निवासी जैसू पिता दल्ला वसुनिया मंगलवार शाम करीब 4 बजे गांधी चौक स्थित एक क्लीनिक पर हाथ-पैर में दर्द की शिकायत लेकर इलाज कराने पहुंचा था। क्लीनिक पर मौजूद डॉक्टर नीतीश कुमार विश्वास ने उसे इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद युवक क्लीनिक से बाहर निकला और अचानक गिरकर अचेत हो गया। मृतक के भाई रामा ने बताया कि जैसू को केवल सामान्य शारीरिक दर्द था। उनका आरोप है कि डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद ही उसकी हालत बिगड़ी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण घटनास्थल तथा स्थानीय थाने पर जमा हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और भीड़ को नियंत्रित किया।

### पुरानी धर्मशाला की दुकानें ढहाने पर विवाद नगरपालिका ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया

**झाबुआ।** झाबुआ के बस स्टैंड स्थित पुरानी धर्मशाला परिसर की 13 दुकानों को गिराने के फैसले पर नगरपालिका प्रशासन और विपक्षी पार्षदों के बीच विवाद हो गया है। नगरपालिका ने दुकानों को जर्जर बताते हुए दुकानदारों को इन्हें खाली करने का अंतिम 24 घंटे का समय दिया है। प्रशासन का कहना है कि समय-सीमा खत्म होते ही दुकानें ढहाने की एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका प्रशासन ने अंतिम नोटिस जारी कर बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज उज्जैन की स्ट्रक्चरल फिजिबिलिटी रिपोर्ट में धर्मशाला का ढांचा बेहद खतरनाक और जर्जर पाया गया है। व्यस्त बस स्टैंड इलाका होने के कारण यह कभी भी गिर सकता है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। इन दुकानों को प्रशासन ने पहले ही 13 जून की सुबह सील कर दिया था। इस कार्रवाई के विरोध में नेता प्रतिपक्ष धूम सिंह डामोर और वरिष्ठ पार्षद प्रतिनिधि रशीद कुरेशी ने नगरपालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को परिपत्र सौंपा है।

### फिटनेस प्रमाण-पत्र खत्म होने के बावजूद दौड़ रही तीन स्कूल बसों पर 15 हजार का जुर्माना

**आलीराजपुर।** विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने जोबट क्षेत्र में स्कूल बसों की सघन जांच की। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कृतिका मोहटा ने विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान फिटनेस प्रमाण-पत्र खत्म होने के बावजूद चल रही तीन बसों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया गया। जांच के दौरान अंशुल विद्या मंदिर की एक स्कूल बस का फिटनेस प्रमाण-पत्र समाप्त पाया गया। इस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं गायत्री शक्तिपीठ की दो स्कूल बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्र भी एक्सपायर्ड मिले, जिन पर कुल 10 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस तरह फिटनेस नियमों का उल्लंघन करने वाली तीन स्कूल बसों पर कुल 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी मोहटा ने बताया कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी।

### बिना प्रमाणित लेबल और अनुमति के बेच रहा था सोयाबीन बीज, केस दर्ज

**धार।** खरीफ सीजन के बीच बिना लाइसेंस और बिना प्रमाणित लेबल के किसानों को सोयाबीन बीज बेचने के मामले में कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। बीज निरीक्षक की जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद कानवन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। बदनावर विकासखंड के बीज निरीक्षक घनश्याम बग्गड़ ने 27 मई से 27 जून के बीच ग्राम भोईंदा में औचक निरीक्षण किया। जांच में पाया कि राजेंद्र सिंह राजपूत अपने घर से ही बिना वैध अनुज्ञा, बिल और प्रमाणित लेबल के किसानों को सोयाबीन बीज बेच रहा था। मौके पर बीज विक्रय से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं मिले। जांच के दौरान अवैध रूप से रखे गए सोयाबीन बीज जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। बीज निरीक्षक ने जांच प्रतिवेदन और साक्ष्यों सहित शिकायत कानवन थाने में दी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृषि विभाग ने इस खरीफ सीजन में अब तक 746 से अधिक खाद और बीज के नमूने जांच के लिए भेजे हैं, जिनकी रिपोर्ट आना बाकी है। पिछले वर्ष 79 नमूने अमानक पाए जाने पर जिले में 46 खाद एवं बीज विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

आईसीटीएसएल की बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा- हमने पानी की कद्र नहीं की

# इस बार 21 लाख पेड़ लगाएंगे, सभी पेड़ जिंदा रहें, इसकी हम कोशिश करेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर में एक बार फिर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को एआईसीटीएसएल ऑफिस में मीटिंग हुई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मधु वर्मा, विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि और नगर निगम के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के लोग इसमें शामिल हुए। हालांकि इस मीटिंग में महापौर सहित कई विधायक शामिल नहीं हुए।

इधर, मीटिंग के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कैसे हम 21 लाख पेड़ लगा सकते हैं, ये मार्गदर्शन लेने आया था। नगर निगम और सभी शासकीय ऑफिसों से भी सहयोग लेंगे। साथ में एनजीओ के साथ भी चर्चा की है, बाकि सामाजिक संगठन, समाज के साथ बैठेंगे। इस बार 21 लाख पेड़ लगाएंगे और सभी पेड़ जिंदा रहें, इसकी हम कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर में जिन लोगों के मकान की छत करीब 1500 वर्गफीट है, वे 5 से 7 हजार रुपए खर्च कर छत के बारिश के पानी को जमीन में उतारने की व्यवस्था करें। इससे भूजल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था करने वालों को नगर निगम टैक्स में भी छूट देगा। यह पानी भविष्य की पीढ़ियों के काम आएगा। यदि इंदौर को अगले 100 वर्षों तक रहने योग्य बनाना है, तो इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। इसी सोच के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस बार वन विभाग ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। पिछली बार वन विभाग ने सहयोग से हाथ खींच लिया था, लेकिन इस बार विभाग के अधिकारी स्वयं बैठक में आए और पूर्ण सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा, हमने 51 लाख पौधे लगाए। पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना इंदौर की जनता ने अपना दायित्व समझा। हम शहरवासियों के आभारी हैं कि वे ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं।

#### देवगुराड़िया के पास की टेकरी पर लगाए जाएंगे 1 से 2 लाख पेड़

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिस तरह पिछली बार रेवती रेंज में पौधारोपण कर पितृ पर्वत विकसित किया गया था, उसी तरह अब देवगुराड़िया के पास स्थित एक टेकरी को हराभरा बनाया जाएगा। यहां 1 से 2 लाख पेड़ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी कि 5 फीट से बड़े पौधे लगाए जाएं, ताकि उनके जीवित रहने (सर्वाइवल) की संभावना अधिक रहे। उन्होंने कहा कि इंदौर को वृक्षारोपण में देश का नंबर-1 शहर बनाया जाएगा।

#### 5 से 10 फीट ऊंचे पौधों की मांग

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कुछ एनजीओ और औद्योगिक घरानों से उनके सीएसआर के तहत सहयोग मांगा गया है। उनसे 5 से 10 फीट ऊंचे पौधे उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में पेड़ों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, एक समय था जब 100 से 150 फीट पर पानी मिल जाता था, लेकिन आज 700 फीट नीचे जाने पर भी पानी नहीं मिल रहा। इसकी वजह यह है कि हमने पानी की कद्र नहीं की और बारिश का पानी बह जाने दिया। अब आर्टिफिशियल वॉटर रिचार्ज पर गंभीरता से काम करना होगा।

अहीरखेड़ी-काकड़ इलाके में रपटा पार करते समय दो बाइक सवार तेज बहाव में बह गए


# परिवार सहित नाले में गिरी थार, लोगों ने बचाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश में मानसून पूरी तरह एक्टिव है। बुधवार को प्रदेश के उज्जैन, बालाघाट, कटनी, सीहोर, उमरिया, धार और मंडला समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इंदौर और महू में तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए। इंदौर में एक थार परिवार सहित नाले में गिर गई, जबकि दो अलग-अलग हादसों में बाइक और कार तेज बहाव में बह गईं। कई इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं।

इंदौर में बारिश के दौरान एक थार नाले में गिर गई। वाहन में पूरा परिवार सवार था। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के



अहीरखेड़ी-काकड़ इलाके में रपटा पार करते समय दो बाइक सवार तेज बहाव में बह गए। दोनों की उम्र 20 से 22 साल बताई जा रही है। इनमें मनीष को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि महेश तेज बहाव में लापता हो गया। पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर उसकी तलाश में जुटी है।

#### महू में तेज बहाव में बही कार

महू के अंबाचंदन गांव में बुधवार को रपट पार करते समय एक कार नदी के तेज बहाव में बह गई। कार में केवल चालक सवार था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पानी का बहाव बहुत तेज होने के बावजूद चालक ने वाहन निकालने की कोशिश की। इसी दौरान कार का संतुलन बिगड़ गया और वह बहने लगी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से रस्सी बांधकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

#### नाले में बहे युवक का शव मिला

बुधवार शाम से देर रात तक हुई तेज बारिश के दौरान शहर के कई इलाकों में जलभराव और तेज बहाव की स्थिति बन गई। इसी बीच अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों के बहने की घटनाएं सामने आईं। लसूड़िया क्षेत्र में नाले में बहे एक युवक का शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिया गया, जबकि अहीरखेड़ी में बहा युवक अब भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार लसूड़िया मोरी निवासी 34 वर्षीय गोलू पुत्र आत्माराम पंवार बुधवार रात करीब 9 बजे तेज बारिश के बीच अपने पिता के लिए खाना लेकर जा रहा था।

# एनएचआई के पैचवर्क से हाईवे पर लगा भीषण जाम



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर एनएचआई द्वारा किए जा रहे पेचवर्क के दौरान बुधवार शाम को भीषण जाम लग गया। देखते ही देखते भेरू घाट से क्वाली तक करीब 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे।

दोपहर करीब तीन बजे पेचवर्क के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हुई थी, इसी बीच एक वाहन के खराब होने से स्थिति और बिगड़ गई। इसके चलते लेबड़-रतलाम रोड पर भी भारी जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही टीआई महेंद्र मकाश्रे और मानपुर थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मुंबई की ओर से आने वाले वाहनों को दूसरी लेन से धीरे-धीरे निकालकर देर रात तक ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य किया।

100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आया चोर

# शौक पूरे करने के लिए ज्वेलरी शोरूम में की चोरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कनाड़िया इलाके के वैभव नगर स्थित एक ज्वेलरी शोरूम से सोने के आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है। आरोपी ने अपने शौक पूरे करने के लिए पहले रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया।

कनाड़िया पुलिस ने 22 जून 2026 की शाम करीब 5 बजे वैभव नगर स्थित शिवशंकर विजयवर्गीय की चंद्रिका ज्वेलर्स से सोने की चेन और अंगूठियां लेकर फरार होने के मामले में मुन्ना पुत्र बल्ला बारिया, निवासी ग्राम बोराली, जिला बड़वानी, को गिरफ्तार किया है। आरोपी कनाड़िया में किराये के मकान में रह रहा था।

पूछताछ में मुन्ना ने बताया कि वह पढ़ाई के लिए इंदौर आया था। उसने इसी वर्ष ग्रेजुएशन पूरा किया था और नौकरी की तलाश कर रहा था। उसे बाइक और मोबाइल खरीदना था, लेकिन उसके पास रुपए नहीं थे। इसी दौरान उसने इलाके में घूमते हुए देखा कि शिवशंकर विजयवर्गीय अधिकांश समय दुकान पर अकेले रहते हैं। इसके बाद उसने कई दिनों तक रेकी की और सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। आरोपी बाइक से दुकान पहुंचा था और पहचान छिपाने के लिए टोपी व मास्क पहन रखा था। हालांकि, पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनकी मदद से उसकी पहचान हुई।

## बाइक सवार ने पैदल युवक को मारी टक्कर, दोनों की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राऊ थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल सड़क पार कर रहे युवक और तेज रफ्तार बाइक सवार दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसा सेज यूनिवर्सिटी के सामने हुआ। आलीराजपुर जिले के कदावली गांव निवासी 22 वर्षीय नरपत सिंह चौहान शाम को काम खत्म कर घर लौट रहे थे। वह सड़क पार कर रहे थे, तभी राऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 22 वर्षीय आयान पुत्र इमरान खान निवासी सोनवाय भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# राजा रघुवंशी मर्डर केस में मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इस मामले में कल सुनवाई भी हो सकती है।

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की उसकी ही पत्नी सोनम रघुवंशी ने शिलॉन्ग हनीमून पर ले जाकर साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में शिलॉन्ग पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि सोनम सहित कुछ आरोपी जमानत पर बाहर हैं, जबकि कुछ अभी भी जेल में हैं।

सोनम को जमानत मिलने के बाद से राजा रघुवंशी के परिवार में रोष व्याप्त था। वे चाहते हैं कि राजा की हत्या करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। पिछले दिनों सोनम की जमानत रद्द करने के लिए पुलिस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से सोनम की जमानत रद्द नहीं हो सकी थी। इसके बाद अब मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है।



#### विपिन ने कहा- शुक्रवार को सुनवाई

मामले में राजा के भाई विपिन ने पुष्टि करते हुए कहा है कि मेघालय सरकार सोनम की जमानत रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। विपिन ने कहा कि मेघालय सरकार भी नहीं चाहती है कि सोनम जैसी लड़की जमानत पर लंबे समय तक बाहर रहे। इसलिए मेघालय सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची है।

# हत्या के गवाह को कोर्ट में बयान देने के बाद जान से मारने की धमकी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में दो अलग-अलग मामलों में जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए हैं। एक मामले में हत्या के केस के गवाह को कोर्ट में बयान देने के बाद धमकी मिली, जबकि दूसरे मामले में एक महिला वकील को एसिड फेंकने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

रावजी बाजार थाना पुलिस ने गाड़ी अड्डा निवासी करण धीमान की शिकायत पर अर्पित धीमान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार करण सेल्समैन का काम करता है और 1 जनवरी 2025 को हुई अपने दोस्त राज कुशवाह की हत्या के मामले में गवाह है। इस हत्या के मामले में प्रतीक धीमान, शुभम फुलेरिया और रोहन वर्मा आरोपी हैं। करण ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसने जिला न्यायालय में इस मामले में गवाही दी थी। शाम को उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आरोपी प्रतीक धीमान का भाई अर्पित बताया। आरोप है कि उसने करण से कहा कि उसने कोर्ट में उसके भाई के खिलाफ गवाही दी है। करण ने घबराकर कॉल काट दिया, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा कॉल कर उसे और उसके एक अन्य दोस्त को जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही गवाही बदलने का दबाव भी बनाया गया। इसके बाद करण रावजी बाजार थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक ने बाइक स्टार्ट नहीं होने पर उसमें खुद ने आग लगा दी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी ही बाइक में आग लगा दी। बताया जा रहा है कि बाइक स्टार्ट नहीं होने से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया।

परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा के अनुसार घटना मालवा मिल स्थित शराब दुकान के सामने की है। यहां जीवन की फेल निवासी अनिल बामने काम से आया था। उसने शराब खरीदने के बाद घर जाने के लिए बाइक स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक बाइक स्टार्ट नहीं हुई। बाइक स्टार्ट नहीं होने पर अनिल गुस्से



में आ गया। उसने बाइक की पेट्रोल नली निकालकर उसमें आग लगा दी। देखते ही देखते बाइक जलने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाने के बाद युवक को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर आगजनी करने के मामले में अनिल बामने के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच जारी है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com